3 राजधानी
बारिश के पहले झोके ने खोल दी तैयारियों की पोल

6 अभिमत
सुनक को भारतीयों का समर्थन

9 राष्ट्रीय
जुलाई से प्रभाव में आएंगे तीन नए आपराधिक कानून

11 विदेश
अधिकतर लोगों ने ट्रंप को बताया विजयी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 230
नई दिल्ली, शनिवार, 29 जून, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



शेफाली टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाली महिला बनीं
स्पोर्ट्स-12

# गर्मी की मार के बाद दिल्ली-एनसीआर पर बारिश का कहर

## एक ही दिन में 88 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा, बाढ़ जैसी स्थिति-पूरे शहर में रहा जाम





(बाएं से दाएं) नई दिल्ली में आईजीआई एयरपोर्ट पर डिपार्चर टर्मिनल पर कैनोपी गिरने से क्षतिग्रस्त वाहन। प्रगति मैदान टनल में भरा पानी तथा मिंटो ब्रिज अंडरपास में जलजमाव। फोटोः पीटीआई और रंजन डिमरी पायनियर

**राजेश कुमार/सौम्या शुक्ला** ।नई दिल्ली

**कई हफ्तों** तक चिलचिलाती गर्मी की मार झेलने के बाद, राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को भारी बारिश हुई, जिससे एक ही दिन में 88 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और पूरे शहर में भारी ट्रैफिक जाम हो गया। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में शुक्रवार सुबह 8.30 बजे तक 228.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। 1936 के बाद से जून में सबसे अधिक 24 घंटे की बारिश हुई। आईएमडी के आंकड़ों से पता चला कि इसमें से 148.5 मिमी बारिश सुबह 2.30 से 5.30 बजे के बीच सिर्फ तीन घंटे की अवधि में हुई। आईएमडी ने कहा, जून के महीने के दौरान दिल्ली की प्राथमिक वेधशाला, सफदरजंग में 24 घंटों में सबसे अधिक वर्षा 28 जून, 1936 को 235.5 मिमी दर्ज की गई थी। शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे समाप्त 24 घंटों में 228.1 मिमी वर्षा से अधिक है जून में औसत वर्षा 74.1 मिमी से तीन गुना और 1936 के बाद से इस महीने में सबसे अधिक बारिश हुई। 24 जून 1936 को दिल्ली में जून महीने में 235.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। 24 जून, 1933 को 139.7 मिमी बारिश दर्ज की गई थी, जबकि दिल्ली में 30 जून, 1981 को 191.6 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। अधिकारियों ने कहा, वे तब से हर साल 24 घंटे की बारिश के रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं कि क्या यह उसके बाद दूसरा सबसे ज्यादा बारिश है। आईएमडी के आंकड़ों से पता चला है कि पिछले 20 से 30 घंटों में शहर के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग में 228.1 मिमी, लोधी रोड, मौसम भवन में 192.8 मिमी, रिज पर 150.4 मिमी, पालम में 106.6 मिमी और आयानगर में 66.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी, जो एक दिन में 124.5 और 244.4 मिमी के बीच होने वाली बारिश को बहुत भारी बारिश के रूप में परिभाषित करता है, ने बाद में सुबह कहा कि मानसून आ गया है। मूसलाधार बारिश लगभग 3 बजे शुरू हुई ।कई रिहायशी इलाकों में स्थानीय लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए कमर तक पानी से गुजरना पड़ा। शहर के कई इलाकों में जलभराव के कारण बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, जिससे भारी ( शेष पेज 9 )

## आईजीआई पर कैनोपी का हिस्सा गिरने से एक की मौत

**राजेश कुमार**। नई दिल्ली

**शुक्रवार** की सुबह दिल्ली-एनसीआर में आंधी और बिजली के साथ भारी बारिश हुई, जिसके कारण राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, बड़े पैमाने पर यातायात जाम हो गया और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर एक छतरी का एक हिस्सा टूट गया, जिससे एक कैब चालक की मौत हो गई और कम से कम छह अन्य घायल हो गए, कई कारें मलबे में दब गईं। टर्मिनल 1 से सभी उड़ान प्रस्थान अस्थायी रूप से निलंबित कर दिए गए और टर्मिनल -3 पर स्थानांतरित कर दिए गए।

टी-1 पर परिचालन का निलंबन ऐसे समय में हुआ है जब विस्तारित टर्मिनल को लंबे इंतजार के बाद खुलना था। यात्रियों को अब गर्मी की छुट्टियों और चरम यात्रा के आगामी सप्ताहांत में अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और एनसीआर के स्कूल 1 जुलाई से फिर से खुल रहे हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने कहा कि छत गिरने की घटना की जांच के लिए एक तकनीकी समिति गठित की गई है। हादसे के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरपु राममोहन नायडू ने स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से मिलने के लिए सफदरजंग अस्पताल पहुंचे। नायडू ने कहा, हम इस घटना को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। नायडू ने स्पष्ट किया कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन की गई इमारत साइट के दूसरी तरफ है, जबकि ढही हुई इमारत एक पुरानी ( शेष पेज 9 )

# संसद में गूंजा नीट और नेट

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**नीट और** नेट विवाद ने शुक्रवार को संसद को हिलाकर रख दिया, कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने उनकी आवाज को दबाने का आरोप लगाया, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने उल्लेख किया कि सरकार परंपरा के अनुसार और शिष्टाचार बनाए रखते हुए चर्चा के लिए तैयार है।

लोकसभा की कार्यवाही दोपहर से पहले दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई थी, वहीं राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ का भी सदन को चलाने का प्रयास विफल रहा। वेल में आ पहुंचे विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से तीखी नोकझोंक के बाद धनखड़ ने कहा लोकतंत्र के इस मंदिर के लिए यह सबसे खराब बात हो सकती है। इसके पश्चात राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित हो गई। खड़गे ने दावा किया कि उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि सभापति द्वारा उन्हें अपमानित किया जा रहा था और विपक्षी सदस्यों सहित उनकी आवाज को नजरअंदाज कर दिया गया। धनखड़ और अध्यक्ष ओम बिरला और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू दोनों ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान इस मामले पर चर्चा कर सकते हैं। विपक्ष राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश (नीट )से संबंधित मामलों पर चर्चा की अपनी मांग पर अड़ा रहा। जैसे ही कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके पार्टियों के सदस्यों ने वेल में हंगामा किया, रिजिजू ने कहा ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में लोकसभा में बोलते नेता विपक्ष राहुल गांधी।

## हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट ने दी जमानत, जेल से रिहा



**पीटीआई। रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी जिसके बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने सोरेन की जमानत याचिका पर अपना फैसला 13 जून को सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ द्वारा पारित आदेश में कहा गया, ...याचिकाकर्ता को 50,000 रुपए के जमानती मुचलके और इतनी ही राशि की दो प्रतिभूति के साथ जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया ( शेष पेज 9 )

## पेपर लीक में प्रिंसीपल समेत दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा,**नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में शुक्रवार को झारखंड के हजारीबाग में स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है।अधिकारियों ने बताया कि ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए हजारीबाग का नगर समन्वयक बनाया गया था।उन्होंने बताया कि उप-प्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को एनटीए का पर्यवेक्षक और ओएसिस स्कूल का केंद्र समन्वयक नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई पेपर लीक मामले के सिलसिले में जिले के पांच और लोगों से भी पूछताछ कर रही है।उन्होंने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने विस्तृत पूछताछ के बाद हक और आलम को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पेपर लीक मामले में छह प्राथमिकी दर्ज की हैं।

**CMYK PRINTECH LTD,** an established media house invites applications from prospective **Franchisee Partners** for its expansion at 16+locations across **Bharat.**

**PROPOSED LOCATIONS:**
(1) AHMEDABAD
(2) NAGPUR
(3) MUMBAI
(4) PUNE
(5) JAIPUR
(6) BENGALURU
(7) FARIDABAD

**EXISTING LOCATIONS:**
(1) LUCKNOW (UP) ENGLISH & HINDI
(2) DEHRADUN (UTTARAKHAND) ENGLISH
(3) CHANDIGARH (UT) ENGLISH
(4) BHOPAL (MP) ENGLISH
(5) RAIPUR (CHHATTISGARH) ENGLISH & HINDI
(6) RANCHI (JHARKHAND) ENGLISH
(7) BHUBANESHWAR (ODISHA) ENGLISH
(8) VIJAYWADA (AP) ENGLISH
(9) HYDERABAD (TELANGANA) ENGLISH

The offer brings opportunity to be part of a renowned and reputed media group, **The Pioneer** newspaper being published since 1864. Interested parties, with sound financial background and zeal to make a mark for themselves in the exciting media sector are welcome to come onboard and join **The Pioneer's** journey of credible journalism

FOR DETAILS, CONTACT:
CMYK PRINTECH LTD
2ND FLOOR, 5 PRATAP BHAWAN,
BAHADUR SHAH ZAFAR MARG, NEW DELHI-110002
MOB: 98184 78173, 98184 03768
e-mail: rp.cmyk@gmail.com



पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 29 जून, 2024



# एनसीआर में जमकर बरसे बदरा, जगह-जगह जलजमाव

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक बार फिर भरा पानी, नोएडा और गाजियाबाद की सड़के हुई जलमग्न



नोएडा में जलमग्न हुई सड़क, तेज बारिश के कारण कई कारें पानी में डूब गई।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा/ गाजियाबाद

पश्चिमी यूपी में मानसून ने दस्तक दे दी है। गाजियाबाद, नोएडा सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। शुक्रवार सुबह की शुरुआत ही तेज बारिश से हुई है।

बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम सुहावना और ठंडा हो गया है। करीब डेढ़ महीने से भीषण गर्मी और लू का प्रकोप झेल रहे यूपी के लोगों ने राहत की सांस ली है। नोएडा और गाजियाबाद में जलभराव की समस्या भी खड़ी हो गई। सड़कों पर हेडलाइट जलाकर लोग चलते दिखे। हजारों करोड़ रुपए की योजना दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक बार फिर जल भराव की जद में दिखी। सड़कों पर वाहनों के टायर आधे डूबें दिखे।

कुछ दिनों तक ऐसे ही लगातार बारिश होने की संभावना जताई गई है। गाजियाबाद में बारिश से जगह-जगह जलभराव हुआ तो वहीं गौशाला फाटक अंडरपास जलभराव में डूबता दिखा। गली-मुहल्ले, सोसाइटीज में भी



इसी तरह का नजारा दिखा। वसुंधरा इलाके में एक पेड़ टूटकर गाड़ी पर गिरा। हालांकि गाड़ी खाली थी। ग्रेटर नोएडा में भी बारिश की शुरुआत हो गई और इसी के साथ प्राधिकरण की पोल भी खुल गई। सड़कों पर जल भराव हुआ। हर तरफ वॉटर लॉगिंग की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं। सीवर सफाई के लिए हर साल करोड़ों रुपए के टेंडर पास होते हैं लेकिन ये सब कागजों पर ही दिखता है।

गुरुवार को एक दिन पहले ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ अपने अधिकारियों के साथ जायजा लेने बाहर निकले थे और गुरुवार देर रात से हो रही बारिश के चलते कई इलाकों में जलभराव की समस्या देखने को मिल रही है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

माना जा रहा है कि जो दावे और वादे किए गए थे वह सब हवा-हवाई थे और उसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा। नोएडा के महामाया फ्लाईओवर सेक्टर-62, सेक्टर-15 समेत कई इलाकों में लोगों को काफी ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिमी यूपी कुछ दिन पहले तक गर्मी चरम सीमा पर थी हर कोई गर्मी से बेहाल था। किसान भी कब से बारिश की उम्मीद लगाए बैठे थे। बीते दिन से ही रुक रुक बारिश से गाजियाबाद और नोएडा के किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।

# वाटर लॉगिंग पर सीओ नाराज, अधिकारियों की बुलाई इमरजेंसी मीटिंग

- सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर लोगों ने जताई नाराजगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिल्ली-एनसीआर में मानसून की पहली बारिश होते ही सड़के जलमग्न हो गई हैं। खासकर उत्तर प्रदेश के हाईटेक शहर नोएडा में सड़के पानी से भरकर तालाब बन गई।

नोएडा में वाटर लॉगिंग को लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ बेहद नाराज है। उन्होंने वाटर लॉगिंग की समस्या से निपटने के लिए अधिकारियों की शुक्रवार सुबह ही इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। नोएडा में वॉटर लॉगिंग की समस्या से निपटने के लिए नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर लोकेश एम ने सभी वर्क सर्किल इंचार्ज स्वास्थ्य विभाग सिविल जल विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान परीक्षित में होने वाली जल भराव की समस्या के शीघ्र निस्तारण के लिए उन्होंने अधिकारियों को योजना व तरीके से काम करने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया पर कई ऐसी तस्वीरें सुबह से वायरल हो रही है जहां नोएडा की सड़कों पर पानी भरा हुआ है और लोग भारी ट्रैफिक जाम में फंसे हुए हैं। नोएडा के बिशनपुर में भी सुबह बारिश के बाद जल भराव हो गया। सेक्टर-62 सेक्टर-21 ए सेक्टर-57 सेक्टर-70 सेक्टर-72 सेक्टर-26 सेक्टर-30 और अन्य सेक्टर में जल भराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सीवेज प्लांट में तीन कर्मचारियों के डूबने का मामला एनएचआरसी पहुंचा, नोटिस जारी

**पायनियर समचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में हाल में एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में डूबने से तीन कर्मचारियों की मौत के मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है।

आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी बयान के मुताबिक, गौतमबुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा में एक बहुराष्ट्रीय आईटी कम्पनी के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में गत 24 जून को डूबने से तीन कर्मचारियों की मौत के मामले से सम्बन्धित मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लेते हुए आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

रिपोर्ट में, मामले में दर्ज किए गए मुकदमे पर अब तक हुई कार्रवाई की स्थिति, जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के साथ-साथ नियोक्ता और संबंधित अधिकारियों द्वारा मृतक श्रमिकों के परिजनों को प्रदान की गई राहत और पुनर्वास के विषय शामिल करने की अपेक्षा की गई है। आयोग ने पाया है कि समाचार रिपोर्ट की सामग्री अगर सच है, तो यह पीड़ितों के अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। जाहिर है कि अधिकारी सतर्कता और ऐसे खतरनाक कामों की निगरानी का उचित पर्यवेक्षण करने में विफल रहे हैं जिनमें श्रमिकों को ऐसे खतरनाक काम करने के लिए तैनात किया गया था।

बयान में कहा गया है कि आयोग लगातार पर्याप्त और उचित सुरक्षा उपकरणों के बिना खतरनाक सफाई की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की वकालत करता रहा है।

गौरतलब है कि विगत 24 जून को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में काम करते समय डूबने से तीन कर्मचारियों मोहित, हरगोविंद और अंकित की मौत हो गई थी।

# नोएडा पहुंचे मुख्य सचिव, एयरपोर्ट का काम सितंबर तक पूरा करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की साइट का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान एयरपोर्ट के विकासकर्ता ज़्यूरिक एयरपोर्ट की एसपीवी और यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना की प्रगति के बारे में मुख्य सचिव को जानकारी दी।

एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा एटीसी बिल्डिंग के निर्माण का कार्य जारी है। अगस्त तक इस बिल्डिंग को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को एटीसी उपकरण लगाने के लिए सौंप दिया जाएगा।



उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने एयरपोर्ट साइट का जायजा लिया।

एएआई ने बताया कि उपकरणों की स्थापना का कार्य सितंबर तक पूरा हो जाएगा। मुख्य सचिव को जानकारी में बताया गया कि मौजूदा समय में रनवे और एप्रन पर इलेक्ट्रिक लाइट्स का कार्य चल रहा है। रनवे के पास नेविगेशन इक्विपमेंट, ग्लाइड पाथ एंटेना और लोकलाइज़र लगाए जा चुके हैं। जिसके बाद मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि सभी प्रकार के उपकरण, जिन्हें एएआई द्वारा लगाया जाना है, उन्हें सितंबर तक पूरा कर

- निर्माण एजेंसी और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों से कार्य प्रगति की ली जानकारी

लिया जाए। टर्मिनल बिल्डिंग के निरीक्षण के दौरान कंसेशनयर ने बताया कि वर्तमान में फसाड और रूफ का कार्य प्रगति पर है। पियर पर फिनिशिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। ऑटोमेटेड बैगेज हैंडलिंग सिस्टम के इंस्टॉलेशन का कार्य भी प्रगति पर है। कंसेशनयर ने यह भी अवगत कराया कि अब तक 37 मिलियन सेफ वर्क ऑवर का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट का विकास माइलस्टोन के अनुसार समय से सितंबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जाए और किसी भी स्थिति में दिसंबर तक एयरपोर्ट का कॉमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर दिया जाए। निरीक्षण के उपरांत हुई समीक्षा बैठक में ज़ेवर एयरपोर्ट के लिए सीआईएसएफ, सीएनएसएटीएम, सिक्योरिटी और डीजीसीए से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें संबंधित केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया।मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कंसेशनयर सभी विभागों की आवश्यकताओं और प्रचलित नियमों के अनुसार कार्यवाही करें और समस्या का निस्तारण सितंबर तक पूर्ण करें।

## संक्षिप्त समाचार



थाना बीटा-दो पुलिस की गिरफ्त में दो वाहन चोर।

### दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना बीटा- दो पुलिस ने बीती रात को गश्त के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने शिवम पुत्र ओमप्रकाश निवासी बिलासपुर तथा मदन पुत्र जिहान निवासी कासना को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने चोरी की हुई एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। ये लोग चोरी के वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर लोगों को बेच देते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चल रहा है कि एनसीआर में इन्होंने वाहन चोरी के दर्जनों वारदाते की है।

### कार का शीशा तोड़कर लेपटॉप और सामान चोरी

**नोएडा।** थाना फेस- तीन क्षेत्र के सेक्टर 70 में खड़ी दो कारों का शीशा तोड़कर अज्ञात चोरों ने उसमें रखे लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना फेस -3 के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि नरेंद्र सिंह निवासी जनपद आगरा ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर 70 स्थित एक पीजी में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार 26 जून को वह शाम 7 बजे के करीब सेक्टर 70 के गेट नंबर पांच के पास स्थित चाय की दुकान पर चाय पीने गए। उन्होंने अपनी ब्रेजा कार वहीं पर खड़ी कर दी। पीड़ित के अनुसार वहां पर गुलाब शंकर दुबे की भी मारुति सिलेरियो कार खड़ी थी।वह चाय पी रहे थे, इसी बीच अज्ञात चोरों ने दोनों की कारों का शीशा तोड़कर कारो के अंदर रखे लैपटॉप, चार्जर, क्रेडिट कार्ड ,मेट्रो कार्ड आदि चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है

### हवा-हवाई होटल पर मारपीट करने वाले 5 धरे

**गाजियाबाद ।** मसूरी थाने के एसएचओ नरेश कुमार शर्मा की टीम ने पांच ऐसे अभियुक्तों को दबोच लिया जिन्होंने हवा-हवाई होटल पर जहां स्टंटबाजी व हुंड़दंग किया था वहीं कई लोगों से मारपीट भी की थी। यह कहना है एसीपी मसूरी नरेश कुमार सिंह का। श्री सिंह ने बताया कि पांचा अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### दुकान बेचने के नाम पर 65 लाख की ठगी

**नोएडा।** मामूरा गांव में दुकान बेचने के नाम पर चार लोगों ने एक व्यक्ति से लाखों रुपए की ठगी कर ली। जब पीड़ित ने पैसा मांगा तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसका गला दबाया तथा हत्या का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाना दादरी में दर्ज कराई है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सोनू रावल पुत्र धर्म पाल सिंह निवासी ग्राम धूम मानिकपुर ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके परिचित भूपेंद्र ने उनसे बताया कि उनकी जान पहचान श्याम सिंह पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम मामूरा नोएडा से है। उन्होंने कहा कि श्याम सिंह मामूरा गांव में मार्केट में एक व्यवसायिक कंपलेक्स है, जिसमें पहली मंजिल पर 8 और दूसरी मंजिल पर 6 दुकानें बनी हुई है। वह दुकान वह बेचना चाह रहा है। पीड़ित के अनुसार दोनों पक्षों में बातचीत हुई तथा 11 नवंबर वर्ष 2020 को 65 लाख रुपए में सौदा तय हो गया। पीड़ित के अनुसार उसने 54 लाख 30 हजार रुपए आरटीजीएस के माध्यम से तथा 10 लाख 70 हजार रुपए नगद आरोपियों को दे दिए। पीड़ित का आरोप है कि बाद में आरोपियों ने धोखाधड़ी कर उसकी रकम हड़प ली तथा उसे दुकान नहीं बेचा।

# करोड़ों की जमीन को नोएडा प्राधिकरण ने कराया मुक्त

- 4000 वर्गमीटर जमीन पर हो रहा था कब्जा, एक पर बन रही थी बहुमंजिला इमारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माण को लेकर अभियान लगातार जारी है। इस क्रम में 2 स्थानों से अवैध निर्माण को हटाया गया।

दोनों स्थानों पर कुल 4000 वर्गमीटर भूमि को खाली कराया गया। इसकी कीमत करीब 8 करोड़ है। वर्क सर्किल 8 के अन्तर्गत ग्राम-सलारपुर के खसरा संख्या-780 बिना अनुमति लिए ही यहां निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत के लिए पिलर एवं




स्लैब खड़े किए जा रहे थे। जिनको जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। करीब 2000 वर्गमीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। इसकी कीमत 4.00 करोड़ है। वहीं वर्क सर्किल 9 के अन्तर्गत ग्राम गढ़ी शहदरा के खसरा संख्या-982 पर अवैध निर्माण शुरू किया गया। जानकारी मिलते ही वहां से भी अवैध निर्माण को हटाते हुए प्राधिकरण ने जमीन बोर्ड लगवाया।

इस जमीन की एरिया करीब 2 हजार वर्गमीटर और लागत करीब 2 करोड़ रुपए है। बता दे अब तक नोएडा प्राधिकरण करीब साढ़े चार लाख वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त करा चुकी है। जिसकी बाजार में कीमत करीब 600 करोड़ रुपए के आसपास है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने कहा कि प्राधिकरण अधिसूचित और कब्जा प्राप्त जमीन पर अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोग भी कलोनाइजर के फेर में न फंसे। अन्यथा जीवन भर की जमा पूंजी गंवानी पड़ सकती है।

# महिला ने पड़ोसी पर दुष्कर्म कर वीडियो बनाने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना जेवर क्षेत्र के कस्बा जेवर में रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पति के काम पर जाने के बाद पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उसके घर में आया तथा उसने उसके साथ बलात्कार किया, और उसकी अश्लील वीडियो बना ली।

पीड़िता के अनुसार आरोपी अश्लील वीडियो का आधार पर उसके साथ डेढ़ साल से लगातार बलात्कार कर रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कस्बा जेवर में रहने वाली एक महिला ने बीती रात को पुलिस से शिकायत की है कि उसके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया है। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली, तथा उसकी वीडियो के आधार पर वह उसके साथ करीब डेढ़ वर्ष से लगातार बलात्कार कर रहा है। पीड़िता के अनुसार आरोपी उसकी अश्लील वीडियो को उसके पति और अन्य लोगों को दिखाने का भय दिखाकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है।

## हल्के वाहनों के लिए वीआईपी नंबरों के लिए लगी बोली

**नोएडा।** हल्के वाहनों के लिए गौतम बुद्ध नगर परिवहन विभाग ने नए नंबरों की सीरीज शुरू कर दिया है। शनिवार देर रात से यूपी-16- आईके सीरीज के लिए विभाग की वेबसाइट पर बोली लगनी शुरू हो जाएगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉक्टर सियाराम वर्मा ने बताया कि हल्के वाहनों में चार पहिया के लिए 5 हजार रुपए वह दो पहिया के लिए एक हजार देकर वेबसाइट पर नंबरों का पंजीयन कराया जा सकता है।

शनिवार की रात से यूपी- 16 आई के सीरीज के लिए विभाग की वेबसाइट पर बोली लगनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जो सबसे ज्यादा बोली लगाएगा उसे ही वीआईपी नंबरों को आवंटित किया जाएगा।

# एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने दयानतपुर जेवर पहुंचकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट के पास दयानतपुर में बनाए जा रहे इंटरचेंज रोड़ कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने इंटरचेंज निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए कार्यों की समीक्षा की और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इंटरचेंज निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। साथ ही जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दयानतपुर एयरपोर्ट बाउंड्री से लेकर यमुना एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज तक के कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि कार्य को ससमय में पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर, परियोजना निदेशक तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# छुट्टियां खत्मः कहीं टीका लगाकर, कहीं मुंह मीठा कराकर किया बच्चों का स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गर्मियों की लम्बी छुट्टियों के बाद सरकारी स्कूलों में रौनक लौट आई है। गर्मी की छुट्टी के 38 दिन बाद बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े स्कूल खुल गए हैं।

पहले दो दिन समर कैंप लगाकर बच्चों को विभिन्न एक्टिविटीज कराई जाएंगी। इसके बाद सोमवार से विधिवत शिक्षण सत्र शुरू होगा। पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों को शिक्षकों ने भी कहीं टीका लगाकर तो कहीं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। पहले दिन यहां उत्सव जैसा माहौल रहा। रोली-टीका लगाकर छात्र-छात्राओं को स्कूल में प्रवेश दिया गया।

इसके साथ ही खीर और हलवा से मुंह मीठा कराया गया। स्कूलों को गुब्बारों, फूल मालाओं से भी सजाया गया। बेसिक स्कूलों में 20 मई को ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया था। पहले 15 जून तक छुट्टियां

- छात्रों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्कूलों को सजाया गया

निर्धारित थीं, लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए छुट्टियां 27 जून तक बढ़ा दी गईं। शिक्षक नामांकन बढ़ाने के लिए डोर टू डोर जाकर अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने बताया कि स्कूल शिक्षकों को इस सम्बंध में पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए थे।

पहले दो दिन बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से लेकर स्पोर्ट्स एक्टिवटीज कराई जा रही हैं ताकि लम्बी छुट्टी के बाद लौटे छात्रों को पहले दो दिन बोझिल न लगें। ज्ञात हो छुट्टियां खत्म होने के बाद बच्चों में फिर से स्कूल जाने का मनोवैज्ञानिक दबाव होता है। इसको लेकर स्कूलों ने अच्छे माहौल में विद्यालय खोले है।

# नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को प्रमुखता से संचालित किया जाए: डीएम

- मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति और बाल विकास के अधिकारियों की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन सामान्य को स्वास्थ्य सेवाओं का भरपूर लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, बाल विकास एवं पुष्टाहार, विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई।

डीएम ने स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन सामान्य को समय से उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़े हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए



जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा

कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को जनपद में माइक्रो प्लान तैयार करते हुए संचालित किया जाए ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन-जन तक सरलता के साथ पहुंच सके।

उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी अधिकारी गण एवं चिकित्सक गण अपनी-अपनी ड्यूटी पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाने की दिशा में विशेष प्रयास सुनिश्चित करें।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की ओर से स्वास्थ्य कार्यक्रमों में दवाइयों की किसी प्रकार की कमी नहीं हैं। संबंधित अधिकारियों के द्वारा ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में निरंतर स्तर पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयों एवं समस्त आवश्यक मेडिकल सयंत्र की उपलब्धता रहें।

उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर संस्थागत प्रसव पर विशेष जोर दिया और सरकार के इस कार्यक्रम का ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित होने वाले नियमित टीकाकरण के संबंध में अधिकारियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि कोई भी गर्भवती महिला एवं पात्र बच्चे सरकार के टीकाकरण अभियान से वंचित न रहने पाए। टीकाकरण अभियान में आशा कार्यकत्रियों का भरपूर सहयोग लिया जाए एवं आशा कार्यकत्रियों के द्वारा कार्य में शिथिलता पाए जाने पर कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीएम ने विशेष संचारी रोग अभियान/दस्तक अभियान को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप वर्ष 2024 में संचारी रोग अभियान दिनांक 01 जुलाई से 31 जुलाई, 2024 तक तथा दस्तक अभियान दिनांक 11 जुलाई से 31 जुलाई, 2024 तक जनपद में चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस अभियान को जनपद में सफल बनाने के लिये सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण समय रहते अपनी अपनी कार्ययोजना तैयार कर लें और कार्ययोजना के अनुरूप ही अपनी कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि संचारी रोगों से जनपदवासियों को बचाया जा सकें। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए सभी विभाग प्रचार-प्रसार की भी व्यापक योजना बनायें, ताकि जन सामान्य तक सभी जानकारियों की शुलभ उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण आपसी सांमजस्य स्थापित करते हुए एक साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ उन्होंने विटामिन ए संपूरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निदेश दिये कि जनपद में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को चिन्हित करते हुये उनको विटामिन ए की खुराक अवश्य दी जायें कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे और उनके अभिभावकों को भी जागरूक किया जाये कि विटामिन ए की खुराक से बच्चों को रतौंधी, अंधापन, रोगप्रतिरोधक क्षमता में कमी, गंभीर तथा लम्बे समय तक बीमारियों का बने रहना आदि समस्याओं से सुरक्षित रखा जा सकता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 29 जून, 2024



# बारिश के पहले झोंके ने खोल दी तैयारियों की सारी पोल

## दिल्ली हुई पानी-पानी, यातायात प्रभावित, रेलवे-मेट्रो स्टेशन, औद्योगिक क्षेत्रों में पानी भरने से कर्मचारी, ग्राहक भी कम ही आए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली एनसीआर में मानसून ने अपना रंग दिखा दिया। बारिश मौसम काफी सुहाना हो गया है। शुक्रवार तड़के झमाझम बारिश के बाद सुबह जब दिल्ली वालों की नींद टूटी तो सड़कों पर घुटनों तक पानी जमा हो गया था।

कहीं सड़क धंसने से गाड़ियां जमीन में समा गई। मध्य दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली समेत अन्य जगहों पर भारी ट्रैफिक जाम हो गया। बारिश के कारण बाजारों और औद्योगिक क्षेत्रों में पानी भरने से माल की आवाजाही प्रभावित होने के साथ ही कर्मचारी और ग्राहक भी कम ही आए। यात्रियों को रेलवे स्टेशन, मैट्रो स्टेशन और आईजीआई पर भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

यातायात पुलिस ने प्रभावित मार्गों के संबंध में परामर्श जारी कर यात्रियों को इसके अनुसार ही अपनी यात्रा योजना बनाने की सलाह दी। जाम में फंसे लोगों ने जलजमाव की फोटो सोशल मीडिया पर साझा की। कई इलाको में जल भराव से लंबा जाम लग गया है। इस दौरान विशेष रूप से अपने कार्यालयों एवं कार्यस्थल जाने वाले लोगों एवं अन्य यात्रियों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसके पास सुबह से ही यातायात संबंधी समस्याओं, जलभराव और पेड़ उखड़ने के संबंध में कई कॉल आई हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन इलाके में जलमग्न सड़कों पर यात्रियों को अपने बच्चों को लेकर घुटने घुटने पानी से होकर गुजरना पड़ा।

कुछ इलाकों में मेट्रो स्टेशनों में भी पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस के अनुसार जलभराव के कारण अणुव्रत मार्ग पर लाल बत्ती के दोनों ओर 100 मीटर और लाडो सराय लाल बत्ती से दोनों तरफ यातायात प्रभावित है।

परीक्षा देने उत्तर-पश्चिम दिल्ली जा रहे जतिन शर्मा ने बताया कि सुबह कश्मीरी गेट पर यातायात काफी अधिक था। शर्मा ने कहा, वह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित अपने घर से परीक्षा देने जा रहा था। सुबह कश्मीरी गेट पर भारी जलभराव था, जिससे यातायात जाम हो गया। सड़क काफी चौड़ी है, लेकिन जलभराव के कारण लोग केवल एक लेन का ही इस्तेमाल कर रहे थे। सौभाग्य से मैं समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में कामयाब रहा।

रिंग रोड पर धौला कुआं फ्लाईओवर के नीचे नारायणा से मोती बाग की ओर दोनों दिशाओं पर यातायात धीमा हो गया। आजाद मार्केट अंडरपास में वीर बंदा बैरागी मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। अरबिंदो मार्ग पर एम्स फ्लाईओवर के नीचे आईएनए से एम्स के बीच यातायात प्रभावित हुआ।

वाई-प्वाइंट सलीमगढ़ और निगमबोध घाट के पास शांतिवन से आईएसबीटी के बीच दोनों दिशाओं में आउटर रिंग रोड पर यातायात धीमा है। तिलक ब्रिज डब्ल्यू-प्वाइंट के नीचे डब्ल्यू-प्वाइंट तिलक ब्रिज रोड पर ए-प्वाइंट से डब्ल्यू-प्वाइंट तक यातायात बाधित है। रोहतक रोड पर राजधानी पार्क से मुंडका के बीच दोनों तरफ यातायात प्रभावित है। मथुरा रोड पर आश्रम से बदरपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर एक पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया है। ओखला अंडरपास पर जलभराव के कारण कालिंदी कुंज से क्राउन प्लाजा के बीच रोड नंबर 13 पर दोनों तरफ यातायात प्रभावित रहा। गाजीपुर बॉर्डर क्षेत्र में मुर्गा मंडी चौराहे पर अक्षरधाम से गाजियाबाद के बीच यातायात प्रभावित है। वालाहेड़ी मार्केट के सामने एक पेड़ गिरने से मादीपुर मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। मिंटो रोड पर कमला मार्केट से कनॉट प्लेस के बीच यातायात प्रभावित हुआ। पीरागढ़ी गांव में भैरा एन्क्लेव गोलचक्कर से पीरागढ़ी की ओर जाने वाले बाहरी रिंग रोड पर यातायात प्रभावित है। तिलक ब्रिज अंडरपास (डब्ल्यू-पॉइंट) पर जलभराव और वाहनों के खराब होने के कारण आईपी मार्ग, बीएसजेड मार्ग और विकास मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ है।



राजधानी में बारिश के चलते आईटीओ बस स्टैंड पर जलजमाव हो गया। इसके चलते लोगों को बस में चढ़ने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी।



दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे स्थित पांडव नगर इलाके में वाहनों की लंबी कतारें।



झमाझम बारिश में मौजमस्ती करते बच्चे



सड़क धंसने से गढ्डे में गिरी कार। सभी फोटो: रंजन डिमरी

## जलभराव से निपटने को बनेगा नियंत्रण कक्ष

- 1800110093 नंबर पर काल कर व 8130188222 नंबर पर वाट्सएप कर कंट्रोल रूम को जल-जमाव की जानकारी दें : भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



जल भराव से निपटने के लिए के लिए दिल्ली सरकार के मंत्रियों आतिशी, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और इमरान हुसैन की अध्यक्षता में आपात बैठक हुई।

बैठक में भारी बारिश की वजह से जगह-जगह होने वाले जल भराव से तत्काल निपटने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। इसके लिए एक संयुक्त कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां 24 घंटे अधिकारी मौजूद रहेंगे। सरकार ने हेल्पलाइन नंबर 1800110093 और वाट्सएप 8130188222 नंबर जारी किया है, जिस पर लोग कॉल कर या संदेश भेज कर नियंत्रण कक्ष को जल-जमाव की जानकारी दे सकेंगे।

अतिशी के अनुसार, बैठक में जलभराव से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। पहला, सभी जल संबंधित विभागों डीजेबी, एमसीडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग का एक संयुक्त आपातकालीन कंट्रोल रूम तैयार होगा, जो 24 घंटे जलजमाव पर नजर रखेगा और त्वरित कार्रवाई करेगा। दूसरा, सभी विभाग आज रात तक अपने परमानेंट और मोबाइल वाटर पंप का जायजा लेकर सुनिश्चित करेंगे की सभी पम्प पानी निकालने को तैयार है।

इस बीच महापौर शैली ओबरॉय ने डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल के साथ एमसीडी अधिकारियों व क्षेत्रीय उपायुक्तों के साथ आपातकालीन बैठक की।

## बारिश के बीच कई स्थानों में बिजली आपूर्ति बाधित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारी बारिश के बीच शुक्रवार की सुबह कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के अधिकारियों ने बताया कि शहर के जलभराव वाले इलाकों में तकनीकी खराबी और एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद करने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

द्वारका, जंगपुरा और लक्ष्मीनगर के लोगों ने बताया कि इन क्षेत्रों में सुबह बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई। डिस्कॉम के अधिकारी ने बताया कि बिजली की लाइनें, खंभे आदि क्षतिग्रस्त हुए जिससे बिजली आपूर्ति बाधित है। अधिकारी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में किसी भी तरह की दुर्घटना से बचने के लिए एहतियात के तौर पर अस्थाई रूप से पहले ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। शुक्रवार तड़के दिल्ली में भारी बारिश हुई।

## अफसरों की छुट्टियां रद्द, एक हफ्ते में गाद निकालने के निर्देश

- उपराज्यपाल ने जलजमाव के बाद की उच्चस्तरीय बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के बाद स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा जलभराव की समस्या के समाधान के लिए पंप लगाने का निर्देश दिया।

उपराज्यपाल ने आपात बैठक की अध्यक्षता करते हुए छुट्टी पर गए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत ड्यूटी पर वापस आने के लिए कहा। साथ ही अगले दो महीनों तक कोई छुट्टी मंजूर नहीं करने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एलजी सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी में तैयारियों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की कमी का भी संज्ञान लिया।



आपातकालीन बैठक की अध्यक्षता करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

बैठक में दिल्ली जल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सक्सेना ने कहा कि नालों से गाद निकालने का काम अभी पूरा नहीं हुआ है।

उपराज्यपाल ने अधिकारियों से अगले सप्ताह में आपातकालीन आधार पर गाद निकलवाने का काम शुरू करने को कहा। उपराज्यपाल ने अधिकारियों से जलभराव की शिकायतों के लिए आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित करने को कहा। नियंत्रण कक्ष में वरिष्ठ अधिकारी चौबीसों घंटे मौजूद रहेंगे। उन्होंने विभिन्न एजेंसियों को सड़कों पर जमा पानी निकालने के लिए पंप की सहायता लेने और कर्मियों को तैनात करने का भी निर्देश दिया।

अधिकारियों ने बताया कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के अपने समकक्षों के साथ संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया है ताकि वर्षा के स्तर और हथिनीकुंड बैराज से निकलने वाले पानी का आकलन किया जा सके। राजस्व विभाग को भारी वर्षा की स्थिति में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत आपदा प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ को सक्रिय करने और मानसून के दौरान किसी भी आपातकालीन उपाय के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की सहायता लेने का निर्देश दिया।

## हवाई अड्डा हादसा: कारों पर लोहे की शहतीरें गिरते ही मच गई थी अफरा-तफरी

- सुबह के समय कम लोग होने की वजह से बड़ा हादसा टला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



हवाई अड्डे के टर्मिनल एक पर शुक्रवार को जब छत का एक हिस्सा गिरा तो उस समय किसी चीज के टूटने जैसी कोई तेज आवाज नहीं हुई। हालांकि कारों पर (छत के हिस्से के साथ) लोहे की शहतीरें गिरने पर लोगों को घटना पता चला और वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग मदद के लिए चिल्लाते नजर आए। हादसे के दौरान वहां मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने यह बात कही। टर्मिनल के पिक-अप और ड्राप क्षेत्र की छत का एक हिस्सा और उन्हें सहारा देने वाली शहतीरों के गिरने से वहां कई कार क्षतिग्रस्त हो गईं।

एक अन्य कैब चालक ने बताया कि हादसे के समय बहुत कम लोग वहां मौजूद थे और ट्रैफिक भी सीमित था। अधिकारियों ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने तत्काल घटना की जानकारी हवाई अड्डे पर तैनात स्थानीय पुलिस और अग्निशमन सेवा को दी। घटना के समय ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने बताया, शहतीरों का वजन बहुत अधिक था, इसलिए हमने तत्काल अग्निशमन विभाग को क्रेन मशीन भेजने को कहा। अग्निशमन कर्मी और उनके अधिकारी भी सुबह करीब साढ़े पांच बजे क्रेन के साथ पहुंच गए थे। पुलिस उपायुक्त (इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) उषा रंगनानी ने बताया कि जहां पर छत गिरी है उसकी घेराबंदी कर दी है और टीम तैनात की गई है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि वहां तक कोई न जा सके। उन्होंने कहा, पुलिस और सरकार की अलग-अलग टीम जांच के लिए उक्त स्थान का दौरा करेंगी।

हमने इस उद्देश्य से इलाके की घेराबंदी कर दी है। हमारे पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा बलों और दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के साथ मिलकर तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

## बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या, दो पड़ोसी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- खाली प्लाट में मिला सिर कुचला शव

उत्तरी दिल्ली में 10-वर्षीय बच्ची के साथ उसके पड़ोसियों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया और उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि बच्ची का शव खाली पड़े प्लॉट मिला और सिर कुचला हुआ था। पुलिस ने कहा कि बच्ची के पड़ोसियों ने कथित तौर पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि मामले के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को शनिवार रात करीब साढ़े 12 बजे पीड़िता के पिता ने पीसीआर कॉल पर बच्ची की गुमशुदगी की सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि जब वह घर नहीं लौटी तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को फोन किया। उन्होंने बताया कि कॉल प्राप्त होने के कुछ ही देर बाद पुलिस को पास के एक खाली प्लॉट में लड़की का शव मिला, जिसका सिर कुचला हुआ था। डीसीपी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने पीड़िता के पड़ोसी राहुल (20) को और बच्ची को प्लॉट की ओर ले जाते देखा। राहुल और देवदत्त को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने बच्ची को पास के एक भोजनालय में ले जाने के बहाने बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण के लिए सजा), 302 (हत्या) और 376डी (सामूहिक बलात्कार) तथा बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## शूटरों को बाइक पर बैठा कर लाने वाला धरा

- बर्गर किंग मामला: महिला और दो हमलावर अभी भी फरार हैं : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने राजौरी गार्डन स्थित बर्गर किंग में युवक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है।

आरोपी शूटर को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर लाया था। मामले में संदिग्ध महिला और दो हमलावर अभी भी फरार हैं। विदेशी पिस्टल, आठ कारतूस, मोटरसाइकिल

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पीएस कुशवाह ने बताया कि 18 जून की रात साढ़े नौ बजे तीन लोग मोटरसाइकिल से बर्गर किंग रेस्तरां में आए थे। उनमें से एक व्यक्ति हथियारों से लैस बाइक पर बाहर निगरानी कर रहा था जबकि दो रेस्तरां के अंदर गए थे। उन दोनों ने करीब से अमन जून नामक युवक पर ताबड़तोड़ 20-25 गोलियां मारी। जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। इस संबंध में राजौरी गार्डन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में विदेश में बैठा एक गैंगस्टर इस घटना की जिम्मेदारी ली।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच स्पेशल सेल को सौंपी गई। बदमाशों की धर-पकड़ के लिए पुलिस उपायुक्त मनोज सी की देखरेख में एसीपी राहुल कुमार सिंह, इंस्पेक्टर पूरनपंत व रवि तुशीर की टीम बनाई गई। टीम ने छानबीन के दौरान तीन अपराधियों की पहचान आशीष उर्फ ??लालू, विकास उर्फ ??विक्की और बिजेंद्र उर्फ ??गोलू के रूप में की और हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब में उनके संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की है। लेकिन अपराधी पकड़े जाने से बाल-बाल बच गए।

इस बीच सर्विलांस और मुखबिर की मदद से बिजेंद्र उर्फ गोलू को रोहिणी से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक विदेशी पिस्टल, आठ कारतूस और मोटर साइकिल बरामद जब्त की गई।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 29 जून, 2024



# पहली ही बारिश में गुरुग्राम बना जलग्राम, सड़कों पर लगा लंबा जाम

## हाईवे की सर्विस लेन, निचली कालोनियां व शहर की अन्य सड़कें पानी में डूबीं

● जलभराव नहीं होने के किए गए थे दावे, सब पर फिरा पानी

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

मॉनसून से पहले की शुक्रवार को हुई बारिश गर्मी से राहत जरूर दे गई, पर जलभराव से आफत हो गई। गुरुवार-शुक्रवार की रात हुई बारिश सबसे अधिक सोहना तहसील क्षेत्र में 82 एमएम हुई। इस बारिश में गुरुग्राम जलग्राम नजर आया। इस बार की बारिश पूरे जिला में हुई है।

जून की गर्मी, गर्म लू को झेल चुके लोगों के लिए जून के अंत में प्री-मॉनसून की बारिश ने गर्मी से राहत दी। बारिश ने गर्मी से तो राहत दी, लेकिन सड़कों पर जलभराव में लोग फंस गए। चाहे कोई दुपहिया वाहन पर था या फिर तिपहिया, चार पहिया या फिर बसों, ट्रकों में। सभी जलभराव के बीच वाहनों के फंसने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सभी वाहन बारिश के पानी में आधे से ज्यादा डूबने के कारण पानी में ही बंद हो गए। इस कारण से जाम की स्थिति बन गई। गुरुग्राम-जयपुर एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन में कई फुट पानी भर गया। कंपनियों से ड्यूटी करने वाले महिला, पुरुष कर्मचारी पानी में से निकलने को मजबूत हुए। बरसात के कारण सीवर भी ओवरफ्लो हो गए। कई गलियों में सीवरेज से निकला गंदा पानी भर गया।

बारिश का पानी भरने से गुरुग्राम-सोहना पर रोड पर लंबा जाम लग गया। इस बारिश ने एक बार फिर से जिला प्रशासन, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और नगर निगम के जल निकासी के प्रबंधों की पोल खोली। मॉनसून आने से पहले बरसाती नालों की सफाई के पुख्ता दावे किए गए थे। कुछ जगहों पर नालों की सफाई की भी गई, लेकिन सभी नालों की सफाई नहीं हुई।

मॉनसून के आने के समय से कुछ दिन पहले तो यहां नालों की सफाई शुरू की गई, जो कि पूरी नहीं हुई। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में सामान्य दिनों में सफाई और बरसात के दिनों में जलभराव अहम मुद्दा रहता है। दुनियाभर में मशहूर गुरुग्राम में तीन स्तरीय प्रशासन इन दोनों मामलों में ही फेल नजर आता है। आज तक ना तो पूरा शहर कभी साफ, स्वच्छ नजर आया और ना ही यहां बारिश के समय कभी सब कुछ सही नजर आया। हालांकि अधिकारियों ने हमेशा बारिश से पहले दावे किए हैं कि इस बार जलभराव नहीं होगा। हर उस जगह पर लाखों रुपये खर्च करके पम्प सेट भी लगाए गए हैं, जो कि नियमित तौर पर वहीं लगे रहते हैं। इसके बाद भी जलभराव की स्थिति नियंत्रण में नहीं आ रही। 30 जून तक हरियाणा में मॉनसून आने की संभावना है। इस बारिश को प्री-मॉनसून की ही बारिश कहा जा सकता है। इसी पहली बारिश ने सारे दावों को धोकर रख दिया।


मूसलाधार बारिश के कारण सड़क पर भरे पानी से गुजरते लोग, वहीं सड़क पर खड़ी बस पानी में डूबी हुई।


बारिश के पानी में बंद हुई कार की छत पर बैठे लोग।


ओल्ड रेलवे रोड पर धोबी घाट के पास भरा बरसाती पानी।


पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के गेट के बाहर भरा बरसाती पानी।


शुक्रवार को गुरुग्राम-जयपुर नेशनल हाइवे पर बारिश के कारण लगा जाम व पानी से होकर गुजरते लोग।


शुक्रवार को हुई बरसात में गुरुग्राम-जयपुर नेशनल हाइवे की सर्विस लेन पर भरे पानी में बंद हुए वाहन व पैदल निकलते लोग।


सड़क पर भरे पानी को निकालने के लिए जद्दोजहद करते निगमकर्मी।

## थोड़ी सी बारिश ने खोली प्रशासन की पोल: पंकज डावर

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



शुक्रवार को शुरु हुई बरसात ज्यादा देर तो नहीं चली, लेकिन जितनी भी बरसात हुई उससे ही प्रशासन के दावों की पोल खुल गई। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने बरसात की लचर तैयारियों को लेकर कही।

पंकज डावर ने कहा कि गुरुग्राम में जल निकासी की व्यवस्था ठीक करने के लिए जनता के पैसों को पानी की तरह बहाया जा रहा है बावजूद इसके यहां की जनता को कोई सहूलियत नहीं मिल रही है। पंकज डावर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जलभराव हो रहा है उन क्षेत्रों के अधिकारियों की जवाबदेही प्रशासन को तय करनी चाहिए। इसके अलावा जिन नालों व सीवरों की सफाई के लिए करोड़ों का टेंडर जारी किया गया वहां सफाई का कार्य किया भी गया या नहीं इसकी जांच होनी चाहिए। अगर क्षेत्र में पानी निकासी पर करोड़ों खर्च करने के बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं तो निगम प्रशासन और जिला प्रशासन के पास वैकल्पिक व्यवस्थाएं क्या हैं। अभी तो मौसम की ठीक से पहली भी बरसात नहीं हुई है।

## निगम का दावा फुस्स.. धरे रह गए पानी निकासी के प्रबंध

● जल निकासी के लिए निगम क्षेत्र में 12 जेसीबी, 62 सक्शन टैंकर, 61 ट्रैक्टर माउंटिड पंप, 25 डीजल इंजन समेत पर्याप्त संख्या में मैनपावर तैनात

● विशेष हेल्पलाइन नंबर 7290076135 तथा 7290088127 जारी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

बरसात के दौरान निगम क्षेत्र में कहीं पर भी जलभराव की समस्या से नागरिकों को परेशानी ना हो, इसके लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा दावा किया गया कि सभी पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित कर लिए गए हैं। शुक्रवार को बरसात के दौरान सुबह से ही निगम कर्मचारियों ने पर्याप्त मशीनरी, पंपसेट व अन्य संसाधनों के साथ फील्ड में मोर्चा संभाले रखा।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा जलनिकासी की समुचित व्यवस्था के लिए निगम क्षेत्र में 12 जेसीबी, 12 सक्शन टैंकर, 61 ट्रैक्टर माउंटिड पंप, 25 डीजल इंजन सहित पर्याप्त संख्या में मैनपावर की तैनाती की गई है। इसके अलावा, सभी नालों, सीवर व रोड़ गल्ली की समुचित सफाई के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार टीमें कार्य कर रही हैं।

### जल निकासी सुनिश्चित करेंगे अधिकारी

मानसून के दौरान क्षेत्र में त्वरित जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए वार्ड अनुसार सहायक अभियंताओं व कनिष्ठ अभियंताओं की जिम्मेदारियां लगाई गई हैं। ये अधिकारी अपने-अपने आवंटित वार्ड तथा एक्सटेंडेड एरिया में जलनिकासी प्रबंध सुनिश्चित करेंगे ।जलभराव की शिकायतें प्राप्त करने सहित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए विशेष हेल्पलाईन नंबर 7290076135 तथा 7290088127 जारी किए गए हैं। ये हेल्पलाईन नंबर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। हेल्पलाईन नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी फोटो, पते व लोकेशन सहित शिकायत भेजी जा सकती है।

### प्रबंधों की निगरानी करें नागरिक

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने निवर्तमान निगम पार्षदों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे उनके क्षेत्रों में जल निकासी के प्रबंधों की निगरानी करें। इसके अलावा अगर कहीं पर जलभराव की समस्या आती है तो संबंधित वार्ड के सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता या विशेष हेल्पलाईन नंबरों पर संपर्क करें। सभी सहायक अभियंताओं व कनिष्ठ अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे फोन कॉल्स को अटेंड करेंगे तथा अगर किसी कारणवश अटेंड नहीं कर पाते हैं, तो समय मिलने पर कॉल बैक करेंगे।

## शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर डीसी को दिया ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

महानगर में रास्तों पर बढ़ रहे अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए समग्र हिंदू सेवा संघ द्वारा मुहिम चलाई जा रही है। इसी के तहत शुक्रवार को संघ के सदस्यों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त ने अधिकारियों को अतिक्रमण वाले 6 मार्गो को मुक्त करवाने के आदेश मौके पर ही दिए।

समग्र हिंदू सेवा संघ के संस्थापक संरक्षक महावीर भारद्वाज ने बताया कि गुरुग्राम भारत का ही नहीं, अपितु एशिया में अपना विशेष स्थान रखता है। महानगर में अतिक्रमण बढ़ाने के लिए लगातार बाहर से अंजान एवं संदिग्ध लोगों का आने का सिलसिला बढ़ गया है। ऐसे में अतिक्रमण की समस्या के साथ आम लोगों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़ा हो गया है। सोहना चौक से रेलवे स्टेशन तक, जय सिनेमा चौक से न्यू रेलवे रोड से फवारा चौक तक, पटौदी चौक से उमंग भारद्वाज चौक तक, भूतेश्वर मंदिर से झाड़सा तक, सिद्धेश्वर चौक से अग्रवाल धर्मशाला तक, जय सिनेमा चौक से सेक्टर-9 चौक तक व शमा रेस्टोरेंट से झाड़सा चौक तक की सड़क शामिल हैं।


डीसी से मिलने पहुंचे लोग।

# फरीदाबाद में भी लबालब हुई सड़कें, जगह-जगह लगा जाम

**दयाराम वशिष्ट। फरीदाबाद**

शुक्रवार सुबह तेज बारिश ने जिला व निगम प्रशासन की पोल खोल दी। पहली बारिश में कई इलाके जलमग्न हो गए। हाईवे व सर्विस लेन कई जगह पानी में डूबे रहे। इससे हाईवे समेत शहर की सड़कों पर जगह जगह जाम लगा रहा। पहली बारिश ही लोगों के लिए आफत बनी रही।

नगर निगम ने दावा किया था कि शहर में पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। लेकिन यह दावा खोखला साबित हुआ। पूरे शहर में जल भराव की स्थिति देखने को मिली। हालांकि बारिश के बाद फरीदाबाद के लोगों को भीषण गर्मी से जरूर राहत की सांस ली। सड़कों पर पानी अधिक होने के कारण लोगों की गाड़ियां खराब हो गईं। शहर के अंडरपास में पानी भरने से कई सेक्टर राजमार्ग से कट गए। गाड़ियां डूब गई, उन्हें मुश्किल से निकाला गया।

चौक-चौराहों पर जलभराव होने से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दफ्तर आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बल्लभगढ़ से लेकर ओल्ड फरीदाबाद तक नेशलन हाईवे जाम हो गया।

**ऑटो चालकों मनमाना किराया वसूला:** राष्ट्रीय राजमार्ग समेत डबुआ 60 फुट रोड और एनआईटी क्षेत्र में जलभराव का ऑटो चालकों ने भी खूब फायदा उठाया। यात्रियों से मनमाना किराया वसूला। कम से कम 20 रुपये किराये की जगह 40 से 50 रुपये प्रति सवारी वसूले गए। यही स्थिति बल्लभगढ़ में देखने को मिली।






## अतिरिक्त उपायुक्त ने जलभराव वाले स्थानों का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने शुक्रवार को हुई भारी बरसात के बीच शहर में सभी जलभराव वाले स्थानों का दौरा कर डिस्पोजल पंपों का भी किया निरीक्षण तथा पूरी स्थिति का स्वयं जायजा लिया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने आज शहर में जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द से जल्द पानी निकासी के निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने गुड ईयर चौक, बल्लभगढ़ अनाज मंडी, बल्लभगढ़ बस अड्डा के साथ पानी निकासी के सेक्टर-14 और 16 के रेनीवेल डिस्पोजल का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने वहां उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सभी पंपों को पूर्ण क्षमता के साथ चलाने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि शहर में जलभराव न हो इस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त प्रबंध किए गए हैं। जहां भी आवश्यकता होगी वहां तुरंत सभी विभागों से तालमेल कर मोटर पंप, टैंकर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि बरसात के समय निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जाए और जेनसेट से चलाए जाने वाले पम्पों के डीजल का पूरा प्रबंध रखे।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वपनिल पाटिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले के तार गुरुग्राम से भी जुड़े

● जिले में रहने वाले महाराष्ट्र के गंगाधर गुंडे का नाम आया सामने

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले के गुरुग्राम से भी तार जुड़ गए हैं। इसके आरोपियों में गुरुग्राम में रहने वाले महाराष्ट्र के गंगाधर गुंडे का नाम सामने आया है। वे पिछले 25 वर्षों से गुरुग्राम में रह रहे हैं। यहां वे सावरजानकी गणेश उत्सव समिति की आयोजन समिति के सदस्य थे। पेपर लीक मामले में उनकी संलिप्तता के बारे में जानकर उनके परिचित हैरान हैं। आरोप है कि गंगाधर गुंडे बिहार के कुछ लोगों के संपर्क में थे। उन्होंने पेपर लीक करने में अहम भूमिका निभाई। गुंडे की पत्नी ने कहा कि उत्तराखंड पुलिस ने उन्हें 25 जून को हिरासत में लिया था। यह भी पता चला है कि गुंडे बिहार में कई लोगों के संपर्क में थे।

## उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार कटिबद्ध: नवीन गोयल

● किसी भी तरह से उद्योगों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री की ओर से शुक्रवार को इंट्रक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उद्योगपतियों की ओर से उनका सम्मान व स्वागत किया गया।

यह इंट्रक्शन मीटिंग दौलताबाद हादसे के बाद सरकार द्वारा उद्योगों को भेजे जा रहे नोटिस को लेकर रही। नवीन गोयल के समक्ष उद्योगपतियों ने इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि किसी भी तरह की जांच को लेकर किसी भी उद्योगपति को परेशानी ना हो। उद्योगपतियों को इस बात के प्रति आश्वस्त किया गया कि सरकार उद्योगपतियों को हमेशा सहयोग करने का काम करती है। उद्योगों को आगे बढ़ाने में ही केंद्र व प्रदेश सरकार का सदा रहता है। उन्होंने कहा कि दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में जो हादसा हुआ है, भविष्य में ऐसा ना हो इसके लिए सभी उद्योगों को सुरक्षा की दृष्टि से परिपूर्ण रहना है। यह सबकी सुरक्षा के लिए जरूरी है। किसी भी औद्योगिक क्षेत्र में वहां की एसोसिएशन को भी इस विषय पर गंभीर रहना चाहिए। सभी उद्योगों को अपने स्तर पर सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरुक करना चाहिए।


प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री की इंट्रक्शन मीटिंग में मौजूद अतिथि।

## महिलाओं के लिए चलाया गया छह दिवसीय आवासीय कोर्स

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

एचएसआरएलएम की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अमरेंदर कौर के निर्देशन में इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट में हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन, हरियाणा सरकार के अधीन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए 6 दिवसीय आवासीय कोर्स चलाया गया। इसमें महिलाओं को सक्षम किया गया ताकि वो अपना जीवन यापन कर सकें। इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट में प्रमाण पत्र वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सीइओ जिला परिषद् सतबीर मान, जिला पार्षद कुमारी श्वेत स्नेहा आमंत्रित रहे। कोर्स के दौरान विख्याता प्रदीप कुमार द्वारा केक, मिल्लेट्स, चाइनीज फूड, साउथ इंडियन फूड, छोले भठूरे, शाही पनीर, कढ़ाई पनीर विभिन विभिन प्रकार के व्यंजनों को पकाना तथा परोसना सिखाया गया तथा गर्मी के दिनों के लिए मॉकटेल्स, विभिन प्रकार के शेक एवं ठंडी लस्सी सिखाई गई।

# सड़क किनारे खड़े वाहनों पर सख्ती

## हाईकोर्ट का आदेश, पार्किंग लाइट के बगैर खड़े वाहनों में गाड़ी टकराई तो देना पड़ेगा हर्जाना

- पीछे से टक्कर मारने वाला चालक नहीं माना जाएगा लापरवाह

शिखा शर्मा। चंडीगढ़



हरियाणा में सड़क किनारे खड़े वाहनों के साथ होने वाली टक्कर की घटनाओं को लेकर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर हाईवे किनारे खड़े वाहन में कोई गाड़ी पीछे से टकरा जाती है तो इसके लिए वाहन चालक नहीं बल्कि बगैर पार्किंग लाइट के गाड़ी खड़ी करने वाला व्यक्ति जिम्मेदार होगा। पीछे से आकर टकराने वाला व्यक्ति इसके लिए जिम्मेदार नहीं हो सकता।

हाईकोर्ट ने सिरसा के एक केस में सुनवाई करते हुए शुक्रवार को यह फैसला दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि पीछे से टक्कर मारने वाले को लापरवाह नहीं माना जा सकता क्योंकि वह इसकी उम्मीद नहीं कर सकता कि अंधेरे में कोई बड़ा वाहन खड़ा होगा। इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल सिरसा के फैसले के खिलाफ बीमा कंपनी की अपील को खारिज कर दिया।

एक बीमा कंपनी द्वारा दायर की गई याचिका में कहा गया था कि 9 अगस्त 2020 को एक कार ने सड़क किनारे खड़े कैंटर में टक्कर मार दी थी। कैंटर सड़क के कच्चे हिस्से में था और 20 फीट की सड़क पर आराम से दो गाड़ियां निकल सकती थी। यह कार चालक की लापरवाही थी जिसके चलते कार में सवार अरविंद कुमार की मौत हो गई। अरविंद के आश्रितों ने दलील दी थी कि उस रात बहुत अंधेरा था और कैंटर सड़क पर खड़ा था। कैंटर पर न तो कोई रिफ्लेक्टर मौजूद था और न ही उसकी पार्किंग लाइट जल रही थी। इसके चलते वाहन चालक कैंटर को देख नहीं सका और वाहन की भिड़ंत हो गई।

हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुनाते हुए कहा कि यदि कोई वाहन सड़क किनारे भी रोका गया है तो हर समय उसकी पार्किंग इंडिकेटर चलते रहने चाहिए। वाहन पर रिफ्लेक्टर भी मौजूद होना चाहिए। इस मामले में कैंटर पर न तो रिफ्लेक्टर था और न ही उसकी पार्किंग लाइट जल रही थी। ऐसे में पीछे से टक्कर मारने वाले कार चालक को लापरवाह नहीं माना जा सकता। कोई चालक सड़क पर अचानक बिना पार्किंग लाइट व रिफ्लेक्टर के खड़े वाहन की उम्मीद नहीं करता है। हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी की मुआवजा राशि घटाने की दलीलों को खारिज करते हुए एमएसीटी सिरसा द्वारा तय किए गए 19 लाख रुपये के मुआवजे के आदेश को बरकरार रखा है।

## चंडीगढ़ सचिवालय की चौथी मंजिल पर निकला सांप, मचा हड़कंप

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थिति हरियाणा सिविल सचिवालय की चौथी मंजिल पर आज उस समय हड़कंप मच गया जब यहां एक सांप निकल गया। चौथी मंजिल पर मुख्यमंत्री का कार्यालय है। यहां महत्वपूर्ण विभागों के आफिस भी है। संयोग से शुक्रवार को मुख्यमंत्री तथा उनका अमला कार्यालय में मौजूद नहीं था। चौथी मंजिल तक सांप कैसे पहुंच गया है यह हैरानी की बात है।

यह सांप डिपार्टमेंट में फाइलों के पीछे छिपकर बैठा था। जैसे ही फाइल निकाली तो सांप बाहर बाहर आ गया। इससे देख आफिस में मौजूद कर्मचारी चिल्लाने लगे और गैलरी में आ गए। चौथी मंजिल पर सांप निकलने के बाद वहां मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत चंडीगढ़ वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन विभाग की टीम एक स्नैक मैन के साथ मौके पर पहुंची और थोड़ी ही देर में सांप को पकड़ लिया।

# हरियाणा को एसवाईएल के पानी का इंतजार

- सीएम व परिवहन मंत्री ने दरबार साहिब में मत्था टेका
- ब्यास में राधा स्वामी प्रमुख से भी की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक बार फिर से एसवाईएल के पानी की मांग को दोहराया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब दौरे पर थे। इस दौरान मुख्यमंत्री दरबार साहिब में नतमस्तक हुए और पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता को आज भी एसवाईएल के पानी का इंतजार है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए पंजाब अपने बड़े भाई का धर्म निभाते हुए हरियाणा को उसके हिस्से का पानी जरूर देगा।

नायब सैनी ने कहा कि अब यह मुद्दा राजनीतिक नहीं रहा। सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला दे चुका है। सुप्रीम कोर्ट में फैसले को लागू करवाने के लिए दायर की गई याचिका पर भी अब फैसला आने वाला है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला सबके लिए मान्य होगा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा परिवहन मंत्री असीम गोयल ने दरबार साहिब में माथा टेकने के बाद कीर्तन भी सुना। इसके बाद मुख्यमंत्री तथा परिवहन मंत्री ने लंगर हाल में जाकर सेवा भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री ने राधा स्वामी सत्संग ब्यास के डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह से शिष्टाचार भेंट की और उनसे आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सिंह पहली बार डेरा प्रमुख से मिले हैं और उन्होंने हरियाणा प्रदेश की भलाई के लिए डेरा प्रमुख से मार्गदर्शन लिया।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक सरोकार के लिए डेरा की ओर से चलाई जा रही मुहिम के बारे में भी जाना। साथ ही उन्होंने डेरा प्रमुख से हरियाणा के लोगों के हित के लिए सरकार के साथ मिलकर कार्य करने के लिए भी मार्गदर्शन मांगा।

# प्रदेश में एक जुलाई से लागू होंगे तीन नए कानून

- पुलिस ने तैयार किए 3533 मास्टर ट्रेनर
- 17 हजार पुलिस कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पुलिस आयुक्त तथा पुलिस अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि वह एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह से तैयार है।

नए कानूनों को लेकर कपूर ने शुक्रवार को प्रदेश भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में आमजन में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है ताकि लोग नए कानूनों में हुए बदलावों तथा इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

कपूर ने कहा कि पुलिस अधिकारी पुलिस थानों में होने वाले इन कार्यक्रमों में मौजिज व्यक्तियों को आमंत्रित करें ताकि उनके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जा सके। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के 'आईगोट कर्मयोगी' पोर्टल के माध्यम से तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अब तक इस कड़ी में 3 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है जबकि 17 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को फिजिकली प्रशिक्षित किया गया है। हरियाणा पुलिस द्वारा इन तीन नए कानूनों को लेकर हरियाणा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर द्वारा 3314, बीपीआरएंडडी के सेंटर डिटेक्टिव आफ ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा 200 से अधिक मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रकार, हरियाणा में 20 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को नए कानूनो के बारे में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, साइबर ओपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध शाखा ममता सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार, पुलिस महानिरीक्षक हरदीप दून तथा शिबास कविराज सहित कई अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण से बचाई जा सकती है बहुमूल्य जिंदगी: डॉ. मुकेश

**चंडीगढ़।** हरियाणा रेडक्रास के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण से बहुमूल्य जिंदगी को बचाया जा सकता है। सीपीआर प्रशिक्षण लेकर हरियाणा के विभिन्न स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों सहित आम जन को प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या में हुए सुधार के बारे में जागरूक कर मानव सेवा के कल्याण हेतु कार्य करेंगे। राज्य महासचिव यूथ हॉस्टल मंसूरी में आयोजित चार दिवसीय प्राथमिक सहायता एवं गृह परिचर्या रिफ्रेशर प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। डॉ. अग्रवाल ने रैड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डुनांट, युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किए। डॉ. मुकेश अग्रवाल ने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि हरियाणा रेड क्रॉस द्वारा 25 जुलाई से 9 सितंबर 2023 तक सीपीआर जागरूकता अभियान चलाया गया।

# विस चुनाव के लिए कांग्रेस तैयार, प्रदेश को 3 जोन में बांटा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

- चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से मांगे आवेदन
- न्याय पत्र के लिए प्रदेशवासियों से मांगे सुझाव
- केवल जिताऊ प्रत्याशियों को ही मिलेगा टिकट

हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने चुनावी रणनीति को अमली रूप देते हुए पूरे प्रदेश को तीन जोन में बांट दिया है। पार्टी ने जहां न्याय पत्र बनाने के लिए प्रदेश वासियों से सुझाव मांग लिए हैं वहीं विधानसभा चुनाव लड़ने के चाहवानों से आवेदन भी मांग लिए हैं।

हरियाणा की पांच लोकसभा सीटों पर जीत के बाद कांग्रेस काफी उत्साहित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के तथा राहुल गांधी द्वारा बैठक लिए जाने के बाद अब कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने प्रदेश के कांग्रेसियों को एक पत्र जारी किया है। कांग्रेस मुख्यालय की तरफ से शुक्रवार को यह पत्र प्रदेश के सभी नेताओं को भेजा गया है।

दीपक बाबरिया ने पुराने चुनाव का हवाला देते हुए कहा है कि वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को केवल 10 सीटों पर जीत मिली थी जबकि भाजपा को 79 सीटों पर जीत मिली थी। इसके कुछ समय बाद हुए विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस 31 सीटों पर जीत मिली थी जबकि भाजपा 40 सीटों पर आ गई थी। हालही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस 46 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही है।

बाबरिया ने कहा है कि अगले दो माह के भीतर हरियाणा में जहां रैलियों का आयोजन किया जाएगा वहीं घर-घर कांग्रेस अभियान समेत कई अभियान चलाकर लोगों को भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत करवाते हुए न्याय युद्ध में अपने साथ जोड़ा जाएगा। बाबरिया के अनुसार प्रदेश के 90 विधानसभा हलकों में टिकटार्थियों तथा हाईकमान से अपनी बात कहने वालों की संख्या बहुत अधिक है। दो माह में सभी से मिल पाना मुश्किल है। इसलिए हरियाणा को तीन जोन में बांटकर अलग-अलग ई-मेल जारी किए गए हैं। पहले जोन में विधानसभा हलका नंबर एक से 38 तक हलके रहेंगे। दूसरे जोन में 39 से 67 तथा तीसरे जोन में 68 से 90 हलके रहेंगे। अब टिकटार्थियों द्वारा जोन के हिसार से अपना बायोडाटा मेल किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश वासी तथा पार्टी के कार्यकर्ता कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान बनाए जाने वाले न्याय पत्र के लिए इन्हीं ई-मेल पर अपने सुझाव भेज सकते हैं।

## आगामी सप्ताह तक मौसम निरंतर रहेगा परिवर्तनशील

**कुरुक्षेत्र।** कृषि वैज्ञानिक डा. सीबी सिंह ने कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बताया कि आने वाले सप्ताह धान की रोपाई करने वाले किसानों के लिए अच्छा रह सकता है। उन्होंने मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार बताया कि शुक्रवार से ही मौसम के परिवर्तनशील होने से आगामी सप्ताह तक आसमान में बादल, हवाओं के चलने व गरज चमक के साथ बरसात की संभावना है।

# कुवि में कारगिल योद्धाओं को किया गया सम्मानित



कुरुक्षेत्र विवि में कारगिल यौद्धाओं को सम्मानित करते मेजर जनरल अरविन्द यादव।

सौरभ चौधरी। कुरुक्षेत्र

भारतीय सेना के अतिरिक्त तोपखाना महानिदेशक (एडिशनल डायरेक्टर जनरल आर्टिलरी) मेजर जनरल अरविन्द यादव ने कहा कि कौम देश के लिए शहीद होने वाले बलिदानियों को हमेशा याद रखे। जो कौम अपने शहीदों को भूल जाती है उनका वजूद खत्म हो जाता है। समाज को देश के सैनिकों व उनके परिजनों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। वे शुक्रवार को सीनेट हॉल में विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कारगिल शहीदों के परिजनों व कारगिल योद्धाओं को सम्मानित किया गया।

केयू एलुमनी मेजर जनरल अरविंद यादव ने कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सैनिक अपना पूरा जीवन देश की सेवा व सुरक्षा के लिए समर्पित करता है इसलिए उनका मान, सम्मान करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज और सैनिकों को परस्पर जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध में अपने शौर्य का परिचय देते हुए अपने राष्ट्र के लोगों की रक्षा करते हुए शहीद होकर देश का नाम रोशन किया। उन्होंने मिलिट्री साईंस एवं मिलिट्री स्टडीज को शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का आग्रह किया ताकि युवा पीढ़ी वीर जवानों के बलिदान व शौर्य गाथा को जान सके।

## बीकॉम व बीएससी लाइफ साइंस में दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा शुक्रवार को बीकॉम एवं बीएससी लाइफ साइंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि दोनों प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए 1 जुलाई को होनी वाली फिजिकल काउंसलिंग में अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि बीकॉम में दाखिले के लिए कमरा संख्या 1 में तथा बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस के लिए कमरा संख्या 26 में काउंसलिंग होगी तथा फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client **Mehwaj Begum wife of Mohd. Nishat Khan** is in process to avail the LAP from DCB Bank Ltd. against her **Property Bearing No. IX/4399, are measuring 40 Sq. Yds., out of 96 Sq. Yds., Out of Khasra No. 163, Situated at the area of Village Seelampur in the abadi of Gali No. 7, Ajit nagar Gandhi Nagar Delhi-110031,** whereas she acquired the said property vide Sale Deed dated 26.10.2018 (Document no. 8966) executed by Mr. Nasir Ahmad.

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

The General Public is hereby informed that my clients Mr. Gurdayal Singh S/o Sevaa Singh, AND Mrs. Hardeep Kaur W/o Mr. Gurdayal Singh both R/O RZ-132, RAVI NAGAR EXT, West New Delhi have severed all their relations with their children, namely Mr. Sharanjeet Singh, Mrs. Narinder Kaur, Mrs. Sarabjeet Kaur, Mrs. Parminder Kaur Panesar, and their daughter-in-law Mrs. Rekha Kaur due to their adverse behaviour towards my above-named clients. Both of my above-named clients have also disowned and debarred the above-named persons from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with above named persons will do so at his/her/their own risk and responsibilities and my clients will not be responsible for any act, deed or dealing done with them.

**Harmeet Singh (Advocate)**
**Enrollment No-D/13285/22**
**Phone No. 9711211717**
**E-mail: Meet14820@gmail.com**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे मुवक्किल श्री अर्जुन सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह निवासी मंकान न. 1486, खसरा न. 304, नत्थूपुरा रोड, बुराड़ी, दिल्ली -110084 ने रघुवीर सिंह पर विश्वास करते हुए कुछ दस्तावेज जैसे की एग्रीमेंट टू सेल, पॉवर ऑफ अटॉर्नी विल, पजेशन लेटर, रसीद आदि पर अपने हस्ताक्षर रघुवीर सिंह के पक्ष में किए है जोकि प्लॉट 207 वर्ग गज, गाँव सलेमपुर माजरा, बुराड़ी, दिल्ली- 110084 के संदर्भ में है, जिसकी कीमत 67 लाख रुपए तय हुई थी परंतु हस्ताक्षर करते समय रघुवीर सिंह ने मेरे मुवक्किल को यह विश्वास दिलाया कि मैं अभी 15 लाख लाया हूँ बाक़ी शेष राशि जोकि 52 लाख रुपए है, मैं आपको अभी घर चल कर दे देता हूँ, परंतु उसके बाद दिन प्रतिदिन रघुवीर सिंह कोई ना कोई बहाना बनाते जा रहा है व शेष राशि नहीं दे रहा है। जोकि आज तक पेंडिंग है, अत: उपरोक्त उल्लिखित राशि ना देने के कारण मेरे मुवक्किल उपरोक्त दस्तावेजो जो रद्द करता है व मेरा मुवक्किल संबंधित थाने के अधिकारियों के समक्ष रघुवीर सिंह के खिलाफ धोखा-धड़ी की शिकायत कर चुका है। यदि अन्य कोई भी व्यक्ति उपरोक्त दस्तावेज़ो के साथ सौदा करता है तो उस पर भी रघुवीर सिंह के साथ-साथ क़ानूनी कार्यवाही की जायेगी। जिसका जिम्मेदार वह खुद होगा।

राहुल चौहान, (अधिवक्ता) चैम्बर न. सी-85,
सी.एल. जोसेफ ब्लॉक, तीज हजारी कोर्ट, दिल्ली-110054

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 23, शाल टॉवर,, तीसरी मंजिल न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने आईसीआईसीआई बैंक से उनके द्वारा प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान पर चूक की है। ऋणों को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, इसे तामील नहीं किया गया था और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और पता (ऋण खाता सं.) | सुरक्षित आस्तियों का विवरण | नोटिस भेजने की तिथि/नोटिस की तिथि तक बकाया | एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनजीत सिंह, हरजिंदर कौर, आरजेड-214/4, स्ट्रीट नं. 17, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110019 खाता नं. LBDEL00001278287 | प्लॉट नं. 24, ब्लॉक-सी, सैक्टर-बीटा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा उत्तर प्रदेश-201301 | 03-06-2024 रु. 6,79,159.6/- | 02/04/2024 |
| 2. | मनजीत सिंह, हरजिंदर कौर, आरजेड-214/4, स्ट्रीट नं. 17, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110019 खाता नं. LBDEL00001278277 | प्लॉट नं. 24, ब्लॉक-सी, सैक्टर-बीटा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 | 13/06/2024 रु. 20,21,659/- | 03/12/2023 |

ये कदम नोटिस की एक प्रतिस्थापित तामील के लिए उठाए जा रहे हैं। उल्लिखित उधारकर्ता/ओं/या उनके गारंटर/ओं (जैसा लागू हो) को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने की सलाह दी जाती है। अन्यथा, सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : जून 29, 2024
स्थानः दिल्ली/एनसीआर

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
कृते आई सी आई सी आई बैंक लि.

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **ओम प्रकाश और पूजा वर्मा** को **27.09.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLDCP00335950** की राशि **रू.17,49,330.29 /- (रुपए सत्रह लाख उनचास हजार तीन सौ तीस और उनतीस पैसे मात्र)** और **24.09.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्तद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **(4)** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **25.06.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.17,49,330.29 /- (रुपए सत्रह लाख उनचास हजार तीन सौ तीस और उनतीस पैसे मात्र) 24.09.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं.एसएफ 4, दुसरी मंजिल, रूफ राइट्स के साथ, पीछे आरएचएस (जी + युजी +2), एमआईजी, प्लॉट नं.सी 9/4, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी,गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश -201001।**

**दिनांक: 25.06.2024**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **ज्योति, मिथिलेश, मदन कुमार और बेअंत सिंह** को **18.11.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLDCP00368041** की राशि **रू.19,13,230.31/- (रुपए उन्नीस लाख तेरह हजार दो सौ तीस और इकतीस पैसे मात्र)** और **17.11.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्तद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **(4)** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **25.06.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.19,13,230.31/- (रुपए उन्नीस लाख तेरह हजार दो सौ तीस और इकतीस पैसे मात्र) 17.11.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं.एफएफ- 04, प्लॉट नं.सी 198, पहली मंजिल, पीछे आरएचएस, गाँव -सहुलाबाद, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश -201012।**

**दिनांक: 25.06.2024**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

कब्वा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, **2002** के अंतर्गत और नियम **3** के साथ धारा **13(12)** के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **अविनेश कुमार शुक्ला, आशुतोष शुक्ला और आशा देवी शुक्ला** को **27.05.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLDCP00400547** की राशि **रू.22,49,426.51/- (रुपए बाईस लाख उनचास हजार चार सौ छब्बीस और इक्यावन पैसे मात्र)** और **21.05.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्तद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **4** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **25.06.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संम्पति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा **राशी रू.22,49,426.51/- (रुपए बाईस लाख उनचास हजार चार सौ छब्बीस और इक्यावन पैसे मात्र) 21.05.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** के आधीन होगा.

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं. UGF-4 , उपरी तल मंजिल, मपित 5.09 स्के.मी., संपत्ति /प्लॉट नं. D-8/22 पर बना हुआ, एरिया मापित 393.06 स्के.मी., डीएलएफ अंकुर विहार से पहचाने जाने वाली आवासीय कॉलोनी पर स्थित लोनी, जिला गाज़ियाबाद-201102, उत्तरप्रदेश, जो निम्ननुंसार परिबद्ध है:**

**दिनांक :25.06.2024**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

**सही/-**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड**

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **सुमन कुमार झा और शिखा झा** को **17.09.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLNOD00267228** की राशि **रू.19,33,632.66/- (रुपए उन्नीस लाख तैंतीस हजार छ सौ बत्तीस और छियासठ पैसे मात्र)** और **26.06.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्तद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **(4)** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **25.06.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.19,33,632.66 /- (रुपए उन्नीस लाख तैंतीस हजार छ सौ बत्तीस और छियासठ पैसे मात्र) 26.06.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं.युजीएफ 4, ऊपरी तल, पीछे एलएचएस प्लॉट नं.सी 1/6, डीएलएफ अंकुर विहार लोनी, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश -201012।**

**दिनांक: 25.06.2024**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **शारदा, कृष्ण पाल, अर्पित कुमार गुप्ता और लीना चावला** को **10.09.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLDMT00458008** की राशि **रू.19,60,327.95/- (रुपए उन्नीस लाख साठ हजार तीन सौ सत्ताईस और पंचानवे पैसे मात्र)** और **26.06.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्तद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **(4)** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **25.06.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.19,60,327.95/- (रुपए उन्नीस लाख साठ हजार तीन सौ सत्ताईस और पंचानवे पैसे मात्र) 26.06.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं.युजीएफ- 3, ऊपरी तल मंजिल, पीछे एलएचएस, प्लॉट नं.-सी-1/58, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102।**

**दिनांक: 25.06.2024**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **प्रशांत कुमार शर्मा और सुधीर कुमार** को **15.09.2023** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLVAS00273932** की राशि **रू.17,90,452.87 /- (रुपए सत्रह लाख नब्बे हजार चार सौ बावन और सत्तासी पैसे मात्र)** और **14.09.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्तद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **(4)** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **25.06.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.17,90,452.87 /- (रुपए सत्रह लाख नब्बे हजार चार सौ बावन और सत्तासी पैसे मात्र) 14.09.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं.एफएफ-4, जिसका कवर्ड एरिया 60 स्के.मी.,पहली मंजिल पर (रूफ राइट्स के साथ), पीछे की ओर, दाहिने हाथ की ओर(एमआईजी), इंद्रप्रस्थ योजना से पहचाने जाने वाली कॉलोनी में, फ्री होल्ड प्लॉट नं.डी-337, गाज़ियाबाद-201010,उत्तर प्रदेश टू व्हीलर पार्किंग जगह के साथ और जो निम्ननुंसार परिबद्ध है:**

**पूर्व: फ्लैट नं.एफएफ-02** **पश्चिम: प्लॉट नं.डी-332**
**उत्तर: प्लॉट नं.डी-336** **दक्षिण: कॉमन पैसेज और सीढ़ी और फ्लैट नं.एफएफ-3**

**दिनांक :25.06.2024**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

**PUBLIC NOTICE**

TO be known to all that I, Navnit Kaur Sachdev wife of Shri Amarjit Singh resident of Farm No. 42-A, Dera Village, Opp. South End Drive, Main Dera Mandi Road, Delhi-110074, and Amrit Kaur wife of Shri Jagtar Singh resident of 23, North Avenue Road, West Punjabi Bagh, Delhi-110026, both Partners of M/S. Veena Sales Corporation, at 7A-7B, Block UA/3, Jawahar Nagar, Delhi- 110007. Both are the Allottee of Plot bearing No. 43, area measuring 250 sq mts. Pocket-I, Sector -2, Bawana Industrial Complex under relocation scheme , Bawana Delhi, allotted by DSIIDC against Application No. 29216 have lost their Original Perpetual Lease Deed of above said property. An NCR in this effect has been lodged vide LR No. 1854277/2024 Dated-28-06-2024. Finder may Contact: 9971244662

**PUBLIC NOTICE**

Army no 16117147 k Rank. NK.NAME GAJANAN KHILARE S/o JYOTIBA KHILARE Permanent Address Renuka Nagar, VTC: Mangasuli, PO. Mangasuli , Sub-Dist- Athani, Distt. Belagavi, State Karnataka - 591234, Presently residing New Delhi(08 Engr Regt 365, FD COY, Pin 914008, C/o 56 APO) declare that name of my Mother has been wrongly written as Kacawati and her Date of Birth is wrongly mentioned as 01-07-1967 in my service record. The actual correct name of my Mother is KALAVATI JYOTIBA KHILARE and her correct DOB is 01-01-1963 and the name of my Father has been wrongly written as JYOTI and his DOB wrongly mentioned as 01-07-1964 in my service record. The actual correct name of my Father is JYOTIBA KHILARE and his correct DOB is 01-01-1953. I, have changed the name of my minor Daughter from DIVYA to DIVYA GAJANAN KHILARE vide Affidavit dated 28-06-2024 before New Delhi Court.

## लोकसभा अध्यक्ष

### नेतृत्व में निरंतरता

**लोकसभा अध्यक्ष** के रूप में ओम बिड़ला की पुन: नियुक्ति उनकी क्षमता तथा लोकतंत्र में उनका विश्वास प्रकट करती है। उनकी यह नियुक्ति संसदीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। बिड़ला का नेतृत्व उनकी निष्पक्षता, लोकतांत्रिक सिद्धान्तों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता तथा संसदीय कार्यवाहियों की जटिलता में मार्ग खोजने के लिए जाना जाता है। बिड़ला ने कहा था, 'संसद लोकतंत्र का मंदिर है। यह हमारा दायित्व है कि इसका समुचित संचालन सुनिश्चित कर जनता की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति दें। मैं सभी सदस्यों के साथ यह सुनिश्चित करने हेतु काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि लोकसभा लोकतांत्रिक विमर्श का एक जीवन्त और प्रभावी मंच बन सके।' ओम बिड़ला राजस्थान के वरिष्ठ राजनेता तथा भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के सदस्य हैं। उन्होंने पहले 2019 में लोकसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभाई थी। उनकी पुन: नियुक्ति नेतृत्व की निरंतरता प्रदर्शित करती है जो निचले सदन का स्थायित्व व गरिमा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। यह देख कर बहुत खुशी होती है कि उनके चयन को न केवल उनकी पार्टी, बल्कि अनेक विपक्षी कतारों से भी व्यापक समर्थन मिला। सभी पार्टियों की ओर से मिला यह समर्थन इस बात की पुष्टि करता है कि बिड़ला निष्पक्षता के साथ संतुलित दृष्टिकोण अपनाने में सक्षम हैं और वे ऐसा परिवेश बनाते हैं जहां विविधतापूर्ण दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति तथा उन पर रचनात्मक बहस संभव हो।

ओम बिड़ला की राजनीतिक यात्रा 1990 के दशकारंभ में जनता की सेवा तथा जमीनी स्तर पर विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ शुरू हुई।



राजस्थान में कोटा-बूंदी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिड़ला ने राज्य और केन्द्र में विभिन्न महत्वपूर्ण भूमिकायें निभाई हैं। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिड़ला ने संसदीय कार्यवाहियों में पारदर्शिता और क्षमता में सुधार करने की पहल की है। उन्होंने लोकसभा का कामकाज आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए डिजिटल टूल्स व प्रक्रियाओं को सहज बनाया ताकि विधायी गतिविधियां सरल हो सकें और जनता की उन तक पहुंच हो सके। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर बिड़ला का कार्यकाल बिना चुनौतियों के नहीं था और वे अनेक विवादों में भी घिरे। ओम बिड़ला पर पूर्वाग्रह के आरोप लगे। आलोचकों का आरोप था कि वे संसदीय कार्यवाहियों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा का समर्थन करते हैं तथा चयनित रूप से प्रमुख मुद्दों पर बहस की अनुमति देते हैं या नहीं। संसदीय कामकाज में बाधा डालने के लिए उन्होंने अनेक विपक्षी सांसदों का निष्कासन किया, जबकि आलोचकों का तर्क है कि यह 'विरोध को दबाने' का कठोर और चयनित तरीका था। इसके साथ ही बिड़ला पर विपक्षी नेताओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप भी लगा जिसके चलते वे अक्सर उनके बोलने का समय कम कर उनका दृष्टिकोण सामने नहीं आने देते थे। लेकिन बिड़ला ने महिलाओं और युवा सांसदों की ज्यादा प्रतिभागिता सुनिश्चित की तथा संसदीय प्रक्रियाओं को ज्यादा समावेशी व प्रतिनिधिक बनाया। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिड़ला का पुन: चयन उनके नेतृत्व के प्रति लोकसभा सदस्यों का विश्वास प्रकट करता है। बिड़ला निष्पक्षता सुनिश्चित करने के साथ ही सदन की गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करने में भी सफल हुए हैं। इसके लिए पार्टियों की दलगत सीमाओं से ऊपर उठ कर उनकी प्रशंसा अनेक दलों के सदस्यों ने की है। उम्मीद है कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा भारत के संसदीय इतिहास में उल्लेखनीय योगदान कर भारत की प्रगति तेज करेगी।

# सुनक को भारतीयों का समर्थन

**ब्रिटेन में 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव में प्रमुख सवाल यह है कि क्या ब्रिटिश भारतीय वास्तव में वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी का समर्थन करेंगे?**

**विवेक शुक्ला**
(लेखक, पूर्व सूचनाधिकारी हैं)



ब्रिटेन में 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव में प्रमुख सवाल यह है कि क्या ब्रिटिश भारतीय वास्तव में वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी का समर्थन करेंगे? क्या ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव के बाद अपने पद पर बने रहेंगे? क्या सुनक की कंजरवेटिव पार्टी को ब्रिटिश भारतीयों के वोट मिलेंगे? क्या लेबर पार्टी को भी अनिवासी भारतीयों के वोट मिलेंगे? ये सवाल वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। ये सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं कि अनेक जनमत सर्वेक्षणों में ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी को लेबर पार्टी की तुलना में बहुत पीछे बताया जा रहा है। वर्ष 2011 की ब्रिटिश जनगणना के अनुसार ब्रिटेन में भारतीय मूल के 1.5 मिलियन लोग निवास करते हैं जो देश की कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत हैं। भारतीय ब्रिटेन में सबसे बड़ा 'आप्रवासी समूह' हैं।

वे अन्य आप्रवासी समूहों की तुलना में ज्यादा पढ़े-लिखे हैं तथा उनका शुमार ब्रिटेन के सबसे अमीर लोगों में होता है। ब्रिटेन में सबसे अमीर लोगों की सूची में हिंदुजा, लक्ष्मी मित्तल तथा स्वराज पाल जैसे भारतीय मूल के लोग शामिल हैं। ऋषि सुनक तथा उनकी पत्नी व इन्फोसिस संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के सबसे अमीर लोगों की सूची में 245 वें स्थान पर हैं। 'संडे टाइम्स' ने यह सूची मई में जारी की थी।

ऐतिहासिक रूप से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय आप्रवासी लेबर पार्टी के पक्षधर माने जाते रहे हैं। ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार के समय ही भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। इस कारण ब्रिटेन में पहले से रहने वाले भारतीय आप्रवासी स्वाभाविक रूप से लेबर पार्टी से प्रभावित थे। लेकिन हालिया सर्वेक्षणों से स्पष्ट है कि अनिवासी भारतीयों का झुकाव अब कंजरवेटिव पार्टी की ओर बढ़ रहा है जो लेबर पार्टी की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी है।

1970 के दशक से लंदन में रहने वाले लेखक विनोद चह्वाण का विश्वास है कि ब्रिटेन में रहने वाले हिंदू आगामी चुनाव में पूरी तरह से कंजरवेटिव पार्टी को वोट देंगे। यह खबर ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी को राहत देने वाली हो सकती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि जब हम ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की बात करते हैं तो उनमें उस देश में पूर्वी अफ्रीका, कैरीबियन द्वीपों तथा अन्य स्थानों से आकर बसने वाले हिंदू भी शामिल हैं। ऋषि सुनक का परिवार भी 1960 के दशक में कीनिया से आकर ब्रिटेन में बसा था, हालांकि उनके पूर्वजों का संबंध मूलत: पंजाब से है।

यह विश्वास भी किया जाता है कि ब्रिटेन में रहने वाले अनिवासी भारतीयों का बड़ा हिस्सा 2014 में नरेन्द्र मोदी के भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद कंजरवेटिव पार्टी का समर्थक बना है। इन समर्थकों में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक है। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों में हिंदुओं की संख्या एक मिलियन से अधिक है। इसके पीछे प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रीय और विदेश नीति है जो आप्रवासी भारतीयों में भारी आकर्षण का कारण बनी है। प्रधानमंत्री मोदी 2014 के बाद से ही अपनी सभी विदेश यात्राओं में आप्रवासी भारतीयों को संबोधित करने तथा उनसे विचार-विमर्श करने को प्रमुख स्थान देते रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में अपनी ब्रिटेन यात्रा के समय भारतीय मूल के 60,000 से अधिक लोगों को लंदन के खचाखच भरे विम्ब्ले स्टेडियम में संबोधित किया था। उस समय वहां गुजराती और पंजाबी लोगों की संख्या सर्वाधिक थी। तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन भी स्वयं को गर्व से 'भारत का दामाद' कहते थे। वे एक खास तरह से भारत के दामाद थे। उनकी दूसरी तलाकशुदा पत्नी मरीन व्हीलर की मां दीप सिंह कौर का विवाह पहले नई दिल्ली के प्रख्यात ठेकेदार सर शोभा सिंह के बेटे सरदार दलजीत सिंह से हुआ था।

> पहली बार ब्रिटिश हिंदुओं ने अपना एक घोषणापत्र जारी कर अगली सरकार से अपनी महत्वाकांक्षाओं और उम्मीदों को स्पष्ट किया है। उनका कहना है कि ब्रिटेन में रहने वाले हिंदू केवल उन उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे जो उनकी मांगों पर सहमति प्रकट करेंगे। ब्रिटेन में हिंदू तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। अब तक 29 हिंदू संगठनों ने इस घोषणापत्र से अपनी सहमति प्रकट की है।

हालांकि, यह महत्वपूर्ण तथ्य समझना भी जरूरी है कि ब्रिटेन में रहने वाले सभी आप्रवासी भारतीयों की सोच समान नहीं है। वे राजनीतिक रूप से न एक तरह सोचते हैं और न किसी खास नेता का समर्थन करते हैं। विश्वास किया जाता है कि ब्रिटेन में रहने वाले अधिकांश भारतीय मुसलमान और सिख लेबर पार्टी को वोट दे सकते हैं। ऐसे लोगों को कंजरवेटिव पार्टी तथा मोदी के बीच निकट संबंध पसंद नहीं हैं। 1960 से 1980 के दशक के बीच अधिकांश भारतीय आप्रवासी ब्रिटेन में युगांडा, कीनिया और कैरीबियन द्वीपों से आकर बसे थे। वे खासकर लेबर पार्टी की आप्रवासी अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता से आकर्षित थे। लेबर प्रधानमंत्री हेरोल्ड विल्सन द्वारा 1965 में पास 'रेस रिलेशन्स एक्ट' से वे बहुत प्रभावित थे।

युगांडा के क्रूर तानाशाह ईदी अमीन द्वारा अगस्त, 1972 में सभी भारतीयों को 90 दिन के भीतर देश छोड़ देने के आदेश के बाद हजारों भारतीय आप्रवासी ब्रिटेन आ गए थे। गंभीर विश्लेषण से पता चलता है कि ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं का आकर्षण कंजरवेटिव पार्टी के प्रति 2010 से बढ़ने लगा था। इस प्रवृत्ति में अमीर और पढ़े-लिखे दूसरी और तीसरी पीढ़ी के हिंदुओं का प्रमुख स्थान था। पिछले 25 वर्ष में भारत से ब्रिटेन आप्रवासियों की एक नई लहर आई है। इनमें डाक्टर, इंजीनियर, आईटी पेशेवर, आदि शामिल हैं।

ऐसे सभी अमीर व मुख्यत: हिंदू आप्रवासी भारतीय अपनी पहचान कंजरवेटिव पार्टी के मतदाताओं के रूप में करते हैं। अनिवासी भारतीयों का लेबर पार्टी से मोहभंग रातोंरात नहीं हुआ है। इसकी शुरुआत 2019 में लेबर पार्टी के प्रस्ताव से हुई थी जिसमें जम्मू कश्मीर की जनता के लिए 'आत्मनिर्णय के अधिकार' की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव के कारण ब्रिटेन में रहने वाले आप्रवासी भारतीयों के बड़े हिस्से ने लेबर पार्टी से अपनी दूरी बना ली थी। उन्होंने इसे भारत के आंतरिक मामलों में सीधे हस्तक्षेप की तरह देखा था। इस बीच ऋषि सुनक 2022 में ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बन गए।

इस घटना ने हिंदुओं और कंजरवेटिव पार्टी के बीच संबंध और गहरे कर दिए। हालांकि, अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि सभी हिंदू ब्रिटेन के आगामी आम चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी को वोट देंगे। हालांकि, पहली बार ब्रिटिश हिंदुओं ने अपना एक घोषणापत्र जारी कर अगली सरकार से अपनी महत्वाकांक्षाओं और उम्मीदों को स्पष्ट किया है। उनका कहना है कि ब्रिटेन में रहने वाले हिंदू केवल उन उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे जो उनकी मांगों पर सहमति प्रकट करेंगे। ब्रिटेन में हिंदू समुदाय तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। अब तक 29 हिंदू संगठनों ने इस घोषणापत्र से अपनी सहमति प्रकट की है।

घोषणापत्र के अनुसार, 'हिंदू ब्रिटिश अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश की अर्थव्यवस्था में हमारा योगदान तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक है। हम एक सर्वाधिक कानून का पालन करने वाले समुदाय हैं। लेकिन इसके बावजूद देश में हिंदू-विरोधी घृणा बढ़ रही है।' ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की सबसे बड़ी मांग अपनी सुरक्षा है। इन सभी चीजों को देखते हुए सवाल है कि क्या ब्रिटेन में रहने वाले लगभग सभी हिंदू कंजरवेटिव पार्टी को वोट देंगे? क्या लेबर और कंजरवेटिव पार्टियां हिंदू संगठनों द्वारा जारी घोषणापत्र पर विचार करेंगी?

# बांग्लादेश के साथ बेहतर रिश्तों की ओर

> शेख हसीना की यात्रा ने भारत के लिए रणनीतिक साझेदार के रूप में बांग्लादेश की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया।



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई भारतीय सरकार अपनी विदेश नीति के एजेंडे पर वापस आ गई है, जिसे उसने पिछले एक दशक में सावधानीपूर्वक तैयार किया है। शपथ ग्रहण के कुछ दिनों के भीतर ही श्री मोदी विशेष आमंत्रित के रूप में जी7 बैठकों में भाग लेने के लिए इटली गए थे। उनका शपथ ग्रहण समारोह अपने आप में पड़ोसी प्रथम के घोषित नीतिगत फोकस का एक बयान था।

शपथ ग्रहण समारोह में लगभग सभी दक्षिण पूर्व एशियाई देशों और कुछ हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं ने भाग लिया। गौरतलब है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के एक महीने के भीतर ही द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए भारत वापस आ गई थीं। शेख हसीना के साथ संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उजागर की गई बैठक का फोकस था आज हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक भविष्य की दृष्टि तैयार की है। दोनों देशों के युवाओं को ग्रीन पार्टनरशिप, डिजिटल पार्टनरशिप, ब्लू इकोनॉमी, स्पेस जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौते से लाभ होगा। भारत बांग्लादेश मैत्री सैटेलाइट हमारी साझेदारी को नई ऊंचाइयां देगा। हमने अपना फोकस- कनेक्टिविटी, वाणिज्य और सहयोग पर रखा है।

बांग्लादेश भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, न केवल अंतरंग भौगोलिक सीमाओं और साझा संस्कृति और भाषा के कारण, बल्कि भारत के पूर्वोत्तर को बंगाल की खाड़ी से जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण गलियारे के रूप में भी। दोनों देशों के प्रधान मंत्री शेख हसीना और नरेंद्र मोदी एक दशक से अधिक समय से शीर्ष पद पर हैं। उन्होंने एक ऐसा कामकाजी रिश्ता विकसित किया है, जिसकी बराबरी करना मुश्किल है, जो पिछले पांच वर्षों में इन नेताओं की दस बैठकों से रेखांकित होता है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से 18 मार्च को वर्चुअल प्रारूप में भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का उद्घाटन किया। पीएम शेख हसीना ने 11 जनवरी 2023 को वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट के उद्घाटन सत्र और 17 नवंबर 2023 को दूसरे वर्चुअल वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट में भी भाग लिया। नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी, नकली मुद्रा, मानव तस्करी और अपराधियों या आतंकवादियों की आवाजाही पर नज़र रखने के लिए संबंध।



सुरक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए, भारत और बांग्लादेश ने पिछले कुछ वर्षों में रक्षा सहयोग ढांचे पर काम किया है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री की हालिया यात्रा में दोनों देशों ने रक्षा साझेदारी को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया। अपने बयान में पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि रक्षा उत्पादन से लेकर सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण तक हमारे रक्षा सहयोग को और मजबूत किया जा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में, हमारा दृष्टिकोण समान है। हम इंडो-पैसिफिक महासागर पहल में शामिल होने के बांग्लादेश के फैसले का स्वागत करते हैं। हम बिम्सटेक सहित अन्य क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपना सहयोग जारी रखेंगे।

भारत-बांग्लादेश संबंधों का सबसे मजबूत स्तंभ अर्थव्यवस्था है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और भारत एशिया में बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 16 बिलियन डॉलर का है। पद्मा नदी से बहुप्रतीक्षित इलिश मछली के अलावा, बांग्लादेश भारत को लगभग 2 बिलियन डॉलर का सामान निर्यात करता है, जो एशिया में सबसे अधिक है।

पिछले कुछ वर्षों में, आक्रामक चीन ने अपने अपारदर्शी बुनियादी ढाँचे की परियोजनाओं के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों में भारत के लिए आरक्षित कुछ पारंपरिक स्थान पर कब्ज़ा करने की कोशिश की है। भारत ने बुनियादी ढाँचे की साझेदारी को बढ़ाकर और बांग्लादेश को दक्षिण पूर्व एशियाई दृष्टिकोण की तुलना में इंडो-पैसिफिक भू-राजनीतिक विश्वदृष्टि के करीब लाकर इसका विरोध किया है।

यह बांग्लादेश को ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और मध्य पूर्व में भारत के बहुपक्षीय भागीदारों के साथ संरेखित करने में मदद करता है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के तहत भारत के पहले राजकीय अतिथि के रूप में पीएम शेख हसीना की यात्रा दोनों पड़ोसियों के बीच मजबूत संबंधों का एक महत्वपूर्ण सुदृढ़ीकरण है।

## आप की बात

### राष्ट्रपति का अभिभाषण

**देश** की महामहिम राष्ट्रपति सुश्री द्रोपदी मुर्मू ने नवनिर्मित संसद में 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार कामकाज के रोड मैप की जानकारी देश के समक्ष रखी है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में नीट परीक्षा की धांधली आदि महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए तथा 2036 में भारत भूमि पर ओलंपिक कराए जाने का संकल्प दोहराया है जिसका देश के प्रत्येक नागरिक को स्वागत करना चाहिए। यह भारत के लिए गर्व की बात होगी कि 2036 का ओलंपिक भारत में कराया जाए। इसके लिए खेल मंत्रालय भी तैयारी में लगा है। देश का युवा भी पूरी आशा के साथ केंद्र सरकार के इस कदम के साथ खड़ा है। 2010 में भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों का सफल आयोजन भी किया था और एशियन गेम्स 1982 में दिल्ली में आयोजित किया गया था। उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में जनवरी 2023 में विश्व हॉकी कप का आयोजन किया गया था। इसी प्रकार 2018 में भी अंतरराष्ट्रीय हॉकी विश्व कप का आयोजन भारत में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इस प्रकार 2036 ओलंपिक के प्रति प्रतिबद्धता अपने अभिभाषण में व्यक्त कर महामहिम सुश्री द्रोपदी मुर्मू ने भारत के इस दावे को और बल दिया है। सभी राजनेताओं को इसका समर्थन करना चाहिए।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### आपातकाल का पाप

**लोकसभा** में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन नेताओं के साथ स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर उनके द्वारा आसन से आपातकाल का जिक्र करने पर नाराजी जाहिर करते हुए इस कदम को राजनीतिक करार दिया। आज भी कांग्रेसी उस आपातकाल को इसलिए नहीं भूल पाते हैं क्योंकि इसके दौरान पार्टी को जैसी बदनामी झेलनी पड़ी वह आज भी उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। आपातकाल का पाप कांग्रेस को कभी नहीं छोड़ेगा। लोकसभा स्पीकर के साथ ही राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी आपातकाल का उल्लेख था। आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था, अखबारों पर सेंसर थोपा गया था तथा उसी दौरान चाले नसबंदी अभियान को याद कर आज भी लोग सहम जाते हैं। कांग्रेसी व कई विपक्षी नेता पिछले दस साल से जारी कथित आपातकाल की बात करते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को जनता ने भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने का जनादेश दे दिया है और मोदी इस पर तेजी से अमल कर रहे हैं। यदि भ्रष्टाचार के आरोपी बड़े से बड़े नेता को सुप्रीम कोर्ट तक से राहत नहीं मिलती है तो ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को अघोषित आपातकाल नहीं कहा जा सकता है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### विपक्ष की गलती

**एनडीए** ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिड़ला का नाम सदन में पहले ही सर्वसम्मति से चुनने के लिए प्रस्तावित कर दिया था, किन्तु विपक्ष ने मांग की कि हमें उपाध्यक्ष का पद दिया जाए तभी हम ओम बिड़ला का समर्थन करेंगे। जब एनडीए इस शर्त पर नहीं हुआ तो उन्होंने के. सुरेश को उम्मीदवार घोषित करके चुनाव की स्थिति पैदा कर दी। भले ही कांग्रेस, टीएमसी व इंडी गठबंधन के अन्य सदस्यों ने इस मामले में काफी सफाई पेश की, किन्तु साफ़ था कि सत्ता-विपक्ष की सदस्य संख्या देखते हुए विपक्षी उम्मीदवार जीतना मुमकिन नहीं था। फिर भी उन्होंने अपनी अपरिपक्व राजनीतिक समझ का परिचय दे ही डाला। अगर वे सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए हामी भर लेते तो सत्ता पक्ष पर थोड़ा नैतिक दबाव बनता और जनता भी विपक्ष की सराहना करती। लेकिन विपक्ष ने ऐसा न कर भारी गलती की है। अब सत्ता पक्ष स्वाभाविक रूप से अपने गठबंधन सहयोगियों में से किसी को उपाध्यक्ष बना सकता है। इस पर सत्ता पक्ष के एक नेता का यह व्यंग बहुत मारक है कि जब हारने की नौबत आती है तो कांग्रेसी नेता किसी दलित को बलि का बकरा बनाना पसंद करते हैं और इस बार इसके लिए केरल के के. सुरेश को जानबूझ कर चुना गया था।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### आरक्षण पर विवाद

**बिहार सरकार** ने आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दी थी जिससे ईडब्ल्यूएस का आरक्षण जोड़ कर यह 75 प्रतिशत हो गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे निरस्त कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद पूरे देश में जातीय जनगणना की मांग हो रही है तथा कांग्रेस ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वादा भी किया था। वोटों की राजनीति के चलते सभी दल बढ़-चढ़कर आरक्षण देना चाह रहे हैं ताकि उनका वोट बैंक मजबूत हो सके। लेकिन यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि जातीय आरक्षण के चलते तीन पीढ़ियों से से फायदा उठाने वाले अब इसे अपने ही समाज के गरीबों तक नहीं पहुंचने देते हैं। इस निहित-स्वार्थके चलते अनेक प्रतिभाशाली छात्रों को अपनी योग्यता दिखाने का अवसर नहीं मिलता। रंगनाथ मिश्र कमेटी रिपोर्ट ने परिवार-केन्द्रित आरक्षण का सुझाव दिया था। अब आधार के सर्वव्यापी होने तथा डीबीटी सीधे खाते जाने के युग में इसे आसानी से लागू किया जा सकता है। इसका लाभ सभी जातियों के गरीब लोगों को मिलेगा और इससे वोटबैंक की राजनीति करने वाले नेताओं की असलियत भी उजागर हो जाएगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# नियंत्रण में रहें बालू-मोरम की कीमतें: योगी

● मुख्यमंत्री ने की खनन विभाग की समीक्षा ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

● खनन कार्यों के लिए अब जिलों से ही जारी होगा ईएमएम-11

## मानसून में हो बेहतर भंडारण व्यवस्था



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने नदी रेत और मोरम के स्थान पर 'एम-सैंड' (मैन्युफैक्चर्ड सैंड) को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार अतिशीघ्र एम-सैंड नीति लागू करने जा रही है, जिससे प्राकृतिक रेत/मोरम के एक नए विकल्प की उपलब्धता होगी।

शुक्रवार को खनन विभाग के साथ प्रस्तावित नीति पर विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण एवं नदियों के इकोसिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टेनबल विकास को गति दिया जाए। इस दृष्टि से 'एम-सैंड' एक बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के दृष्टिगत एम- सैण्ड को नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे। नई नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 'एम-सैंड' के गुणवत्ता मानकों को बनाये रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा शामिल है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी 'एम-सैंड' निर्माता अपने उत्पाद के लिये बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि नोडल विभाग के रूप में खनन विभाग 'एम-सैंड' के शीघ्र उत्पादन हेतु राज्य/जिला स्तर पर अनुज्ञप्तिधारकों और हितधारकों से समन्वय स्थापित कराएं। आम जनता को 'एम-सैंड' सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सके तथा 'एम-सैंड' की कीमत प्राकृतिक मोरम/बालू के सापेक्ष कम हो। इसके लिए प्रयास किया जाना चाहिए। इससे जुड़ी इकाइयों में पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना चाहिए। खनन पट्टा धारकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ने ई-अभिवहन प्रपत्र (ईएमएम-11) जारी करने की व्यवस्था को और सरल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रपत्र जारी करने की प्रक्रिया जनपद स्तर से ही होनी चाहिए। इसके लिए एक समय सीमा तय होनी चाहिए। निदेशालय से इसकी मॉनीटरिंग की जाए। वर्तमान में खनिज परिवहन से जुड़े वाहनों की ओवरलोडिंग को सफलतापूर्वक रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने जनपदों में टास्क फोर्स को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग रोकने के लिए सबसे बेहतर है जीरो पॉइंट, पर कार्रवाई की जाए। यानी खनन स्थल पर जहां से बालू, मोरम, गिट्टी आदि उपखनिज वाहन में लोड किया जाता हो, कार्रवाई वहीं होनी चाहिए। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन और खनन विभाग के स्थानीय अधिकारियों की सम्मिलित टीम एक टास्क फोर्स के रूप में प्रभावी कार्रवाई करे। साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बालू/मोरम के परिवहन की जांच करते समय व्यवहारिकता के साथ कार्य किया जाए। अनावश्यक रूप से आम जन का उत्पीड़न न हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उपखनिजों के परिवहन करने वाले वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग के लिए व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहन पर ई-अभिवहन प्रपत्र तब ही निर्गत हो जब वह वाहन खनन क्षेत्र के जियो फेंस एरिया में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईंट भट्ठे लगाए जाने के लिए उर्वर भूमि के स्थान पर बंजर भूमि का ही उपयोग किया जाना चाहिए। इसके लिए इस क्षेत्र के उद्यमियों से संवाद करें। उन्हें उर्वर भूमि का उपयोग न करने के लिए जागरूक करें। बरसात के मौसम में बालू/मोरम की कीमतों को नियंत्रित रखने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने इनके भंडारण व्यवस्था की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्ष 2023-24 में जहां 533 भंडारण स्थल थे वहीं इस सत्र में 645 भंडारण स्थल हैं। पिछले वर्ष के सापेक्ष भंडारण की मात्रा में भी वृद्धि हुई है।

# दो हजार करोड़ से यूपी में स्थापित होगा बायो प्लास्टिक पार्क

● लखीमपुर खीरी में 1000 हेक्टेयर में बनेगा पार्क, जमीन की तलाश तेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बायो** प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में जुटी योगी सरकार प्रदेश में दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुम्भी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये हैं। इस पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां ने केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल बनाया जाएगा।

बायो प्लास्टिक एक प्रकार का प्लास्टिक होता है जो प्राकृतिक सामग्रियों, जैसे कि मक्का, सूरजमुखी या शक्कर के कणों से बनाया जाता है। इसे प्राकृतिक प्लास्टिक भी कहा जाता है। यह तेजी से विघटित हो जाता है, जिससे इसका पर्यावरण में प्रदूषण प्रभाव कम होता है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि इसका उपयोग अलग-अलग उद्योगों में भी किया जा सकता है, जैसे कि पैकेजिंग, रेडिमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक उत्पाद। इसके विकास और उपयोग से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करने में यह बहुत ही ज्यादा सहायक साबित हो सकता है। बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं। इस पार्क में प्लास्टिक से जुड़ी विभिन्न प्रौद्योगिकियों का विकास और अध्ययन भी किया जाएगा। पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे। इसके जरिए प्लास्टिक से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा। साथ ही प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने और प्रदूषित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीकियों का अध्ययन किया जाएगा।

# सेंगोल को छोड़ कमजोर व उपेक्षित लोगों के हितों को लेकर केन्द्र को घेरे सपा: मायावती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संसद** के विशेष सत्र के बीच सेंगोल को लेकर सियासत तेज हो गई है। विपक्षी दलों ने संसद भवन के स्पीकर के आसन के पास स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग की है। समाजवादी पार्टी ने सेंगोल को राजशाही का प्रतीक बताते हुए उसे हटाकर उसकी जगह संविधान स्थापित करने की मांग की है। लेकिन इस पर मायावती ने सपा को जमकर घेरा है। शुक्रवार को मायावती ने कहा कि सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि वह देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में और आम जनहित के मुद्दों को भी केंद्र सरकार को घेरती। उन्होंने कहा कि जबकि सच्चाई ये है कि ये पार्टी अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है और सरकार में आकर कमजोर वर्गों के खिलाफ फैसले भी लेती है। इनके महापुरूषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकंडों से जरूर सावधान रहें।

# आईआईएम इंदौर ने की आगरा जोन की पुलिस के 'आपरेशन जागृति' की जमकर सराहना

## डीजीपी को उपलब्ध कराई गई आईआईएम के डायरेक्टर की इम्पैक्ट एसेसमेंट रिपोर्ट

● ऑपरेशन जागृति ने जमीनी स्तर पर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव डाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** प्रशान्त कुमार को आईआईएम इन्दौर के नवीन कृष्ण राय ने आगरा जोन की पुलिस के 'आपरेशन जागृति' के सम्बन्ध में डायरेक्टर आईआईएम इन्दौर द्वारा तैयार 'इम्पैक्ट एसेसमेंट रिपोर्ट की बुकलेट उपलब्ध कराई गई। डीजीपी ने आपरेशन जागृति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से महिलाओं एवं बालिकाओं में महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति जागरूकत्ता बढ़ती है, तथा महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

ऑपरेशन जागृति फेज-1 का थर्ड पार्टी इम्पैक्ट एसेसमेंट प्रोफेसर हिमांशु राय, डायरेक्टर आईआईएम इन्दौर द्वारा किया गया है। उक्त रिपोर्ट को तैयार करने में आईआईएम इन्दौर के डॉ. भवानी शंकर, डॉ. शिवानी शर्मा एवं नवीन कृष्ण राय का सहयोग रहा। आईआईएम इंदौर द्वारा आगरा जोन के सात जनपदों में रिसर्च टीम भेजकर सर्वे किया गया।

आईआईएम इंदौर द्वारा एसेसमेंट रिपोर्ट में अंकित किया गया है कि आपरेशन जागृति के मूल्यांकन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ऑपरेशन जागृति ने जमीनी स्तर पर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव डाला है। ऑपरेशन जागृति में विभिन्न विभागों के अग्रणी / जमीनी कर्मचारियों जैसे- बीट कॉस्टेबलों (पुलिस विभाग), आशा (स्वास्थ्य विभाग), शिक्षक (शिक्षा विभाग), पंचायत सचिव (पंचायत विभाग) आदि का उपयोग करते हुए समाज के कमजोर वर्गों तक एक व्यापक और प्रभावी पहुंच सुनिश्श्चत की और साथ ही सभी सरकारी विभागों के बीच सामंजस्यपूर्ण समन्वय का निर्माण किया। इसमे विभिन्न विभागों के प्रत्येक कर्मचारी के लिए एक स्पष्ट भूमिका थी, साथ ही एक स्पष्ट उत्तरदायित्व भी था और एक सतत फीडबैक तंत्र भी था। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश में आई सक्सेज स्टोरीज और व्यापक मीडिया प्रशंसा इस कार्यक्रम के प्रभाव को इंगित करती हैं। आईआईएम इंदौर एससमेंट रिपोर्ट में दिए गए सुझावों के आधार पर ऑपरेशन जागृति के फेज-2 के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन वर्तमान में प्रचलित है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में 4 चरणो में मिशन शक्ति अभियान चलाया गया, जिसके प्रभाव से महिलाओं के प्रति हिंसा व अपराध में कमी आयी। मिशन शक्ति अभियान से प्रेरणा लेते हुए, आगरा जोन में अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम यूनीसेफ के कोर्डिनेशन में पुलिस द्वारा अन्य सम्बन्धित विभागो जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन , महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, युवा एवं खेल विभाग, मनोवैज्ञानिक / काउन्सलर्स के समन्वय से संचालित किया जा रहा है।

# प्रदेश में 'यस-टेक प्रक्रिया' को लागू कर किसानों तक बीमा का लाभ पहुंचाएगी सरकार

● यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की दिशा में योगी सरकार ने उठाया कदम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फूड** बास्केट ऑफ इंडिया के तौर पर देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की पहचान को प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने अब प्रदेश के किसानों की फसलों की सुरक्षा को लेकर एक नया कदम उठाने जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब प्रदेश में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इस प्रक्रिया के साथ ही रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के अंतर्गत फसलों की मॉनिटरिंग व रखरखाव की प्रक्रिया को दुरुस्त करने की दिशा में भी योगी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की फसलों को मौसमी आपदाओं से बचाने, किसानों को फसलों का बीमा उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। अब इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए कृषि विभाग ने प्रदेश में यस टेक को लागू करने के लिए टेक्नोलॉजी इंप्लिमेंटेशन पार्टनर (टीआईपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कृषि विभाग ने प्रदेश के 75 जिलों में रबी व खरीफ सीजन की फसलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन को लेकर इस प्रक्रिया की शुरुआत की है। यस-टेक प्रक्रिया के जरिए आरडब्ल्यूबीसीआईएस को लागू करने में मुख्यत: गेहूं व धान की फसलों पर फिलहाल फोकस किया जा रहा। इस दौरान वर्ष 2023-24, 2024-25 व वर्ष 2025-26 के आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इन आंकड़ों को यस टेक मैनुअल-2023 के आधार पर संकलित किया जाएगा। मॉड्यूल के विकास के बाद अन्य बीमित फसलों को भी इससे जोड़ा जा सकता है। प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 5 सीजन के एसेसमेंट पीरियड के हिसाब से रिपोर्ट को तैयार किया जाएगा जिसमें मिड सीजन रिपोर्ट (एमएसआर) व एंड सीजन रिपोर्ट (ईएसआर) का भी संकलन किया जाएगा। इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए टीआईपी द्वारा मशीन लर्निंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉड्यूल को कार्य में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ सभी किसानों को मिले इस उद्देश्य से सीएम योगी की मंशा अनुरूप क्रियान्वित की गई योजना के अनुसार सभी जिलों में फसलों को ग्राम पंचायत स्तर पर बीमित करने और किसानों को बीमा कवर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं, पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के जरिए भी किसानों को लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया में बीमित खरीफ फसल के तौर पर केला, मिर्च व पान तथा रबी फसल के तौर पर टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मटर व आम को वरीयता दी गई है।

# भाजपा सरकार में उपभोक्ता के साथ बाजार में लूट की खुली छूट: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आते ही महंगाई बढ़ने लगी है। बाजार में उपभोक्ता के लूट की खुली छूट है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई अब चरम पर पहुंच गयी है। खाने-पीने की चीजों से लेकर मोटर साइकिल, साइकिल, ईंधन, जरूरत की हर सामान महंगा होता जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल है। इस सरकार को जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। चुनाव खत्म होते ही दूध, तेल, की कीमतें बढ़ गयी है। सब्जियों और दालों की कीमते आसमान छू रही है। पढ़ाई, लिखाई और दवाई के बोझ तले आम जनता पहले से दबी है। महंगाई के इस दौर में आम जनता के लिए जीवनयापन करना मुश्किल है। यादव ने कहा कि सच तो यह है कि बाजार पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। दाले 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। आलू 40 रूपये प्रति किलो ग्राम मिल रहा है। अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमतों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दो जून की रोटी की व्यवस्था कर पाना मुश्किल है। यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को झटका दिया है लेकिन वह येनकेन प्रकारेण सत्ता पर काबिज हो गयी। भाजपा सरकार का अहंकार अभी भी कम नहीं हो रहा है। भाजपा की नीतियां सिर्फ पूंजीपतियों के लिए है।

# आगरा व लखनऊ नगर निगम के दो अधिकारी तत्काल प्रभाव से निलम्बित

● शासकीय आदेशों की अवहेलना और कर्तव्यों के प्रति लापरवाही व उदासीनता बरतने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने शासकीय आदेशों की अवहेलना, कर्तव्यों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर नगर निगम आगरा एवं लखनऊ के दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। इसमें नगर निगम, आगरा में उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) स्वास्थ्य सेवा के जोनल सेनेटरी ऑफीसर श्री महेश चन्द्र को शासकीय आदेशों की अवहेलना व अवचार पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। इसी प्रकार नगर निगम, लखनऊ में जोन-7 के अधिशासी अभियंता (सिविल) बिजेन्द्र पाल को अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। इन दोनों निलम्बित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति भी कर दी गई है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में शुक्रवार को निलम्बन आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नगर निगम आगरा के जोनल सेनेटरी ऑफिसर को दिसम्बर 2023 में नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में इसी पद पर तैनाती के आदेश दिए गए थे। जिस पर महेश चन्द्र द्वारा नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। साथ ही इस अनुशासनहीनता पर उनका स्पष्टीकरण मांगने पर भी उन्होंने शासकीय आदेशों की अवहेलना की थी। इसी प्रकार लखनऊ नगर निगम में जोन-7 के अधिशासी अभियन्ता (सिविल) बिजेन्द्र पाल द्वारा अपने क्षेत्रों में नाला सफाई के कार्य को समय से न कराये जाने, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक न किये जाने तथा कार्यों में रूचि न लेने आदि के कारण निलम्बित किया गया है। नगर निगम लखनऊ की महापौर द्वारा जोन-7 स्थित लोहिया नगर, शंकर पुरवा द्वितीय, इन्दिरा नगर वार्ड के पास के नालों की सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया था, जिसमें कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने नगरीय निकायों के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि विभागीय कार्यों में लापरवाही एवं शिथिलता बरतने तथा शासकीय आदेशों की अवहेलना पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# फिल्म सिटी से 50 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार, 5 से 7 लाख को अप्रत्यक्ष रूप से होगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और तीन साल के अंदर यहां फिल्मों की शूटिंग और इससे संबंधित कार्य शुरू हो जाएंगे। यही नहीं,फिल्म सिटी के निर्माण से प्रदेश और आसपास के राज्यों के 50 हजार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं 5 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। यही नहीं, स्किल्ड के साथ-साथ यहां अनस्किल्ड लोगों के लिए भी संभावनाएं होंगी। इसके अलावा, प्रदेश के जो लोग मुंबई, हैदराबाद व चेन्नई जैसे राज्यों में फिल्मों में अवसर तलाश रहे हैं, उन्हें यहां अवसर मिल सकेंगे, जबकि फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना से फिल्मों में अपना करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं का यह सपना साकार हो सकेगा। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट के साथ ही यीडा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण मुख्यमंत्री जी का सपना था, जो अब धरातल पर उतरने जा रहा है। इस फिल्म सिटी का निर्माण कार्य 4 से 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और 3 साल में यहां फिल्म से जुड़ी जितनी भी गतिविधियां होती हैं वो भी शुरू हो जाएंगी।

फिल्म सिटी की शुरुआत से यहां प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। जो लोग मुंबई जाकर फिल्मों में काम करने का सपना देखते हैं, उन्हें अब यहीं अवसर मिलेगा। बहुत से लोग हैं जिनमें प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वो बड़े शहरों के खर्च अफोर्ड नहीं कर सकते हैं। उन्हें भी यहां अवसर मिल सकेगा।

# तीन नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित

● पहली जुलाई को प्रदेश के सभी थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को किया जाएगा जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सहित पूरे देश में पहली जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में पुलिस मुख्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए समन्वय समिति का गठन किया गया है। जिनके द्वारा नए कानूनों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उत्पन्न होने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों का निवारण किया जाएगा तथा थाना, सर्किल, कमिश्नरेट /जिला मुख्यालय, परिक्षेत्र एवं जोन स्तर पर समन्वय समिति का गठन किया जा रहा है, जो पहली जुलाई से लागू हो रहे नये कानूनों के सफल क्रियान्वयन में आने वाली किसी भी कठिनाइयों को दूर करने के लिए सर्वसम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर कठिनाई को दूर करेंगे ताकि नए कानून को सफलतापूर्वक लागू किया जा सके।

तकनीकी मुख्यालय द्वारा सीसीटीएनएस को अपग्रेड करते हुए 23 पैच और 7 इनपुट फार्म प्राप्त किया गया है तथा प्रासिक्यूसन एण्ड ई-प्रीजन साफ्टवेयर को भी अपग्रेड किया गया है।

नए उपकरणों के क्रय,सीसीटीएनएस के कार्यों के समन्वय एवं प्रचार प्रसार सामग्री का आलेखन व पम्पलेट तैयार करने हेतु एडीजी पुलिस मुख्यालय, एडीजी तकनीकी सेवाएं एवं डीजी प्रशिक्षण के कार्यालय में नोडल अधिकारी को नामित किया गया है जो इन कानूनों को लागू करने में सहयोग एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। पहली जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों को प्रदेश के सभी पुलिस थानों पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें थाना क्षेत्र के गणमान्य /सम्भ्रान्त व्यक्तियों को सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया जायेगा। कार्यक्रम में नए कानूनों के बारे में थाना प्रभारियों द्वारा आमंत्रित सदस्यों को विस्तार से अवगत कराया जायेगा तथा थाने में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित अपराधों के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी। आयोजन के समापन के समय राष्ट्रीय गान गाया जायेगा। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस संगठन (यूपी पुलिस) को प्रशिक्षण देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। उन्होंने बताया कि आईपीएस, पीपीएस अधिकारियों को मुख्यालय स्तर पर एवं निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी को जिला स्तर पर वृहद सेन्ट्रलाइज्ड ट्रेनिंग करायी जा रही है तथा बुकलेट एवं वीडियों बनवाकर जनपदों/ थानों को भेजा गया है।

# मुख्य सचिव ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण किया

● कैचअप प्लान 15 जुलाई तक प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि एयरपोर्ट का विकास माइलस्टोन के अनुसार माह सितम्बर 2024 तक पूर्ण कराकर प्रत्येक दशा में माह दिसम्बर तक एयरपोर्ट का कॉमर्शियल ऑपरेशन शुरू कराया जाए। इसके अलावा उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को सभी तरह के इक्विपमेंट लगाने का कार्य माह सितंबर तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिए गए कि कंसेशनयर सभी विभागों की आवश्यकता और प्रचलित नियमों के अनुसार कार्यवाही कराए और समस्या का निस्तारण माह सितंबर तक पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट का कॉमर्शियल ऑपरेशन प्रत्येक दशा में माह दिसंबर में प्रारंभ होना है, इसके लिए कंसेशनयर, टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के साथ बैठक कर कैचअप प्लान 15 जुलाई तक प्रस्तुत करें। फॉरेस्ट डिपार्टमेण्ट रेस्क्यू सेंटर का कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण कराए।

निरीक्षण के समय विकासकर्ता ज़ुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बताया गया कि परियोजना हेतु डिवेलप्मेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा एटीसी बिल्डिंग के कम्पलीशन का कार्य चल रहा है। माह अगस्त तक बिल्डिंग को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया को एटीसी इक्विपमेंट लगाने के लिए हस्तगत कर दिया जायेगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा इक्विपमेंट के इंस्टालेशन का कार्य माह सितम्बर तक पूर्ण करने के लिए आश्वस्त किया गया। रनवे पर और एप्रेरन पर वर्तमान में इलेक्ट्रिक लाईट का कार्य चल रहा है। रनवे के पास नेविगेशन इक्विपमेंट के साथ-साथ ग्लाइड पाथ एंटेना और लोकलाइज़र लगाए जा चुके है। टर्मिनल बिल्डिंग के निरीक्षण के समय कंसेशनेयर द्वारा अवगत कराया गया की वर्तमान में फसेड और रूफ का कार्य प्रगति पर है तथा पियर पर फ़िनिशिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ऑटोमेटेड बैगेज हैंडलिंग सिस्टम के इंस्टालेशन का कार्य प्रगति पर है। कंसेशनयर द्वारा यह भी अवगत कराया गया की अभी तक 37 मिलियन सेफ वर्क ऑवर का कार्य सफलतापूर्वक किया गया है। बैठक में ज़ेवर एयरपोर्ट के लिए सीआईएसएफ़, सीएनएसएटीएम, सिक्योरिटी और डीजीसीए से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें सम्बंधित केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। निरीक्षण और बैठक में सीईओ नायल डॉ. अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष वर्मा, नायल के नोडल ऑफ़िसर शैलेंद्र भाटिया, कंसेशनयर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ सैल्मन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारीगण और प्राधिकरण के एसीईओ पिल सिंह और विपिन जैन उपस्थित रहे।

# मानसून की पहली बारिश ने खोली अमरौधा में जल निकासी व्यवस्था की पोल

**पुखरायां, कानपुर देहात।** मानसून की पहली बारिश ने ही नगरीय इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था की पोल खोल दी। गुरुवार की रात हुई मानसून की पहली बारिश से नगर पंचायत अमरौधा क्षेत्र के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। सबेरे शुक्रवार को लोग जलभराव की समस्या से जूझते दिखे। सड़कों पर गंदा पानी जमा होने के कारण लोगों का घरों से निकलना दुश्वार हो गया है। नागरिकों का कहना है कि विगत कई वर्षों से समस्या जैसी की तैसी बनी है। जबकि कई मर्तबा नगर पंचायत प्रशासन को अवगत कराया गया है।


अमरौधा में इंटर कॉलेज गेट के सामने भरा बारिश का

बीते गुरुवार की रात हुई बारिश के बाद नगर पंचायत अमरौधा की सड़कें पानी से लबालब हो गईं। सुबह जब लोग सोकर उठे तो घरों से निकलना मुश्किल हो गया। जुलहठी मोहल्ले के वेद प्रकाश संखवार, मिश्राना के अशोक कुमार संखवार, विनोद कुमार संखवार, विनोद कुमार चक, आशिफ, नसीर और गुड्डू ने बताया कि कस्बे के इकलौते बृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गेट के सामने से बसावनपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर पानी भरा है। मोहल्लों के करीब 100 से अधिक घरों के आने-जाने का यही मुख्य रास्ता है। वहीं पातेपुर, लंगडेपुर के ग्रामीण भी इसी रास्ते से अमरौधा तक आवागमन करते हैं। इस पर पानी भरा होने के कारण आवागमन में दिक्कत हो रही है। कई बाइक और साइकिल सवार जलभराव में गिरते-गिरते बचे हैं। कई बार इस मुद्दे को नगर पंचायत के जिम्मेदारों के सामने उठाया गया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। इसी का खामियाजा इस साल की बारिश में भुगतना पड़ेगा, जिसकी शुरुआत मानसून की पहली बारिश से ही हो गई। बृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरौधा कानपुर देहात के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा का कहना है कि यही हाल रहा तो बारिश के दिनों में शिक्षण कार्य बाधित रहेगा। इस बावत नगर पंचायत अमरौधा के अधिशासी अधिकारी सुनीति त्रिपाठी का कहना है पंपिंग सेट से पानी निकालने की व्यवस्था कराई जाएगी। वहीं जल निकासी के अवरुद्ध हुए परंपरागत मार्गों की सफाई कराकर जलभराव रोका जाएगा।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत चार राष्ट्रीय पक्षी की भी मौत

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** क्षेत्र के दो अलग.अलग गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक जगह महिला की मौत हो गई वहीं दूसरी जगह चार राष्ट्रीय पक्षियों की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लिया है। जनपद कानपुर देहात के रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी ज्ञानदेवी (70) पत्नी छोटे सिंह अपने घर से कूड़ा डालने जा रही थी तभी बारिश के साथ आसमान से तड़तड़ा रही आकाशीय बिजली बुजुर्ग महिला के ऊपर गिर गई जिससे मौके पर महिला की मौत हो गई। इस घटना से घर मे कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।वही समायूँ गांव में पेड़ो के ऊपर एक साथ बैठी चार राष्ट्रीय पक्षी भी आकाशीय बिजली के चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस व वन विभाग टीम को दी है।

# खीरी में संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारी जिलाधिकारी के अध्यक्षता में बनी रणनीति

● **डीएम बोले, सम्भावित बाढ़ को देखते हुए तैयार करें कारगर और प्रभावी कार्ययोजना**



**लखीमपुर खीरी।** खीरी में बाढ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने और उनके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों संग सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट में द्वितीय जिलास्तरीय बाढ़ स्टेरिंग ग्रुप बैठक ली, अफसरों को सम्भावित बाढ़ को देखते हुए कारगर और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने सभी सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिया कि बाढ़ चौकियों, बाढ़ राहत केन्द्रोंए बाढ़ शरणालयों, लंगर स्थलों के चयनए तहसील अन्तर्गत उपलब्ध सरकारी व गैर सरकारी नावों, मल्लाहों, गोताखोरो की उपलब्धता का जायजा लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक की शुरुआत में ईई बाढ़ खंड अजय कुमार ने पीपीटी के जरिए विगत वर्षों में नदियों का जलस्तर एवं डिस्चार्जए तटबंधों की मरम्मत एवं कटावनिरोधक कार्य सहित गतवर्ष निर्मित परियोजनाओं से होने वाले लाभों को रेखांकित किया। शारदा बैराज सात लाख क्यूसेक डिस्चार्ज के लिए डिजाइन है। अबतक अधिकतम 5.32 लाख क्यूसेक क्रॉस कर चुका है। इस वर्ष जिले में 11 कटाव निरोधी परियोजनाएं 17 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक पूर्ण की गई है। जिले में एक जून से कंट्रोल रूम संचालित हैए जिसपर डीएम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष शारदा नगर का फोन मिलवाया और उसकी क्रियाशीलता परखी।

डीएम ने जाना कि अबतक किन बीडीओ ने संवेदनशील बाढ़ इलाकों का भ्रमण किया। निर्देश दिए कि सभी बीडीओ संवेदनशील बाढ़ इलाकों का स्थलीय भ्रमण अवश्य कर लें। बाढ़ चौकी के बाढ़ चौकी के निकट अस्थाई शौचालय एवं स्नानागार बनवाए एवं उसकी सफाई भी सुनिश्चित कराई जायेगी। राहत कैंपों में सोलर लाइट एवं पेट्रोमैक्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीपीआरओ ने बताया कि इसबार 91 नई नाव ग्राम निधि से खरीदी गई। इनको मिलाते हुए 235 नाव क्रियाशील है।

# तीन नये आपराधिक कानूनों के लिये लोगों को किया जागरूक


नये आपराधिक कानूनों के विषय में लोगों को जागरूक करते एसओ एसएन सिंह।

**रूरा, कानपुर देहात।** नगर पॅचायत कार्यालय सभागार में चैयरमैन रामजी गुप्ता की उपस्थिति में तीन नयें आपराधिक कानूनों के विषय में प्रभारी निरीक्षक रूरा एसएन सिंह ने लोगों को जागरूक किया तथा अगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानूनों की विशेषताओं से उपस्थिति लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। 1 जुलाई से देश में लागू होने वाले नये भारतीय न्याय सॅहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा सॅहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधि. 2023 के संबंध में लोगों की आशॅकाओं को दूर करने के लिये नगर पॅचायत सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया, रूरा थानाध्यक्ष एसएन सिंह ने बताया कि अॅग्रेजों के जमाने में बनाये गये अप्रासॅगिक हो गये कानूनों के स्थान पर लोगों को समुचित न्याय प्रदान करने के लिये यह तीनों कानून लागू किये जा रहे है, लोगों को नये कानूनों लागू होने पर आसान व सुविधाजनक न्याय तकनीकी सुविधाओं के साथ उपलब्ध होगा, बैठक को चैयरमैन रामजी गुप्ता ने भी सम्बोधित किया, इस मौके पर सभासद अॅशुल बाजपेई, आशुतोष मिश्रा, सुरेश कुमार, भाजपा नेता पुच्चू अवस्थी, दिनेश पालीवाल, अनिल अवस्थी एडवोकेट, पप्पन बाजपेई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नगर पंचायत गोहांड के आडिट में भारी अनियमितताएं नियमों को ताक में रखकर की गयी हेराफेरी

● **चित्रकूटधाम मंडल के कमिश्नर शीघ्र बैठक कर करेगे समीक्षा, स्थानीय निकायों में सालों से हो रहा है धन का दुरुपयोग**

**हमीरपुर।** नगर पंचायत गोहांड में आडिट में भारी अनियमितताएं पायी गयी है। जहां एक ओर ठेकेदारों से बकाया धनराशि नही वसूली गयी है वही दूसरी ओर शासनादेशों के नियमों का उल्लंघन कर निर्माण कार्य कराया गया है। चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त शीघ्र एक बैठक बुलाकर अनियमिताओं के बारे में चर्चा करेगे शीघ्र तिथि निश्चित की जायेगी। मामले में पत्र जारी कर दिया है। नपा व नगर पंचायतों के आडिट में भारी अनियमितताएं पायी जाती है इनमें पूरी तरह से राजनीतिक हस्तक्षेप होने के कारण कोई कार्यवाही नही होती है। आडिट में पाया गया है कि ठेकेदारों से ठेके की बकाया धनराशि 39,18,750 रुपये की वसूली नही की गयी है। जिससे पंचायत का भारी नुकसान हुआ है। इसी प्रकार अन्त्येष्टि स्थल के लिये प्राप्त लाखों रुपये का अनुदान का उपभोग न करके लंबित रखा गया है जिससे लोगों का उसका लाभ नही मिला है। नियमानुसार नगर पंचायत में काम नही किया गया है न ही बजट का उपभोग किया गया है, 77 लाख 79 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। आउट सोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों के बेतन से ईपीएफ व ईएसआर की कटौती की धनराशि को जमा न करके तीन लाख 30 हजार 933 रुपये का पंचायत का नुकसान हुआ है। नगर पंचायत द्वारा विद्युत सब स्टेशनों व विद्युत उपक्रमों पर करो का आरोपण नही किया गया है जिससे 2,90,625 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। मछली पालन के लिये तालाबों का ठेका न उठाये जाने से नगर पंचायत की दो लाख 85 हजार 860 रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। शासन को भेजी गयी रिपोर्ट में कहा गया है कि नगर पंचायतों से लगी दुकानों को किरायो में नही उठाया गया है। जिससे एक लाख 54 हजार रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। अन्य ढेर सारी कमिया व अनियमितताएं पायी गयी है। आडिट रिपोर्ट शासन के अलावा कमिश्नर व जिलाधिकारी को भेज दी गयी है। स्थानीय निकायों के प्रभारी अधिकार डा. नागेंद्र नाथ यादव का कहना है कि बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये है.जो भी आपत्तियां लगायी गयी है उनका निस्तारण किया जाये। गोहांड नगर पंचायत के ईओ राजेश वर्मा का कहना है कि सामने जो भी अनियमितताएं आयी है संबंधित पटल के लिपित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की है। चित्रकूटधाम के कमिश्नर ने गंभीरता से लेते हुये शीघ्र बैठक बुलाये जाने के लिखित आदेश कर दिये ताकि मंडल में स्थानीय निकायों में आ रही अनियमिताओं पर रोक लगायी जा सके।

## हडताल समाप्ती के बाद नगर में चलाया गया सफाई अभियान

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बीते दिन वेतन वृद्धि, पीएफ, सफाई यंत्र, मृतक आश्रित को नौकरी की मांग को लेकर ठेका सफाई कर्मी हडताल पर चले गये थे। पालिकाध्यक्षा एवं अधिसाषी अधिकारी नें ठेका कर्मियों की सभी मांगों को पूरा करनें के आश्वासन देनें के बाद सफाई कर्मियों ने अपने काम पर लौटते हुये नगर में सफाई अभियान में जुट गए। नागरिकों ने राहत की सांस ली। पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता एवं अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित नें ठेका सफाई कर्मियों की सभी मांगों को पूर्ण करनें के आश्वासन के बाद उनके निर्देश पर सफाई इंचार्ज राजन राजपूत द्वारा पालिका की जेसीबी एवं अलग-अलग टीमों के साथ नगर के मोहल्ला रामगंज, किदवई नगर, जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर रोड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर नालों की साफ-सफाई कराकर सिल्ट को उठाया गया। अधिसाषी अधिकारी ने नागरिकों से नालो एवं नालियों में कूड़ा कचरा न फेंकने की अपील करते हुए गीले और सूखे कचरे को हरे व नीले डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया।

## क्विक न्यूज

### युवती फांसी के फंदे पर लटकी, शव बरामद

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक प्राइवेट अस्पताल में फांसी के फंदे लटकी नौकरानी युवती का शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मैनपुरी जिले के भोगांव के रसूलाबाद की निवासिनी रुक्मिनी उम्र करीब 20 वर्ष पुत्री सुभाष फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के नगला दीना स्थित डॉ अंजली श्रीवास्तव के यहां झाड़ू पोछा एव बच्चों की देखभाल आदि का कार्य करती थी और पड़ोस की गली में किराए के कमरे में अपने परिवार के साथ रहती थी। सूत्रों के अनुसार नौकरानी युवती रुक्मिणी को नित्य प्रति प्रातः काम के लिए अस्पताल में जाना पड़ता था। आज शुक्रवार प्रातः अस्पताल की तीसरी मंजिल के बाथरूम में नौकरानी युवती रुक्मिनी दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटकी हुई देखी गई। घटना की सूचना मिलते ही रुकमिनी के परिवारीजन मां रेखा आदि मौके पर पहुंचे। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवती के शब को अपने में कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ भिजवाया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटना की बारीकी से सभी पहलुओं पर जाच पड़ताल शुरू की गई है।

### लक्की को युवक को गोली मारने के आरोप में किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** युवक व उसके दोस्त के साथ मारपीट व गाली-गलौज करनें व गोली चलानें के मामले में पुलिस नें एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को तमंचा व कारतूस बरामद हुए। कौशलेंद्र सिंह पुत्र सिद्धनाथ निवासी आवास विकास हिंदुस्तान होटल व उसके साथी अनुज प्रताप सिंह के साथ मारपीट कर अनुज के गोली मारनें के आरोपी हिमांशु सिंह उर्फलक्की ठाकुर पुत्र मनोज सिंह निवासी चोव दरान पल्ला को शहर कोतवाल जेपी शर्मा और उनकी टीम नें गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस को एक 315 बोर का तमंचा, एक खोखा 315 बोर, एक कारतूस 315 बोर को बरामद किया।



### चोरों ने देशी शराब के पाउच व नगदी की पार

**राठ (हमीरपुर)।** गुरुवार की चोरों ने देशी शराब के ठेके से दो पेटी शराब व गोलक में रखी नकदी पार कर दी है। पीड़ित सेल्समैन ने कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि वह हमीरपुर रोड स्थित देसी शराब ठेके का सेल्समेन है। गुरुवार रात शराब की दुकान बंदकर घर आ गया था। दुकान का ताला टूटा होने पर शुक्रवार सुबह चोरी की घटना की जानकारी हुई। दुकान के अंदर से चोर दो पेटी शराब और गुल्लक से 15700 रुपए चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### दबंगों ने घेर कर की मारपीट

**राठ।** क्षेत्र के चिकासी के रानी पत्नी जुझार सिंह ने बताया कि उसका लड़का करन खदान में लेबलिंग का काम करता है। 23 मई को शाम छह उसका पुत्र काम कर रहा था। तभी सत्यम, बाबू, अखिल, कप्पू आए और पुत्र से फावड़ा मांगने लगे। उसने मना तो मारने पीटने लगे। जब उसका पुत्र भागकर घर आया तो उक्त लोग पीछे पीछे घर आ गए। शोर सुनकर जब वह घर के बाहर आईं तो उसे भी मारा-पीटा। मारपीट से उसकी आंख में चोट आईं हैं और पुत्र के पैर में चोट है।

### रंगदारी नहीं दी तो मारपीट कर किया घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** प्राइवेट बस कंडक्टर को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया जिससे आहत होकर बस कंडक्टर ने कोतवाली पहुंच करर लिखित शिकायत की है। मौदहा बांदा मार्ग में प्राइवेट बस के परिचालक को टिकरी के पास कमलेश उसके साथी विनय ने बस खड़ी करवा लिया रोड से निकलने पर टैक्स का पैसा न देने पर गालियां देते हुए मारपीट कर दिया बस में बैठी सवारियों ने बस कंडक्टर का बीच बचाव कर किसी तरह मामले को शांत करवाया इस घटना से आहत होकर कंडक्टर कोतवाली पहुंच तहरीर देकर कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की तहरीर मिली है जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### आत्महत्या करने का किया प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर)।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया, परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। क्षेत्र के करहिया गांव निवासी रामबालक पुत्र मूलचंद प्रजापति ने अज्ञात कारणों से घर में रखा सल्फास खा लिया हालत गंभीर होने पर परिजनों ने आनन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## आकाशीय बिजली से महिला समेत पांच पशुओं की मौत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हल्की बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से जंगल में बकरियां चरा रही महिला की पांच बकरियों के साथ मौत हो गई। इस घटना से लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के झुरहापुर मजरे अर्जुनपुर गढ़ा निवासी कैरी देवी (45) पत्नी रामकृपाल निषाद अपने तीन बकरा और दो बकरियां लेकर जंगल चराने गई थी। बताते हैं कि सांयकाल करीब साढ़े चार बजे हल्की बारिश होने लगी तो वह पानी से बचने के लिए पेड़ के बकरियों को लेकर खड़ी हो गई। इसी बीच तेज चमक व कड़क के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे झुलस कर बकरियों सहित महिला की मौत हो गई। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों व परिवारीजनों को हुई तो उनके बीच हड़कंप मच गया। सभी लोग घटनास्थ पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया।

## प्रेम प्रसंग में बेटे की हत्या कर शव को लटकाया

**फतेहपुर।** पंद्रह दिन पूर्व जंगल में पेड़ से लटका हुआ युवक का शव मिलने के बाद से ही परिजन लगातार प्रेमिका के परिजनों पर हत्या करके शव को लटकाए जाने का आरोप लगा रहे थे। मुकदमा दर्ज न होने पर परिजन ग्रामीणों संग कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। उधर शहर कोतवाल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से कहा कि थाने जाइए, पुलिस मुकदमा दर्ज करेगी। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सकूलपुर निवासी आनंद पाल पुत्र स्व. चंद्र गांव के लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और बेटे की हत्या करके शव को लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। तत्पश्चात उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि तेरह जून को शाम सात-आठ बजे पेड़ से लटका बेटे विष्णु प्रसाद का शव बरामद हुआ था। बताया कि गांव के ही मुन्ना कोरी की बेटी से उसका प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसकी शिकायत मुन्ना कोरी व उसके साले श्रीबाबू ने मेरी पत्नी संगीता देवी से फोन पर करते हुए कहा था कि अपने बेटे को समझा लो वरना उसको जान से मार देंगे। फिर भी मुन्ना की बेटी बार-बार उनके बेटे को फोन करती थी। जिस पर मेरी पत्नी ने मुन्ना कोरी व उसकी पत्नी से कहा था कि बेटी को समझाओ कि उसके बेटे के पास फोन न किया करे। जिस पर मुन्ना ने धमकी दी थी कि यदि उसका बेटा न माना तो जान से मार देंगे। बताया कि दो वर्ष पूर्व मुन्ना कोरी ने उसके बेटे को घर पर अकेला पाकर मारापीटा था। जिससे वह मरणासन्न हो गया था। मुन्ना कोरी लगातार उनको धमकियां दे रहा था और उसने व उसके परिवार ने ही पुत्र की हत्या करके शव को पेड़ पर लटकाया है। ग्रामीणों ने मांग किया कि घटना का संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच कराकर आरोपियों व सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर शहर कोतवाल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराते हुए कहा कि वह हुसैनगंज थाने पहुंचे जहां मुकदमा दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## तीन अलग-अलग स्थान में मिट्टी खनन करते तीन जेसीबी पकड़ी गई

**बिंदकी (फतेहपुर)।** रात में हो रही मिट्टी खनन की जानकारी मिलने पर एसडीएम तथा नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीन अलग-अलग स्थान में मिट्टी खनन करते समय तीन जेसीबी पकड़ी जिनको पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इस बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। गुरुवार की रात को बकेवर थाना क्षेत्र के पधारा गांव में मिट्टी खनन का काम चल रहा था जिस पर एसडीएम अभिनित कुमार तथा नायब तहसीलदार अमरेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। मिट्टी खनन करते समय एक जेसीबी को पकड़ लिया गया। पकड़ी गई जेसीबी को अधिकारियों ने बकेवर थाना परिसर में खड़ा कर दिया। अधिकारी थाना कल्याणपुर क्षेत्र के कंशपुर गुगौली गांव में मिट्टी खनन का काम चल रहा था दोनों अधिकारियों ने एक जेसीबी पकड़ी। थाना कल्याणपुर क्षेत्र के अंतर्गत ही मुरादीपुर गांव में रात को मिट्टी खनन का काम चल रहा था।

# सदर विधायक ने तीन सीसी मार्गों का किया उद्घाटन

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निधि से निर्मित कराई गई तीन सीसी रोडों का विधि-विधानपूर्वक उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व सभी स्थानों पर सदर विधायक का ग्रामीणों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत कर उनके इस प्रयास की जमकर सराहना की। बताते चलें कि सदर विधायक ने अपनी निधि से लगभग 55 लाख रूपए की लागत से सदर विधानसभा क्षेत्र के मोहम्मदीपुर, बसोहनी एवं मोहम्मदपुर कला में तीन सीसी रोड का निर्माण कराया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सभी सड़कों का उद्घाटन करने सदर विधायक पहुंचे। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने सदर विधायक का माला पहनाकर स्वागत किया। सदर विधायक ने विधि-विधानपूर्वक सभी सड़कों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित कर दी। सदर विधायक ने कहा कि इन सड़कों का निर्माण हो जाने के बाद अब ग्रामीणों को जलभराव के साथ-साथ खराब सड़कों से नहीं जूझना पड़ेगा। उनका प्रयास है कि वह सदर विधानसभा क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास कराएं। इन प्रयासों में वह जी-जान से लगे हुए हैं। इस मौके पर नफीस उद्दीन, पूर्व प्रधान पुत्तन लोधी, प्रधान रामेंद्र, प्रधान मनोज लोधी, सनी लोधी, नवाब मलिक, दिलशाद, चुन्नू, शफीक उद्दीन, नरेंद्र प्रधान, शैलेंद्र तिवारी, राम सिंह पटेल, अंकित दीक्षित, संजीव साहू, रामनरेश, राम बाबू प्रधान मौजूद रहे।



# सीमेंट डस्ट प्रदूषण से परेशान होकर केंद्रीय मंत्री को लिखा शिकायती पत्र

**बांदा।** जनपद में सीमेंट डस्ट प्रदूषण से परेशान होकर मोहल्ले वासियों ने केंद्रीय मंत्री पर्यावरण भारत सरकार को एक शिकायती पत्र भेजकर डस्ट से मर रहे लोगों को बचाने की गुहार लगाई है इस मामले में पदम सम्मान प्राप्त जल योद्धा उमाशंकर पांडे ने जिला कलेक्टर बांदा नागेंद्र प्रताप प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी, प्रधानमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की बात कही है जिससे सैकड़ो मोहल्ले वासियों को न्याय मिल सकेगा अन्यथा की स्थिति में बेकसूर लोगों की जान जाती रहेंगे। प्रदूषण बोर्ड के रिकमेंडेशन के बाद भी विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन ने अभी तक उसको गोडॉउन को बस्ती से बाहर नहीं किया है जिला अधिकारी बांदा नागेंद्र प्रताप से की है बस्ती से बाहर करने की मांग की।

बाँदा में प्रदूषण बोर्ड की नोटिस के बावजूद शिवहरे ट्रेडर्स ने दिन रात सीमेंट का ट्रक लेबर द्वारा लगभग 10000 बोरी सीमेंट खाली कराया जाता है यह कार्य लगभग प्रतिदिन किया जाता है विकास प्राधिकरण को प्रदूषण विभाग ने इस बड़े गोडाउन को बस्ती से कहीं अन्य यंत्र हटाने की बात कही गई है अकर्मण्य मालिक इस कार्य को करने को तैयार नहीं है अर्थात आप लोगों के आदेश और नोटिस को ताक में रखकर अपनी मनमानी चला रहा है और मोहल्ले वासियों को सीमेंट डस्ट से परेशान कर रहा है इसकी पूर्व में भी शिकायत आप लोगों तक की गई लेकिन कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठाया गया संतोष यादव को इस सीमेंट डस्ट से दमा हो गया उसकी जीने मरने की लगी है तथा मोहल्ले वासी नामदेव की पत्नी जो रिटायर्ड टीचर हैं उन्हें भी इस सीमेंट से दमा की प्रॉब्लम हो गई है टीम भेजकर जांच करवा ले तथा जो वर्कर है मजदूर उसको ना मास्क ना जूते ना दस्ताने उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं फिर भी बीच बस्ती में ऐसा दबंग आदमी भाजपा सरकार मैं अपना शासन चला रहा है।

## डीएम ने कार्मिकों से जाना परिचय और वर्किंग, बढ़ाया उत्साह

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। हर पटल के बारे में जानकारी की और विभागीय रिकॉर्ड देखे। परिसर की साफ सफाई पर संतोष व्यक्त किया। डीएम ने राजस्व अभिलेखागारए अभिलेखागार माल, भू.लेख अनुभाग, जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय, बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी न्यायालय, संयुक्त कार्यालय, जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख.रखाव व साफसफाई का जायज़ा लिया तथा मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों.कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने प्रभारी अधिकारी ;संयुक्त कार्यालयद्ध डिप्टी कलेक्टर रेणु मिश्रा को कलेक्ट्रेट पार्क की सुंदरता को बढ़ाने के लिए डीएचओ से समन्वय कर गार्डनिंग कार्य के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# नवनियुक्त पिछड़ वर्ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव का अभिनन्दन




**बांदा।** बाँदा में जिला कांग्रेस कार्यालय स्टेशन रोड पर नवनियुक्त पिछड़ वर्ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोहित पाल का स्वागत अभिनन्दन जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एड. ने किया। शहर अध्यक्ष अफशाना शाह अपने पदाधिकारियों सहित उपस्थित रहे कर मोहित पाल का स्वागत अभिनन्दन किया। मोहित पाल ने कहा कि मैं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से बहुत प्रभावित हुआ था। पिछले सात आठ साल से एक कार्यकर्ता की तरह सेवा कर रहा था। आज पहली बार पदाधिकारी बन कर सेवा करने का मौका मिला है। पूरे जोश के साथ कांग्रेस के लिए समर्पित होकर काम करूंगा। और बिना डर और भय के जनता की सेवा के लिए मेरा जीवन समर्पित है। मोहित पाल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता का सम्मान भी किया। सत्य प्रकाश द्विवेदी, बी. लाल, शिव बली सिंह, वैश्य राजेश कुमार गुप्ता पप्पू, जहां गीर खान, डा के.पी. सेन, अशोक वर्धन कर्ण, हरिकेश यादव मंडेला, रम्पा पप्पू, आकाश दिक्षित, धीरेन्द्र पाण्डे और शहर अध्यक्ष अफशाना शाह रहे। अतर्रा निवासी पूर्व रेलवे अधिकारी बुजुर्ग चक्रपाणी मिश्रा का जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने माला पहनाकर सम्मान किया।

# व्यापारियों के सामान खरीद कर ठगी करने वाले तीन अंतर्जनपदीय ठगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने शहर के व्यापारियों का सामान खरीद कर ठगी करने वाले एक अंतर्जनपदीय गिरोह के तीन ठगोको गिरफ्तार कर आज शुक्रवार को जेल भेजने की कार्रवाई की जबकि इनका एक साथी फरार हो गया। यह जानकारी आज शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता में दी। शहर कोतवाली क्षेत्रमें 23मई 2024 को शहर के कई व्यापारियों से अज्ञात लोगों ने सामान खरीदा और पैसे नहीं दिए.इसी क्रम में 31 मई 2024 को नौ व्यापारियों से चार लाख रुपए का सामान खरीदा गया, पैसे नहीं दिए गए और ठगी करने वाले सामान लेकर फरार हो गए। इस घटना को लेकर शहर के रस्तोगी मोहल्ला निवासी रजत रस्तोगी आदि ने थाना कादरी गेट में 26जून 2024 को मुकदमा दर्ज कराया।



पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर कादरी गेट थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, एस ओ जी प्रभारी जितेंद्र पटेल तथा सर्विलास प्रभारी विशेष कुमार की गठित संयुक्त पुलिस टीम ने जांच के दौरान मिले साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना पर उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद के न्यू पंचवटी कॉलोनी थाना कोतवाली घंटाघर पर 27 जून 2014 को पूर्वोन्ह करीब 11. 30 बजे छापामारी करके ठग गिरोह के हरीश वर्मा निवासी, 362 न्यू पंचवटी कॉलोनी गाजियाबाद व इनके साथी ठग नूर आलम खान निवास मदनी नगर थानाशुक्लागंज,उन्नाव बहाल निवासी फैतलपुल गंज, कानपुर तथा मोहम्मद अरकान निवासी मदनी नगर, थाना शुक्लागंज जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर लिया जबकि इनका एक साथी मौके से फरार होगया। पकड़े गए ठगो के पास से लाखों रुपए के कीमती टाउजर45पीस, बनियानी 38 पीस, अंडरवियर 70 पीस, ब्लीचिंग क्रीम 73 पीस, स्टोन पाउडर 10 डिब्बे आदि समानोके अलावा 49500 रुपए की नकदी बरामद की गई।

# नीट-यूजी जांच: सीबीआई ने गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार गोधरा के चार आरोपियों की रिमांड मांगी

**भाषा।** गोधरा

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो ने शुक्रवार को पंचमहल जिले के गोधरा में पांच मई को नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं में कथित रूप से शामिल रहने के मामले में गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार पांच लोगों में से चार लोगों की चार दिन की रिमांड की अपील की। सीबीआई के वकील ध्रुव मलिक ने जिला अदालत को सूचित किया कि गुजरात पुलिस ने पहले जांच की है, लेकिन एजेंसी को इन आरोपियों को हिरासत में लेने की जरूरत है क्योंकि वह नए सिरे से जांच कर रही है। गुजरात पुलिस ने आठ मई और उसके बाद वाले सप्ताह में जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया था, उनमें से स्कूल शिक्षक तुषार भट्ट, जय जालाराम स्कूल के प्राचार्य पुरुषोत्तम शर्मा तथा बिचौलियों विभोर आनंद और आरिफ वोहरा की रिमांड की सीबीआई मांग कर रही है।सीबीआई ने शिक्षा सलाहकार परशुराम रॉय की रिमांड की मांग नहीं की। सभी पांचों लोग इस समय गोधरा उप जेल में बंद हैं। पंचमहल के प्रधान जिला न्यायाधीश सीके चौहान ने सीबीआई के रिमांड आवेदन पर आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस या जांच एजेंसियां गिरफ्तारी के बाद शुरुआती 15 दिनों से अधिक किसी आरोपी की हिरासत की मांग नहीं कर सकतीं। न्यायाधीश चौहान ने सीबीआई बनाम अनुपम कुलकर्णी मामले में उच्चतम न्यायालय के 1992 के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के 15 दिन बीत जाने के बाद नई रिमांड तभी दी जा सकती है, जब आरोपी उस अवधि के दौरान अस्पताल में भर्ती था या उसने शुरुआती रिमांड के दौरान सहयोग नहीं किया। हालांकि मलिक ने दलील दी कि यदि न्यायाधीश को उचित लगे तो गिरफ्तारी के पहले 15 दिन से अधिक रिमांड दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 167 के तहत दी जा सकती है। मलिक ने अदालत को सूचित किया कि सीबीआई गुजरात, राजस्थान, बिहार, दिल्ली तथा झारखंड में बड़ी साजिश की जांच कर रही है।

आईपीएस अधिकारी की ओर से दायर मानहानि मामले में अधिवक्ता को एक महीने की जेल: मुंबई। मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने मादक पदार्थों से संबंधित एक गिरोह में शामिल होने का आरोप लगाए जाने पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी केएमएम प्रसन्ना द्वारा दायर मानहानि मामले में शहर के एक वकील को दोषी ठहराया। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एस्प्लेनेड कोर्ट) हेमंत जोशी ने आरोपी वकील नवीन चोमल को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 (मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए उसे एक महीने कैद की सजा सुनाई और उस पर 5000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। हालांकि, उच्चतर अदालत के समक्ष फैसले को चुनौती देने के लिए सजा को निलंबित कर दिया गया। मार्च 2015 में, पुलिस ने लगभग 12 किलोग्राम मादक पदार्थ रखने के मामले में सतारा में कांस्टेबल धर्मराज कालोखे को गिरफ्तार किया था। कुछ दिनों बाद मामले की जांच कर रही मरीन ड्राइव पुलिस ने ट्रांसफर वारंट हासिल करने के बाद कांस्टेबल को यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत के सामने पेश किया। पेशी के दौरान वकील नवीन चोमल ने अदालत के समक्ष एक अर्जी प्रस्तुत करके दावा किया कि सतारा पुलिस ने मादक पदार्थ गिरोह में आईपीएस अधिकारी की संलिप्तता के बारे में कालोखे से गहन पूछताछ की थी।

## भाकपा माले के सांसदों का राष्ट्रपति से आग्रह नए कानूनों का क्रियान्वयन टाला जाए

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के सांसदों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह आगामी एक जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को स्थगित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करें। उनका यह भी कहना था कि इन कानूनों की गहन समीक्षा और व्यापक सहमति बनाने की जरूरत है।

पार्टी के दोनों सांसदों सुदामा प्रसाद और राजा राम सिंह ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में समाज के विभिन्न वर्गों और कानूनी बिरादरी से कई वाजिब चिंताएं जताई जा रही हैं। सांसदों ने कहा कि कानूनों में कई कठोर प्रावधान हैं जो नागरिकों को मिलने वाली मौलिक नागरिक स्वतंत्रता, विशेष रूप से बोलने की स्वतंत्रता, सभा के अधिकार, प्रदर्शन करने को अपराध की श्रेणी में लाते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की मनमानी शक्तियां बढ़ा दी गई हैं जिसका देश में नागरिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर असर पड़ेगा।

भाकपा (माले) लिबरेशन के सांसदों ने कहा, गिरफ्तारी से जुड़े सुरक्षा उपायों का पालन किए बिना, व्यक्तियों को हिरासत में लेने के लिए पुलिस को वैधानिक मंजूरी दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि नए कानूनों ने प्रत्एक थाने और जिला मुख्यालय में गिरफ्तार आरोपी का नाम, पता और अपराध की प्रकृति को भौतिक और डिजिटल रूप से प्रमुखता से दर्शाने को अनिवार्य बना दिया है। उनका कहना है, यह प्रावधान किसी व्यक्ति की निजता और मानवीय गरिमा के अधिकार का उल्लंघन करने के अलावा किसी भी औपचारिक सजा से पहले पुलिस द्वारा व्यक्तियों की प्रोफाइलिंग की सहूलियत प्रदान करता है।

## ईडी ने आबकारी नीति मामले में नौवां आरोपपत्र दायर किया: विनोद चौहान का नाम

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया और नौवां आरोपपत्र दायर किया और विनोद चौहान नाम के व्यक्ति को आरोपी बनाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी ने जांच के तहत मई में चौहान को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने कहा कि यहां धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में नई और नौवीं अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) दायर की गई जिसमें आरोपी का नाम विनोद चौहान है। इस मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया वह 18वां व्यक्ति है। एजेंसी ने इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता तथा कई शराब कारोबारियों और अन्य को भी हिरासत में लिया था। ईडी ने कविता की गिरफ्तारी के संबंध में एक अदालत में जमा आधिकारिक दस्तावेज में चौहान की कथित भूमिका का उल्लेख किया। ईडी ने कहा, के. कविता के एक स्टाफ सदस्य के बयान से पता चला कि उसने अभिषेक बोइनपल्ली के निर्देश पर आरोपी दिनेश अरोड़ा के कार्यालय से नकदी से भरे दो भारी बैग लिए और विनोद चौहान को दिए। एजेंसी ने कहा, एक अन्य मौके पर उसने नई दिल्ली के नारायणा में टोडापुर के पास एक पते से नकदी से भरे ऐसे दो बैग प्राप्त किए और इन्हें भी विनोद चौहान को सौंप दिया। चौहान ने इस पैसे को हवाला माध्यम से गोवा में आप के चुनाव प्रचार अभियान के लिए हस्तांतरित कर दिया। एजेंसी ने पहले आरोप लगाया था कि दिल्ली आबकारी नीति में साउथ ग्रुप द्वारा आम आदमी पार्टी को दी गई 100 करोड़ रुपए की रिश्वत में से 45 करोड़ रुपए का इस्तेमाल पार्टी के गोवा प्रचार अभियान में किया गया। साउथ ग्रुप में कविता और कुछ अन्य सदस्य थे।

# एक जुलाई से प्रभाव में आएंगे तीन नए आपराधिक कानून

**नई दिल्ली।** देश के समस्त 17,500 पुलिस थाने एक जुलाई को एक विशेष आयोजन करेंगे जिसमें महिलाओं, छात्रों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और प्रतिष्ठित हस्तियों को उस दिन प्रभाव में आने वाले तीन नए अपराध कानूनों की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन नए कानूनों में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 हैं जो एक जुलाई से प्रभाव में आएंगे।

ये तीनों नए कानून ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमश: भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। सूत्रों ने बताया कि इन तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभाव में आने के मौके पर एक जुलाई को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रत्एक पुलिस थाने में प्रभारी अधिकारी एक कार्यक्रम आयोजित करेंगे और इन नए कानूनों की प्रमुख विशेषताओं से लोगों को अवगत कराएंगे। थानों या किसी अन्य स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाएं, युवा, छात्र, वरिष्ठ नागरिक, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, जानीमानी हस्तियां, स्वयं-सहायता समूहों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा स्थानीय शांति समितियों के सदस्य एवं शिक्षण संस्थान भी भाग लेंगे। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो द्वारा संकलित पुलिस संगठन के एक आंकड़े के अनुसार देश में 17,500 से अधिक थाने हैं। यूजीसी और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के तहत संचालित सभी उच्च शिक्षण संस्थान एक जुलाई को सामूहिक चर्चा, कार्यशाला, संगोष्ठी आदि गतिविधियों का आयोजन करेंगे और नए कानूनों के उद्देश्यों को रेखांकित करेंगे।

# एदियुरप्पा ने पीड़िता और मां को चुप रहने के लिए रुपए दिए: आरोपपत्र

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा पर लगे नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहे अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने आरोपपत्र में कहा है कि भाजपा नेता और तीन अन्य आरोपियों ने कथित पीड़िता और उसकी मां को चुप रहने के लिए पैसे दिए थे। एदियुरप्पा (81) पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा आठ (यौन उत्पीड़न के लिए सजा) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न), 204 (साक्ष्य के रूप में दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को नष्ट करने) तथा 214 (अपराधी की जांच के बदले में उपहार की पेशकश) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

बृहस्पतिवार को यहां पॉक्सो मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट-एक में दाखिल आरोपपत्र में एदियुरप्पा के सहयोगियों और तीन अन्य सह-आरोपियों अरुण वाई एम, रुद्रेश एम और जी मारिस्वामी पर आईपीसी की



धारा 204 और 214 के तहत आरोप लगाए गए हैं। आरोपपत्र के अनुसार, इस वर्ष दो फरवरी को पूर्वाह्न करीब सवा 11 बजे 17 वर्षीय कथित पीड़िता अपनी 54 वर्षीय मां (शिकायतकर्ता) के साथ यहां डॉलर्स कॉलोनी स्थित एदियुरप्पा के आवास पर पिछले मामले और अन्य मुद्दों में न्याय दिलाने की गुहार लगाने गई थी।

नाबालिग लड़की पहले भी यौन उत्पीड़न का शिकार हो चुकी है। आरोपपत्र के मुताबिक, एदियुरप्पा ने नाबालिग लड़की की मां से बात करते हुए अपने बाए हाथ से पीड़िता की दाए हाथ की कलाई पकड़ी हुई थी। आरोपपत्र में बताया गया कि इसके बाद एदियुरप्पा ने नाबालिग लड़की को हॉल के बगल में एक बैठक कक्ष में बुलाया और दरवाजा बंद कर दिया। फिर उन्होंने पीड़िता से पूछा कि क्या उसे उस व्यक्ति का चेहरा याद है, जिसने पूर्व में उसका यौन शोषण किया था, जिस पर पीड़िता ने दो बार जवाब दिया कि उसे याद है।

सीआईडी ने आरोप लगाया कि इसके बाद एदियुरप्पा ने पीड़िता से पूछा कि उस वक्त उसकी क्या उम्र थी, जिस पर लड़की ने जवाब दिया साढ़े छह वर्ष। आरोपपत्र के मुताबिक, इस वक्त एदियुरप्पा ने लड़की से यौन उत्पीड़न का कथित प्रयास किया।

आरोपपत्र के मुताबिक, डरी-सहमी पीड़िता ने एदियुरप्पा का हाथ झटका, दूर हटी और उनसे दरवाजा खोलने को कहा। एदियुरप्पा ने तब दरवाजा खोल दिया और जब पीड़िता बाहर निकल रही थी तो उन्होंने अपने जेब से कुछ पैसे निकालकर पीड़िता के हाथ में थमा दिए। आरोपपत्र में बताया गया कि बाहर आकर एदियुरप्पा ने पीड़िता की मां से कहा कि वह इस मामले में उनकी मदद नहीं कर सकते और उन्होंने अपनी जेब से कुछ पैसे निकालकर उन्हें जाने के लिए कह दिया।

पीड़िता की मां ने 20 फरवरी को अपने फेसबुक खाते पर घटना से संबंधित एक वीडियो पोस्ट किया, जिसके बाद एदियुरप्पा के कहने पर अन्य आरोपियों अरुण, रुद्रेश और मारिस्वामी पीड़िता के घर जाकर मां-बेटी दोनों को भाजपा नेता के आवास पर ले आए। आरोपपत्र के अनुसार, अरुण ने यह सुनिश्चित किया कि पीड़िता की मां अपने फेसबुक खाते और अपने आईफोन की गैलरी से वीडियो को डिलीट करे। एदियुरप्पा के निर्देश पर रुद्रेश ने कथित पीड़िता को दो लाख रुपए नकद दिए। बेंगलुरु की एक अदालत ने इस वर्ष 14 मार्च को एदियुरप्पा के खिलाफ दर्ज मुकदमे में 13 जून को उनके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पॉक्सो मामले में एदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर लगी रोक की मियाद बढ़ाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. एदियुरप्पा की पॉक्सो मामले में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा संभावित गिरफ्तारी पर लगी अंतरिम रोक की मियाद शुक्रवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित की पीठ ने अपने पूर्व के आदेश को जारी रखने का निर्देश दिया, साथ ही अभियोजन पक्ष को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एदियुरप्पा की ओर से प्राथमिकी रद्द करने के लिए दाखिल याचिका पर आपत्ति जमा करने की अनुमति दे दी। सीआईडी ने बृहस्पतिवार को पॉक्सो अधिनियम की फास्ट ट्रैक अदालत-। में एदियुरप्पा और उनके तीन सहयोगियों के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल किया। पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ यह मुकदमा 17-वर्षीय एक किशोरी की मां की शिकायत पर दर्ज किया गया है, जिसने आरोप लगाया है कि दो साल पहले एदियुरप्पा ने डॉलर कॉलोनी स्थित अपने आवास में मुलाकात के दौरान उनकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया था। एदियुरप्पा के खिलाफ इस साल 14 मार्च को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर बेंगलुरु की अदालत ने 13 जून को उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। उच्च न्यायालय ने 14 जून को एदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी और उन्हें जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था। सीआईडी ने 17 जून को पूर्व मुख्यमंत्री से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की थी।

## सीवेज टैंक में डूबने से तीन श्रमिकों की मौत की खबर पर एनएचआरसी का उप्र सरकार, डीजीपी को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गौतमबुद्ध नगर में एक बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनी के जलमल शोधन संयंत्र के टैंक में तीन श्रमिकों के डूब जाने की खबरों पर उत्तर प्रदेश सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अधिकारी सतर्क रहने और ऐसी खतरनाक गतिविधियों पर नजर रखते हुए उचित निगरानी करने में विफल रहे, जिनमें श्रमिकों को ऐसे खतरनाक काम करने के लिए लगाया गया था। आयोग ने ग्रेटर नोएडा में एक बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनी के जलमल शोधन संयंत्र में तीन श्रमिकों के डूबने की खबर पर स्वत: संज्ञान लिया है। इसमें कहा गया है कि पीड़ित ओवरफ्लो हो रहे सीवर को ठीक करने के लिए सबमर्सिबल पंप की मरम्मत करते समय टैंक में गिर गए और डूब गए। आयोग ने कहा कि यदि खबर सही है, तो मृतकों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। बयान में कहा गया कि इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किए गए हैं और एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। उसने कहा कि रिपोर्ट में दर्ज प्राथमिकी की स्थिति, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ की गई कार्वाई और नियोक्ता तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा मृतक श्रमिकों के परिजनों को दी जाने वाली राहत एवं पुनर्वास की जानकारी होनी चाहिए।

## एनआईए ने नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में तलाशी ली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भाकपा (माओवादी) के एक सदस्य की गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी के मामले में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। एनआईए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, समस्याग्रस्त क्षेत्र में आधा दर्जन जगहों पर गहन तलाशी ली गई और कई मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और 39,100 रुपए नकदी के साथ दोष साबित करने वाले दस्तावेज जब्त किए गए। उसने कहा कि जिन छह परिसरों में तलाशी ली गई वे कांकेर जिले के दूरदराज में स्थित मुजलगोंडी, कलमुच्चे, अमाबेडा और जिवालामारी गांवों में हैं। एनआईए इस साल पांच फरवरी को स्थानीय पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले की जांच के सिलिसले में कार्वाई कर रही है। बाद में मामला 22 फरवरी को एनआईए को सौंप दिया गया था। जांच एजेंसी ने बताया कि शुरुआती जांच के बाद मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

# डीम्स विवि जब तक सरकार के नियंत्रण में नहीं है, तब तक आरटीआई कानून से है वह बाहर: न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने कहा है कि जबतक कोई डीम्ड (मानद) विश्वविद्यालय सरकार के नियंत्रण में नहीं है या उसके द्वारा वित्तपोषित नहीं है, तबतक वह सूचना के अधिकार कानून (आरटीआई) के दायरे में आने वाला सार्वजनिक प्राधिकार नहीं है। उच्च न्यायालय का यह आदेश एक आरटीआई आवेदक की याचिका पर आया है। याचिकाकर्ता ने विनायक मिशन यूनिवर्सिटी (डीम्ड विश्वविद्यालय) से 2007 और 2011 के बीच दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से विज्ञान स्नोतकोत्तर (रसायन विज्ञान) करने वाले विद्यार्थियों के क्रमांक, नाम, उनके पिता के नाम समेत उनके बारे में विवरण की मांग को लेकर यह याचिका दायर की थी।

मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) ने याचिकाकर्ता को इस आधार पर सूचना देने से इनकार कर दिया था कि यह संस्थान सार्वजनिक प्राधिकार नहीं है तथा जो सूचनाएं मांगी गई है वह उसके अंदरूनी प्रशासन से जुड़ी हैं।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि सीआईसी के फैसले में दखल देने का कोई कारण नहीं है। न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा कि आरटीआई कानून का गैर सरकारी संगठनों समेत ऐसे निकायों से संबंध है जो सरकार के स्वामित्व, नियंत्रण में या काफी हद तक वित्तपोषित हैं और चूंकि कोई विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के रूप में मान्य है तो महज इतना भर के लिए उसे इस कानून के तहत सार्वजनिक प्राधिकार नहीं समझा जाएगा।

उच्च न्यायालय ने कहा, बंबई उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने भी हाल में व्यवस्था दी कि चूंकि कोई विश्वविद्यालय यूजीसी कानून की धारा तीन के तहत जारी अधिसूचना से विश्वविद्यालय के रूप में मान्य है तो बस इतना भर के लिए उसे (आरटीआई) कानून के तहत सार्वजनिक प्राधिकार नहीं समझा जाएगा।

याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि संरक्षक और सार्वजनिक प्राधिकार होने के नाते विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को उसे सूचना उपलब्ध कराने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता ने जो सूचना मांगी है वह निजी है तथा उसे आरटीआई कानून के तहत छूट प्राप्त है, दूसरा उसने ऐसा कुछ नहीं सामने रखा है जिससे यह संकेत मिले कि सार्वजनिक हित निजता की चिंता से ऊपर है।

## परीक्षा सुधार पर केंद्र की समिति ने हितधारकों से सात जुलाई तक सुझाव मांगे

**नई दिल्ली।** परीक्षा सुधार पर केंद्र की उच्चस्तरीय समिति ने छात्रों और अभिभावकों समेत हितधारकों से सात जुलाई तक सुझाव और प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर उठते विवाद के बीच इसरो के पूर्व प्रमुख आर राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली समिति को परीक्षा प्रक्रिया में सुधार करने पर सिफारिशें देने, डेटा सुरक्षा के प्रोटोकॉल का विस्तार करने तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की संरचना एवं परिचालन की समीक्षा करने का काम सौंपा गया है। समिति हितधारकों से, खासकर छात्रों और अभिभावकों से 27 जून से सात जुलाई, 2024 तक सुझाव और विचार आमंत्रित कर रही है। माई जीओवी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके भी सुझाव दिए जा सकते हैं। चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट और यूजीसी-नेट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर केंद्र ने पिछले सप्ताह एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी तरीके से सुचारू और निष्पक्ष आयोजन के लिए समिति का गठन किया था।

# बंगाल विधिज्ञ परिषद ने तीन नए कानूनों के विरोध में एक जुलाई को काला दिवस मनाने की घोषणा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधिज्ञ परिषद ने मौजूदा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन नए कानूनों को जनविरोधी और क्रूर करार देते हुए शुक्रवार को घोषणा की कि वह इन कानूनों के विरोध में एक जुलाई को काला दिवस मनाएगी। तीन नए कानून- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से लागू होंगे। पश्चिम बंगाल विधिज्ञ परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया है जिसमें कहा गया है कि पश्चिम बंगाल और अंडमान-निकोबार द्वीप की अदालतों में वकालत करने वाले वकील एक जुलाई को न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पिछले साल अगस्त में संसद में भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 पेश किए थे, जो मौजूदा भारतीय अपराध संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। विधिज्ञ परिषद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि नए कानून जनविरोधी, अलोकतांत्रिक और क्रूर हैं। परिषद ने कहा कि वह इन कानूनों के लागू होने के विरोध में एक जुलाई को काला दिवस मनाएगी तथा राज्य और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की अदालतों में वकालत करने वाले वकील उस दिन न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। इसने सभी बार एसोसिएशन से एक जुलाई को अपने-अपने क्षेत्रों में विरोध रैलियां निकालने का अनुरोध किया है।

# पेज 1 का शेष

## गर्मी की मार...

ट्रैफिक जाम के बीच वाहनों को रेंगना पड़ा। कई इलाकों में सड़कों पर बारिश का पानी भर जाने से वाहन डूब गए। कई इलाकों में गंभीर बिजली कटौती हुई और कई पेड़ उखड़ गए। किशनगंज में बाढ़ वाले कोडिया ब्रिज अंडरपास के नीचे एक बस के अंदर फंसे यात्रियों को पुलिस और बचाव टीमों ने बाहर निकाला। लाइफ जैकेट और रस्सियों से बंधी पानी की ट्यूबों का उपयोग करते हुए, अधिकारियों ने यात्रियों को बाहर निकालने के लिए पानी में प्रवेश किया।दिल्ली की जल मंत्री आतिशी और कांग्रेस के शशि थरूर और मनीष तिवारी तथा समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव सहित कई सांसदों के बंगले में पानी भर गया। एक्स पर अपने जलमग्न घर का एक वीडियो साझा करते हुए, थरूर ने एक पोस्ट में कहा कि कालीन और फर्नीचर, वास्तव में जमीन पर जो कुछ था बर्बाद हो गया। यह लुटियंस दिल्ली में मेरे घर के ठीक बाहर का कोना है। जब सुबह उठा तो पाया कि मेरा पूरा घर एक फुट पानी में डूबा हुआ है। हर कमरा। कालीन और फर्नीचर, वास्तव में जमीन पर मौजूद सभी चीजें बर्बाद हो गई हैं। जाहिर तौर पर तूफान का पानी अंदर चला गया है आस-पड़ोस में पानी भरा हुआ है इसलिए पानी के निकलने की कोई जगह नहीं है। लोगों ने करंट लगने के डर से उन्होंने सुबह 6 बजे से ही बिजली बंद कर दी। अपने संसद सहयोगियों को बताया कि मैं नाव के बिना वहां नहीं पहुंच सकता। लेकिन शहर सड़कों से पानी निकालने में कामयाब रहा और मैं समय पर पहुंच गया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी को अपने आवास पर बाढ़ के बीच हाथ में जूते और घुटनों तक पैंट मोड़कर चलते हुए देखा गया, जब वह संसद के लिए जा रहे थे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो में राम गोपाल यादव को उनके स्टाफ द्वारा उनकी कार तक ले जाते हुए देखा जा सकता है क्योंकि बारिश का पानी उनके घर में घुस गया है। प्रगति मैदान जैसी प्रमुख सुरंगों को बंद कर दिया गया और लुटियंस दिल्ली के पॉश इलाकों सहित पूरे शहर से घरों में पानी भर जाने की खबरें आईं। आईएमडी 2.5 मिमी और 15.5 मिमी के बीच होने पर वर्षा को हल्की श्रेणी में वर्गीकृत करता है; जब यह 15.6 मिमी और 64.4 मिमी के बीच हो तो मध्यम के रूप में; 64.5 मिमी और 115.5 मिमी के बीच होने पर भारी और 24 घंटे की अवधि में 115.5 मिमी से अधिक होने पर बहुत भारी के रूप में, जिससे यह बहुत भारी वर्षा होती है। पिछली बार दिल्ली में सफदरजंग में बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई थी 9 जुलाई, 2023 को था, जब 24 घंटे की अवधि में 153 मिमी दर्ज किया गया था।बारिश का यह चरम दौर दिल्ली के लिए काफी शुष्क वर्ष के बिल्कुल विपरीत है। 1 जनवरी से 27 जून के बीच, सफदरजंग में केवल 51.1 मिमी बारिश हुई है, इस साल 24 घंटे की सबसे अधिक बारिश 26.5 मिमी है, जो 1 फरवरी को दर्ज की गई थी।तेज जल प्रवाह के कारण राष्ट्रीय राजधानी में नालियां उफान पर हैं। सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा साझा किए गए दृश्यों में दिल्ली के कुछ हिस्सों में सड़कों पर पानी भर गया और लंबा ट्रैफिक जाम दिखाई दिया।

## आईजीआई पर...

संरचना है जिसे 2009 में खोला गया था। घटनास्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए, नायडू ने भारी बारिश के कारण हुई जान-माल की हानि पर शोक व्यक्त किया और बताया कि चार लोग घायल हो गए हैं। मंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए 20 लाख रुपये और घायलों के लिए 3 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने कहा कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे घटना की सूचना मिलने के बाद तीन दमकल गाड़ियों को हवाईअड्डे के टर्मिनल-1 (टी1) पर भेजा गया।अधिकारियों के अनुसार, छत की चादर के अलावा, सपोर्ट बीम ढह गए, जिससे टर्मिनल के पिक-अप और ड्रॉप क्षेत्र में खड़ी कारों को नुकसान पहुंचा। यह सुनिश्चित करने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया कि क्षतिग्रस्त वाहनों के अंदर कोई न फंसा हो। हवाईअड्डे पर मौजूद एक कर्मचारी ने बताया कि घटना में करीब 10-12 कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने कहा कि भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्टीय हवाईअड्डे (आईजीआईए) के टर्मिनल-1 के बाहर का शेड, प्रस्थान द्वार संख्या से फैला हुआ है। 1 से गेट नं. 2, सुबह लगभग 5 बजे ढह गया, जिससे चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, सभी घायल स्थिर हैं। डीसीपी ने कहा, दिल्ली पुलिस, डीएफएस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें मौके पर मौजूद हैं। घायलों को एयरपोर्ट के पास मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से एक को उस कार से बचाया गया जिस पर लोहे की बीम गिर गई थी। उन्होंने बताया कि बाद में उसकी पहचान रमेश कुमार के रूप में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतक की पहचान रमेश कुमार (45) के रूप में हुई है, जो एक टैक्सी चालक था और दिल्ली के रोहिणी का निवासी था।घायलों की पहचान संतोष कुमार यादव (28), सुभम शाह (30), दशरत अहिरवार (25), अरविंद गोस्वामी (34), साहिल कुंदन (27) और योगेश धवन (44) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, वे दिल्ली, गुजरात और मध्य प्रदेश के निवासी हैं।घटना स्थल पर मौजूद एक कैब ड्राइवर के मुताबिक, जब दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर छत के एक हिस्से की छड़ें गिरीं तो किसी चीज के टूटने की तेज आवाज नहीं हुई। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर खड़ी कारों पर छड़ें गिरने के बाद लोगों को घटना के बारे में पता चला और अफरा-तफरी मच गई और वे मदद के लिए चिल्लाने लगे। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के एक प्रवक्ता ने कहा, आज सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण, दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल -1 के पुराने प्रस्थान प्रांगण में शामियाना का एक हिस्सा सुबह लगभग 5 बजे ढह गया। प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं।

## संसद में...

कि यह पहली बार है कि विपक्ष को राष्टपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लेने से पहले किसी मुद्दे पर चर्चा की मांग करते देखा गया है।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि एनईईटी मुद्दा पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है और वे इस मामले पर सदन में समर्पित चर्चा चाहते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए स्थगन प्रस्ताव स्वीकार किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा, संसद को युवाओं को संदेश देना चाहिए कि सरकार, विपक्ष छात्रों की चिंताओं को उठाने में एक साथ हैं। सदन में कुछ असामान्य दृश्य भी देखने को मिले क्योंकि राहुल गांधी ने दावा किया कि उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया था और उन्होंने अध्यक्ष से इसे चालू करने के लिए कहा, जिस पर अध्यक्ष ने तत्काल प्रत्युत्तर दिया। बिरला ने जवाब दिया, मेरे पास माइक्रोफोन को बंद करने के लिए कोई बटन नहीं है। राज्यसभा में भी अराजक दृश्य देखने को मिला क्योंकि विपक्षी सदस्यों ने राष्टीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के संचालन में कथित अनियमितताओं पर चर्चा की मांग की और नारे लगाए और राष्टपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन के वेल में आ गए। इससे पहले कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम रक्तचाप के कारण बेहोश हो गईं और धनखड़ ने व्यवस्था की।हालांकि, विपक्ष इससे संतुष्ट नहीं हुआ और उसने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके तुरंत बाद, उन्होंने बहिर्गमन किया और बीजद के सदस्य भी उनके साथ शामिल हो गए। धनखड़ ने सदन में बने हालात पर फिर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह 'अविश्वसनीय' है कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे विरोध करने के लिए सदन के वेल में आ गए।धनखड़ ने कहा, यह मेरे लिए बहुत दुखद था, मेरे लिए अविश्वसनीय था, कि पांच दशकों से अधिक के संसदीय अनुभव वाले नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, जो राज्य और संसद दोनों में विपक्ष के नेता का पद संभाल चुके थे, सदन के वेल में चले गए। हम विपक्ष के नेता और सदन के नेता से अपेक्षा करें कि वे अपने अनुकरणीय आचरण का उदाहरण पेश करें।खड़गे और उनकी पार्टी ने यह कहकर इस कृत्य को उचित ठहराया कि उन्होंने अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसा किया क्योंकि उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई थी और सभापति ने उनका माइक बंद कर दिया था।

## हेमंत सोरेन...

था। एक अधिकारी ने बताया कि सोरेन (48) बिरसा मुंडा जेल में कैद थे और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें अपराह्न चार बजे रिहा किया गया। सोरेन के वरिष्ठ वकील अरुणाभ चौधरी ने पीटीआई-भाषा से कहा, सोरेन को जमानत दे दी गई है। अदालत ने कहा है कि प्रथम दृष्टया, वह दोषी नहीं हैं और जमानत पर रिहाई के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोई अपराध किए जाने की कोई आशंका नहीं है। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को सोरेन को अदालत द्वारा जमानत दिए जाने पर खुशी जताई।

# भाजपा के तथ्यान्वेषी दल ने बंगाल में चुनाव-बाद हिंसा को लेकर तृणमूल पर साधा निशाना

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के एक तथ्यान्वेषी दल ने दावा किया है कि तृणमूल कांग्रेस सरकार के तहत पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से गंभीर समझौता किया गया। इसके साथ ही उसने यह आरोप भी लगाया कि लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य के पुलिस बल को व्यावहारिक रूप से तृणमूल का सहायक बना दिया गया था। भाजपा के चार सांसदों - त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, बृजलाल और कविता पाटीदार ने राज्य में चुनाव-बाद कथित हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और पीड़ित लोगों से बात करने के बाद शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंपी।पार्टी ने राज्य में चुनाव के बाद हुई कथित हिंसा की जांच के लिए यह दल गठित किया था। तृणमूल कांग्रेस ने इसे लोकसभा चुनाव में राज्य में अपने खराब प्रदर्शन से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा का सुनियोजित नाटक करार दिया था।भाजपा की समिति ने दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी का विरोध करने वालों को तृणमूल कांग्रेस के गुंडों के कारा खुलेआम धमकी देना, हिंसा और हमला करना बहुत शर्मनाक मानदंड बन गया है। रिपोर्ट में यह आरोप भी लगाया गया है कि वास्तव में बहुत स्तब्ध करने वाली बात यह है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समेत महिलाओं पर क्रूरतापूर्ण हमले किए जा रहे हैं और अपराधियों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की जा रही है।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए भाजपा दल ने कहा कि राज्य की प्रभारी महिला के साथ ऐसी घटनाएं हो रही हैं।बनर्जी पर निशाना साधते हुए रिपोर्ट में यह आरोप भी लगाया गया कि उनके लिए महिलाओं की गरिमा नहीं बल्कि चुनाव में जीत महत्वपूर्ण है।भाजपा के दल ने आरोप लगाया कि राज्य में हर चुनाव में विरोधियों के खिलाफ सत्ता का दुरुपयोग आम बात हो गई है और इस क्रम में पुलिस और प्रशासन तृणमूल कांग्रेस का सहयोग करते हैं।पार्टी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, बंगाल का एक बड़ा हिस्सा अवैध प्रवासियों और रोहिंग्या लोगों से भरा हुआ है जिन्हें तृणमूल कांग्रेस की मिलीभगत की रणनीति के तहत पनाह मिल रही है।तृणमूल कांग्रेस ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में राज्य की 42 सीटों में से 29 पर जीत दर्ज की जबकि भाजपा को 12 सीटें मिली हैं। भाजपा को 2019 के आम चुनाव में 18 सीटों पर जीत मिली थी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रिपरिषद में पहली बार राज्यमंत्री बने विभिन्न दलों के नेताओं से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उन नेताओं से मुलाकात की जिन्हें पहली बार मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया है और उनके साथ जमीनी स्तर पर शासन को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "उन लोगों से मुलाकात की जो मंत्रिपरिषद में पहली बार राज्य मंत्री बने हैं। उनके अनुभवों और अंतर्दृष्टि को सुना क्योंकि उन्होंने अभी-अभी अपनी मंत्रिस्तरीय यात्रा शुरू की है। जमीनी स्तर पर शासन को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की" मोदी ने इसके साथ ही कुछ तस्वीरें भी साझा कीं जिसमें सुकांत मजूमदार, रवनीत सिंह बिट्टू, जयंत चौधरी, संजय सेठ, बंदी संजय कुमार, जितिन प्रसाद, सुरेश गोपी और भागीरथ चौधरी सहित कई केंद्रीय राज्य मंत्री नजर आ रहे हैं।

## दिल्ली में भारी बारिश से सांसद भी परेशान, कई आवास में घुसा पानी

नई दिल्ली। मानसून की पहली बारिश में ही दिल्ली के विभिन्न पॉश इलाकों में पानी भर गया जिनमें लुटियंस दिल्ली भी शामिल है, जहां कई मंत्रियों और सांसदों का आवास है। भारी बारिश के बाद जलभराव से सांसदों को संसद पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण सांसदों ने कई तरीके अपनाए।


**SRF LIMITED**

**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | V0002376 | V HOOJA | 977527 | 18621562-72 | 11 |
| | | | 1136712 | 296168694-9157 | 464 |
| 2 | SRF0120358 | NARESH SUNDARAM | 439368-71 | 23503769-811 | 43 |
| | | SUSHEELA SUNDARAM : Deceased | 588368-71 | 31523561-603 | 43 |
| | | T R K SUNDARAM : Deceased | 662500-1 | 47268918-969 | 52 |
| | | | 1129914 | 309973250-813 | 564 |
| 3 | M 0002690 | LALIT BHAGWANDAS MULCHANDANI | 33353 | 2247001-25 | 25 |
| | | | 69282 | 3449658-65 | 8 |
| | | | 131470 | 5462286-301 | 16 |
| | | | 1139079 | 296665830-6025 | 196 |
| 4 | SRF0111076 | VEENA AGRAWAL | 406536-7 | 17778376-400 | 25 |
| | | | 555536-7 | 25798168-92 | 25 |
| | | | 1132040 | 295240358-757 | 400 |
| | | | 90245910 | 2280593 | 1 |
| | | | 90245910 | 8090830-53 | 24 |
| | | | 90245910 | 14383695-719 | 25 |
| 5 | P 0005299 | NAZNEEN SHIRODKAR-Claimant | 1134925 | 295822866-3029 | 164 |
| | | PARVEZ K BANKER- Deceased | 90002444 | 3567462 | 1 |
| | | TEHMI P BANKER- Deceased | 90033858 | 7377322-61 | 40 |
| 6 | SRF0032126 | VASANT SHRIRAM MAHAJAN | 1136242 | 296092954-3353 | 400 |
| | | MANDAKINI MAHAJAN-Deceased | 90068199-201 | 8997406-505 | 100 |
| 7 | SRF0137290 | ASHOK PAREEK | 344810-1 | 16618226-325 | 100 |
| | | | 669619-20 | 49369937-700036 | 100 |
| | | | 1134427 | 295718818-9617 | 800 |
| 8 | SRF0115735 | PRAVINA PRABHAKAR PANDYA | 1134849 | 295797758-8053 | 296 |
| | | PRABHAKAR J PANDYA | 90255049 | 2051176-200 | 25 |
| | | | 90255049 | 12826340-64 | 25 |
| | | | 90255050 | 3509822-9 | 8 |
| | | | 90255050 | 5635202-17 | 16 |
| 9 | S 0012258 | REENA LATAWA- Claimant | 80713 | 3625468-78 | 11 |
| | | SALOCHNA CHANDI-Deceased | 146351 | 5843479-96 | 18 |
| | | | 346080-1 | 16649191-215 | 25 |
| | | | 495080-1 | 24668983-9007 | 25 |
| | | | 1132761 | 295372462-837 | 376 |
| | | | 90177085 | 13211700-14 | 15 |
| 10 | S 0007149 | REENA LATAWA- Claimant | 46695 | 2612476-500 | 25 |
| | | SHIV SHANKER CHAND-Deceased | 342048-50 | 16556490-512 | 23 |
| | | | 491048-50 | 24576282-304 | 23 |
| | | | 1137861 | 296420626-969 | 344 |
| | | | 90174512 | 13101620-34 | 15 |
| 11 | SRF0042486 | JUTHIKA SETT- Deceased | 380798-9 | 17230278-377 | 100 |
| | | SONJOY SETT- Deceased | 529798-9 | 25250070-169 | 100 |
| | | SWAPAN SETT- Claimant | 1138013 | 296447722-9221 | 1500 |
| | | | 90088903-5 | 9627826-925 | 100 |
| | | | 90197671-2 | 15222140-214 | 75 |
| 12 | P 0001654 | PRAVINA PRABHAKAR PANDYA | 330117-8 | 16315241-3 | 3 |
| | | | 479115-8 | 24334993-5035 | 23 |
| | | | 772699 | 16315201-40 | 40 |
| | | | 772699-700 | 24335013-32 | 20 |
| | | | 1139408 | 296716914-7257 | 344 |
| 13 | SRF0040421 | VIMLA PREM KRISHEN-Deceased | 1139660 | 296770406-1005 | 600 |
| | | PREM KRISHEN- Deceased | 90084803-5 | 9503230-329 | 100 |
| | | PRADIP KRISHEN- Claimant | 90196188 | 15165405-54 | 50 |
| 14 | SRF0036797 | NARAIN DATT BACHKHETI-Deceased | 373961 | 17108045-64 | 20 |
| | | SHAILJA BACHKHETI-Deceased | 522961 | 25127837-56 | 20 |
| | | NIRAJ BACHKHETI | 1133485 | 295529098-417 | 320 |
| | | | 90077284 | 9271490-529 | 40 |
| 15 | I 0000393 | INDRAJIT GOVINDLAL THAKORE- Deceased | 122114 | 5182843-67 | 25 |
| | | | 313918-9 | 15982025-39 | 15 |
| | | | 462918-9 | 24001817-31 | 15 |
| | | | 1135871 | 296015930-6149 | 220 |
| 16 | SRF0024001 | ANUPAMA GOVIND PAI | 358134-7 | 16866946-74 | 29 |
| | | GOVIND NARASINH PAI-Deceased | 507134-7 | 24886738-66 | 29 |
| | | | 1138325 | 296504970-5401 | 432 |
| | | | 90184376 | 14520340-89 | 50 |
| 17 | SRF0047134 | CELIA FONSECA | 1128254 | 309353634-4213 | 580 |
| | | OSWALD A FONSECA-Deceased | 90098329-31 | 9915790-889 | 100 |
| | | | 90200699 | 15338570-614 | 45 |
| 18 | SRF0101103 | DEEPAK GOVIL | 391132-4 | 17420832-54 | 23 |
| | | | 540132-4 | 25440624-46 | 23 |
| | | | 1135126 | 295858222-565 | 344 |
| | | | 90050208 | 8197582-621 | 40 |
| 19 | A0005046 | ARUNA L LODHA | 90012847-54 | 6212650-949 | 300 |
| | | PRADEEP L LODHA | | | |
| 20 | SRF0137480 | JANAKI VIJAYARAGHAVAN | 1137275 | 296290398-597 | 200 |
| | | | 90132882 | 8730236-65 | 30 |
| | | | 90132882 | 9816190-209 | 20 |

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

for **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Sr. VP (Corporate Compliance)
& Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 28-06-2024


## ओला ने अभियान शुरू किया

**बैंगलुरू।** ओला इलेक्ट्रिक अपने ओला इलेक्ट्रिक रश अभियान के अंतर्गत अपने एस1 पोर्टफोलियो पर 15,000 रुपये तक के आकर्षक ऑफर प्रदान कर रहा है। 28 जून तक लागू इन ऑफरों में एस1 एक्स पर 5,000 रुपये और एस1 प्रो एवं एस1 एयर पर 2,500 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा ग्राहकों को 10,000 रुपये तक के अतिरिक्त फायदे प्रदान किए जा रहे हैंए जिनके अंतर्गत एस1 एक्स पर 5,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस और एस1 के संपूर्ण पोर्टफोलियो पर चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई के साथ 5,000 रुपये तक का कैशबैक शामिल है।ओला इलेक्ट्रिक एक विशाल एस1 पोर्टफोलियो पेश करता हैए जिसमें आकर्षक मूल्य में छः उत्पाद हैंए जो विभिन्न रेंज की जरूरत वाले ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करते हैं। हाल ही में कंपनी ने मास.मार्केट सेगमेंट में अपना एस1 एक्स पोर्टफोलियो उतारा है। तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशन ;2 किलोवॉटघंटाए 3 किलोवॉटघंटाए और 4 किलोवॉटघंटाद्ध के साथ इन स्कूटरों का मूल्य क्रमशः 74,999 रुपयेय 84,999 रुपये और 99,999 रुपये है। साथ ही इसके प्रीमियम स्कूटरों में एस1 प्रोए एस1 एयरए और एस1 एक्स का मूल्य क्रमशः 1ए29ए999 रुपयेए 1,04,999 रुपये और 89,999 रुपये है।

## बीएमडब्ल्यू मानसून सर्विस कैम्पेन शुरू करेगा

मुंबई। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अपने पूरे डीलर नेटवर्क में मानसून सर्विस कैम्पेन शुरू करने की घोषणा की है। यह विशेष अभियान पूरे भारत में चलाया जाएगा। इसके माध्यम से आगामी मानसून सीजन के लिए कार को पूरी तरह तैयार किया जाएगा। विक्रम पावाह, प्रेसीडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, बीएमडब्ल्यू ग्रुप मौसम की विशिष्ट चुनौतियों से निपटने के लिए अपने ग्राहकों के वाहनों को सबसे बढ़िया स्थिति में रखने के लिए वचनबद्ध है। हमारे मानसून सर्विस कैम्पेन की रूपरेखा बीएमडब्ल्यू और मिनी कारों की सुरक्षा तथा परफॉर्मेन्स बढ़ाने के लिए पूरी इन्स्पेक्शन, मेंटेनेन्स और आवश्यक अपग्रेड्स प्रदान करने के लिए बनाई गई है। यह कैम्पेन शानदार सर्विस और सपोर्ट देने के प्रति हमारे समर्पण का प्रतीक है। प्रशिक्षित टेक्नीशियंस की समर्पित टीम, विशेषज्ञ वर्कशॉप टेक्नोलॉजीज और ओरीजनल बीएमडब्ल्यू पार्ट्स के द्वारा हम आपके लिए आरामदेह सफर का आनंद सुनिश्चित करते हैं।

## स्मॉल-कैप फंड्स के अलावा थीमेटिक फंड्स में निवेश को प्राथमिकता

**मुंबई।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया की जानकारी के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई 2024 में 34,697 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश हुआ, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 83 प्रतिशत से अधिक है। इसी महीने के एएमएफआई आंकड़ों के मुताबिक, देश भर के निवेशकों ने इक्विटी म्यूचुअल फंड सेगमेंट में थीमैटिक या सेक्टोरल फंड कैटेगरी में 19,213.4 करोड़ रुपये का निवेश किया। मई 2024 के एएमएफआई डेटा का एक और दिलचस्प पहलू यह है कि एसआईपी के जरिए मासिक निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये के पड़ाव को पार कर गया है।टाटा म्यूचुअल फंड ने भी उत्तर प्रदेश में यही ट्रेंड देखा है, निवेशक उनकी इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। जनवरी और अप्रैल 2024 के बीच, उत्तर प्रदेश के निवेशकों ने टाटा म्यूचुअल फंड की अलग-अलग इक्विटी स्कीम्स में (टाटा आर्बिट्राज फंड सहित) 647 करोड़ रुपयों का निवेश किया, उनमें से लखनऊ और कानपूर के निवेशकों ने क्रमशः 119.6 करोड़ और 93 करो? रूपए निवेश किए हैं।इसी अवधि के दौरान, जनवरी से अप्रैल 2024 तक, उत्तर प्रदेश के निवेशकों ने टाटा लार्ज कैप फंड और टाटा लार्ज एंड मिडकैप फंड में 62.6 करोड़ रुपये और टाटा स्मॉल कैप फंड में 80.2 करो? रूपए निवेश किए।जनवरी से अप्रैल 2024 तक, उत्तर प्रदेश के निवेशकों ने थीमेटिक या सेक्टरल फंड्स में निवेश को प्राथमिकता दी।

# अमरनाथ यात्रा के लिए 4,600 से अधिक तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर पहुंचा

**भाषा।** श्रीनगर-जम्मू




**वार्षिक** अमरनाथ यात्रा के लिए 4603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को कश्मीर घाटी पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कई स्थानों पर पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रियों को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों के जत्थे का प्रशासन और कश्मीर जाने वाले लोगों ने कुलगाम, अनंतनाग, श्रीनगर और बांदीपुरा जिलों में फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदेरबल में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यह 52 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू होगी और 19 अगस्त को संपन्न होगी। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री 231 हल्के और भारी वाहनों के काफिले के साथ दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड इलाके में नवयुग सुरंग के जरिए घाटी पहुंचे, जहां उनका स्वागत कुलगाम के उपायुक्त (डीसी) अतहर आमिर खान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , नागरिक समाज के सदस्यों, व्यवसायियों, फल उत्पादकों और बाजार संघों ने किया। खान ने संवाददाताओं से कहा, हम उन सभी का स्वागत करते हैं। उनके लिए उचित व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों का काफिला बालटाल और पहलगाम स्थित आधार शिविरों के लिए अलग-अलग रवाना हुआ, जहां से वे शनिवार सुबह दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा तक की कठिन यात्रा करेंगे। पहलगाम जाने वाले तीर्थयात्रियों का अनंतनाग में उपायुक्त सईद फखरुद्दीन हामिद और अन्य अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया, जबकि बालटाल मार्ग से पवित्र गुफा की ओर जाने वाले यात्रियों का श्रीनगर के पंथा चौक पर उपायुक्त बिलाल मोहिउद्दीन भट और स्थानीय लोगों सहित अन्य लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

# भुजबल सांप्रदायिक तनाव भड़का रहे हैं: जरांगे

**भाषा।** जालना

**मराठा आरक्षण** कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के मंत्री और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता छगन भुजबल पर सांप्रदायिक तनाव को उकसाने का आरोप लगाया और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उन पर लगाम लगाने का आग्रह किया। जरांगे ने बीड जिले में अपने पैतृक गांव मटोरी में नारेबाजी और पथराव की घटना के मद्देनजर जालना जिले के महाकाल गांव में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ए बातें कहीं। बृहस्पतिवार रात जब आस-पास के गांवों के लोग ओबीसी आरक्षण आंदोलनकारी लक्ष्मण हेक और नवनाथ वाघमारे की रैली में भाग लेने के लिए मटोरी से गुजर रहे थे, उस दौरान यह घटना हुई। जरांगे ने दावा किया कि भुजबल ने मराठा युवकों पर गलत आरोप लगाने के लिए हमले की साजिश रची थी। उन्होंने कहा, भुजबल ने खुद अपने लोगों से उनके (ओबीसी कार्यकर्ताओं के) वाहनों पर पत्थर फेंकने को कहा और फिर मराठा युवकों पर आरोप लगाया। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री को उन्हें सांप्रदायिक अशांति फैलाने से रोकना चाहिए। जरांगे ने कहा,"पुलिस मराठा युवकों को परेशान कर रही है और उनपर पथराव की घटना में शामिल होने का आरोप लगा रही है। यह अन्याय बंद होना चाहिए। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि इस तरह का लक्षित उत्पीड़न जारी रहा, तो मराठा समुदाय चुप नहीं बैठेगा। जरांगे ने दावा किया कि पहले भी कई मौकों पर भुजबल ने उनके अंतरवाली सराटी गांव में शांति भंग करने की कोशिश की थी, लेकिन उनके ए प्रयास नाकाम कर दिए गए थे। उन्होंने कहा, "भुजबल ने लोगों को भड़काया और सांप्रदायिक दरार पैदा की, लेकिन हमने उनकी इस योजना को विफल कर दिया" जरांगे ने कहा कि ओबीसी कार्यकर्ता हेक और वाघमारे का अनशन सरकार द्वारा प्रायोजित विरोध था।

## सरकार ने सभी हवाई अड्डों की संरचनात्मक मजबूती के निरीक्षण का आदेश दिया

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर छत का हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत और कम से कम छह लोगों के घायल होने के बाद देश के सभी हवाई अड्डों की संरचनात्मक मजबूती की गहन जांच का आदेश दिया है। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे टर्मिनल-। पर हुई इस घटना के बाद टर्मिनल पर परिचालन स्थगित कर दिया गया है और वहां से संचालित होने वाली उड़ानों को टी-2 और टी-3 पर स्थानांतरित कर दिया गया है। मामले से अवगत सूत्रों ने बताया कि इंडिगो और स्पाइसजेट ने टी-। से संचालित होने वाली 100 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्णय भी किया गया कि टी-2 और टी-3 पर यात्रियों के कुशल प्रबंधन के लिए चौबीस घंटे काम करने वाला वॉर रूम स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को सभी छोटे और बड़े हवाई अड्डों को संरचनात्मक मजबूती का गहन निरीक्षण करने के लिए एक परिपत्र जारी करने का निर्देश दिया गया है। अगले 2 से 5 दिन में निरीक्षण पूरे कर मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। बयान में कहा गया है, "निष्कर्षों के आधार पर, सुरक्षा उपायों में वृद्धि की आवश्यकता तथा ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी। आईआईटी दिल्ली के संरचना संबंधी इंजीनियरों को दिल्ली हवाई अड्डे पर हुई घटना का तुरंत आकलन करने के लिए कहा गया है।

## हम बलपूर्वक यथास्थिति बदलने की एकतरफा कार्रवाई का विरोध करते हैं: दक्षिण चीन सागर पर भारत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत ने** शुक्रवार को कहा कि वह दक्षिण चीन सागर में बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कार्वाई का विरोध करता है। भारत ने यह बयान क्षेत्र में फिलीपीन के समुद्री अभियानों के खिलाफ चीन के बढ़ते कदमों को लेकर उपजी चिताओं के बीच दिया है। दक्षिण चीन सागर में कुछ दिन पहले चीन और फिलीपीन के समुद्री सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़प की घटना के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने हमेशा अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन, नियम-आधारित व्यवस्था के सम्मान और शांतिपूर्ण तरीके से विवादों के समाधान पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का यह भी मानना है कि ऐसी कोई घटना या रुख नहीं होना चाहिए जो क्षेत्र को अस्थिर करे। जायसवाल ने भारत के रुख को भी रेखांकित किया कि विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम अस्थिर करने वाली या एकतरफा कार्वाइयों का विरोध करते है।

## डोडा के थाथरी में बादल फटने के बाद आई बाढ़ से घरों में जमा हुआ मलबा

**भद्रवाह-जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के थाथरी बाजार में शुक्रवार को बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई घरों में गाद जमा हो गई और बटोटे-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा में अभी तक किसी के घायल होने या जान गंवाने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि डोडा जिले में सुबह करीब तीन बजे बादल फटने के बाद अचानक बाढ़ आ गई थी।

# महाराष्ट्र के बजट को विपक्ष ने आश्वासनों का पुलिंदा बताया

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र में** विपक्षी दलों ने शुक्रवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उसके आखिरी बजट को लेकर निशाना साधा और इसे आश्वासनों का पुलिंदा बताया। विपक्षी दलों ने कहा कि इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि घोषित योजनाओं के लिए धन कैसे जुटाया जाएगा। वित्त विभाग भी संभाल रहे उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने 20,051 करोड़ रुपए का राजस्व घाटे का बजट पेश किया, जिसमें उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों और समाज के अन्य वर्गों के लिए 80,000 करोड़ रुपए से अधिक के खर्च की घोषणा की। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बजट को आश्वासनों का पुलिंदा और झांसा करार देते हुए कहा कि इसमें समाज के हर वर्ग को कुछ न कुछ देने का दिखावा किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने विधानमंडल परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पात्र महिलाओं को।,500 रुपए मासिक भत्ता देने संबंधी मुख्यमंत्री माझी लडकी बहन योजना विधानसभा चुनाव से पहले महिला मतदाताओं को लुभाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि नौकरियां सृजित करने के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा, बजट आश्वासनों का पुलिंदा है। यह समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का एक फर्जी प्रयास है...। ठाकरे ने कहा कि विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जानी चाहिए जो यह पता लगाए कि पिछले दो वर्षों में महायुति सरकार द्वारा घोषित योजनाओं में से कितनी लागू की गईं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात का कोई उल्लेख नहीं किया गया कि धन कैसे जुटाया जाएगा।


**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 23, शाल टॉवर, तृतीय तल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(ओं) के लिए मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है। ऋण(ओं) को गैर-निष्पादित आस्ति(यों) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, इसे तामील नहीं किया गया है और इसलिए इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और पता (ऋण खाता सं.) | सुरक्षित आस्तियों का विवरण | नोटिस भेजने की तिथि/ नोटिस की तिथि तक बकाया | एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कृष्णा स्टील कॉर्पोरेशन, नरेश कुमार सिंघल, कुसुम सिंघल, 008305011971 प्रोपराईटर द्वारा प्रतिनिधित्व नरेश कुमार सिंघल, प्लॉट नं. 119, रेलवे फाटक के सामने, धर्म कांटा रोड मुजेसर फरीदाबाद - 121005 | संपत्ति क्षेत्रफल 120 वर्ग गज, जोकि खसरा सं. 50//4/1/2 का हिस्सा, विक्रय विलेख 4197 दिनांक 18/07/2011 के द्वारा, मौजा मुजेसर, तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित और संपत्ति क्षेत्रफल 164 वर्ग गज, जोकि प्लॉट सं. 5 के कुल रकबा 341 वर्ग गज का दक्षिणी भाग, जिसका खसरा सं. 43//24/2/1 का हिस्सा, खेवट सं. 52/107, विक्रय विलेख 4289 दिनांक 20.07.2011 के द्वारा, मौजा मुजेसर, तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित. क्षेत्रफल 164 वर्ग गज और आवासीय संपत्ति मकान नं. 114, सेक्टर-21 सी, क्षेत्रफल 300 वर्ग मी., द अर्बन एस्टेट फरीदाबाद, हरियाणा, बिक्री सं. 20301 दिनांक 10.03.2010 के द्वारा | 02/05/2024 रु. 3,85,02,227.00/- | 30-07-2021 |
| 2. | विजय ट्रेडिंग कंपनी, सुनीता यादव, प्रशांत यादव, 629505041387, प्रोपराईटर द्वारा प्रतिनिधित्व प्रशांत यादव, 4425 स्ट्रीट, चौधरी नाहर सिंह गली, पहाड़ी धीरज, सदर बाजार, दिल्ली-110006 | रिहायशी मकान नं. 154/ए, मोहल्ला बसुदेव, तहसील और जिला झांसी, उत्तर प्रदेश | 22/05/2024 रु. 1,01,46,557.00/- | 03-03-2024 |
| 3. | सिकंदराबाद बॉम्बे रोडलाइंस, दीपक चौधरी पुत्र स्वर्गीय श्री ईश्वर सिंह, शारदा पत्नी दीपक चौधरी, शारदा पत्नी दीपक चौधरी, 754605500162 पाटनर्स द्वारा प्रतिनिधित्व दीपक चौधरी और शारदा, एमआईजी 2/1 औद्योगिक क्षेत्र यूपीएसआईडीसी कॉलोनी, सिकंदराबाद बुलंदशहर- 203205 | लीज होल्ड आवासीय संपत्ति प्लॉट नं. एमआईजी -2/1, क्षेत्रफल 199.09 वर्ग मी., उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड द्वारा लीज पर दिया गया जोकि सिकंदराबाद हाउसिंग, गाँव गोपालपुर, सिकंदराबाद तहसील और जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश में स्थित, लीज डीड सं. 9360 दिनांक 21.12.2020 के द्वारा और फ्लैट नं. के-701, फीट (अर्थात 134.71 वर्ग मी.), 7वीं मंजिल, बिना छत के अधिकार के, टावर-के, केडब्ल्यू सृष्टि, गांव नूर नगर, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच- 58, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश बिक्री विलेख 8731 दिनांक 27/06/2022 के द्वारा | 22/05/2024 रु. 2,05,36,463.00/- | 14-04-2024 |
| 4. | मैसर्स पावर सॉल्यूशन, हेमा शर्मा, सुधीर शर्मा, प्रेम लता शर्मा, श्रीमती हेमा शर्मा पत्नी सुधीर शर्मा, सुधीर शर्मा पुत्र तिलक राज शर्मा, 342705500202 और 342755000012 प्रोपराइटर द्वारा प्रतिनिधित्व हेमा शर्मा डॉ. बाल कृष्ण रोड कृष्ण नगर होशियारपुर, पंजाब होशियारपुर-146001 | संपत्ति क्षेत्रफल 10 मरला, खेवट नं. 186/208, 190/212, खसरा नं. 180(6-2), 180/1(0-17) जोकि सुखियाबाद, होशियारपुर, पंजाब में स्थित और संपत्ति क्षेत्रफल 9 मरला 183½ वर्ग फीट, जिसका खेवट नं. 3/4, 5/6, 14/15, खसरा नं. 382(1-2), 3392/383(0-4), 384(0-3), 385(0- 10) प्रेमगढ़, होशियारपुर, पंजाब में स्थित और संपत्ति नं. बी-ii-478/2, क्षेत्रफल 2 मरला 1 सरसई मोहल्ला कृष्णा नगर, तहसील और जिला होशियारपुर, पंजाब में स्थित, संपत्ति खसरा नं. 3998/1449 (4-7), 3997/1447 (23-14), खाता नं. 830/1321-1329 वाकिया रकबा, प्रेमगढ़, होशियारपुर, पंजाब | 09-02-2024 रु. 18678080.00 & 974784.00 | 05-12-2023 |

ये कदम नोटिस की प्रतिस्थापित तामील के लिए उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ता/ओं और/या गारंटरों/ओं (जैसा लागू हो) को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया भुगतान करने की सलाह दी जाती है। अन्यथा, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : जून 29, 2024
स्थानः दिल्ली एनसीआर

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
कृते आई सी आई सी आई बैंक लि.

# जोशीले भारत के सामने दमदार द.अफ्रीका की चुनौती

## टी-20 विश्व कप का खिताबी जंग आज



भाषा। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)

**रोहित शर्मा** की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा। दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी (उस समय इसका नाम आईसीसी नॉक-आउट ट्रॉफी था) में हुई थी। टीम चोकर्स के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे। आईपीएल खिताब को अपनी अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा। गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद भी प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत की टीम का संयोजन कैरेबियाई देशों की पिचों के मुताबिक है। टीम इस मैच में पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में एक लाख दर्शकों के सामने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली एकदिवसीय विश्व कप फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ने के लिए बेकरार है। विश्व कप खिताब जीत चुके एक कप्तान ने गयाना से बारबाडोस की उड़ान के दौरान विमान में पीटीआई-भाषा से कहा, मैं जानता हूं कि आईसीसी फाइनल में भारत के साथ लंबे समय से समस्याएं रही हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका कोई चुनौती पेश कर पाएगा। भारत अब तक टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम रही है और मैन टू मैन के मामले में भी दक्षिण अफ्रीका कमजोर टीम नजर आ रही है। भारत की खिताबी जीत कोच राहुल द्रविड़ के लिए भी एक आदर्श विदाई होगी, जिन्होंने 2007 के कैरेबियाई देशों में खेले गए वनडे विश्व कप में टीम की अगुवाई की थी। इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था।

# टी20 फाइनल रोहित व कोहली का इस प्रारूप का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट का कोई भी प्रशंसक शनिवार को बारबाडोस में टी20 विश्व कप फाइनल के बाद कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली को आंखों की आंसुओं को छुपाते हुए नहीं देखना चाहेगा जैसा की सात महीने और 10 दिन पहले एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल के बाद हुआ था। प्रशंसक निश्चित रूप से चाहेंगे की दोनों महान खिलाड़ियों को खेल के सबसे छोटे प्रारूप में यादगार विदाई मिले। इस बात की काफी संभावना है कि दोनों के लिए भारतीय टीम की जर्सी में यह आखिरी टी20 मैच हो। भारतीय क्रिकेट की समझ रखने वाले लोग मानते है कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अधिकारी और राष्ट्रीय चयनकर्ता रोहित और कोहली और रविंद्र जडेजा की तिकड़ी इस प्रारूप में और मौके नहीं देगी।ऐसे में अगले महीने की जिम्बाब्वे श्रृंखला निश्चित रूप से भारत में 2026 टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए एक नई सुबह की शुरुआत करेगी। किसी भी वैश्विक ट्रॉफी की तैयारी के लिए कोर टीम को कम से कम दो साल पहले अंतिम रूप दिया जाना चाहिए और 2026 में जब भारत टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा।

### द्रविड़ और रोहित ने कोहली का समर्थन किया, कहा फाइनल में बड़ी पारी खेलेंगे

**जॉर्जटाउन (गयाना)।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि यह स्टाइलिश बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में बड़ी पारी खेलेगा। टी20 विश्व कप से पहले आईपीएल में सर्वाधिक 741 रन बनाने वाले कोहली इस टूर्नामेंट में अभी तक सात पारियों में केवल 75 रन बना पाए हैं। द्रविड़ ने सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर 68 रन की जीत के बाद कहा, आपने देखा होगा कि जब विराट थोड़ा जोखिम भरा क्रिकेट खेलते है तो ऐसा हो सकता है कि कुछ अवसरों पर उन्हे सफलता न मिले। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्होंने वास्तव में अच्छा छक्का जड़ा लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और गेंद को थोड़ा ज्यादा मूवमेंट मिल गया। लेकिन जिस तरह से वह खेलते है, वह मुझे पसंद है। द्रविड़ ने कहा, मैं इसमें किसी तरह का मिथक नहीं जोड़ना चाहता हूं लेकिन मुझे उम्मीद है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। मुझे उनका रवैया और समर्पण पसंद है। कप्तान रोहित ने भी उम्मीद जताई कि कोहली फाइनल में बड़ी पारी खेलने सफल रहेंगे।रोहित ने कहा, वह बेहतरीन खिलाड़ी है। कोई भी खिलाड़ी इस तरह के दौर से गुजर सकता है। हम समझते है कि वह कितना कुशल खिलाड़ी है और हम बड़े मैचों में उनके महत्व को समझते है।

## एशियाई जूनियर स्क्वाश: आद्या के सामने फाइनल में गौशिका की चुनौती

नई दिल्ली। दूसरी वरीयता प्राप्त आद्या बुधिया शनिवार को इस्लामाबाद में 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप के अंडर-13 लड़कियों के फाइनल में हमवतन गौशिका एम से भिड़ेंगी। लडकों के अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में शिवेन अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां चौथी वरीयता प्राप्त स्थानीय खिलाड़ी नौमान खान को 5-11, 11-6, 11-9, 11-0 से शिकस्त दी।

## ब्रिंदा और दीपा मलिक को यूके-इंडिया अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया

**लंदन।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पैरालंपियन दीपा मलिक को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले भारतीयों के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह मे विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है।लंदन मे गुरुवार शाम को आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के वार्षिक यूके-इंडिया अवार्ड्स 2024 मे सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए अरुणाचलम मुरुगनाथम ग्लोबल इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## अमेरिकी ओपनः राजावत और मालविका क्वार्टर फाइनल में

फोर्ट वर्थ (अमेरिका)। भारत के प्रियांशु राजावत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम मे हराकर यहां चल रहे अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑरलियन्स मास्टर्स 2023 के विजेता और यहां आठवें वरीय राजावत ने हुआंग पर 21-18 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के चौथी वरीयता प्राप्त लेई लैन शी से होगा। महिला एकल मे सातवी वरीय मालविका बंसोड़ भी अंतिम आठ मे जगह बनाने मे सफल रही। उन्होने चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा को 15-21 21-19 21-14 से हराया। मालविका को अब स्कॉटलैड की तीसरी वरीय क्रिस्टी गिलमोर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। महिला युगल मे राष्ट्रमंडल खेलो की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गई है।

## वीह को रेड कार्ड मिलने के बाद पनामा ने अमेरिका को हराया

अटलांटा। टिम वीह को मैच के शुरू मे ही रेड कार्ड मिलने के कारण 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे अमेरिका को पनामा से1-2 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे पहुंचने की उम्मीदो को करारा झटका लगा है।जोस फजार्डो ने 83वे मिनट मे बैकअप गोलकीपर एथन होर्वाथ को छकाकर पनामा की तरफ से विजई गोल किया। इससे पहले फ्लोरिन बालोगुन ने 22वे मिनट मे अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन सीजर ब्लैकमैन ने 26वे मिनट मे स्कोर बराबर कर दिया।

## उरुग्वे ने बोलिविया को 5-0 से हराया

ईस्ट रदरफोर्ड। डार्विन नुनेज़ ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच मे गोल किया, जिससे उरुग्वे ने गुरुवार रात को बोलिविया को 5-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। फैकुंडो पेलिस्ट्री ने आठवें मिनट मे उरुग्वे को बढ़त दिलाई जबकि नुनेज़ ने 21वे मिनट मे की अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से पिछले सात मैचों मे 10वे और कुल 25 मैचो मे 13वे गोल के साथ इसे दोगुना कर दिया।मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 77वे मिनट मे टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया तथा फेडेरिको वाल्वरडे (81वे मिनट) और रोड्रिगो बेटानकुर (89वे मिनट) ने गोल करके उरुग्वे को बड़ी जीत दिलाई।

# शेफाली की रिकॉर्डतोड़ पारी, मंधाना के शतक से भारत मजबूत

## ● महिला क्रिकेट टेस्ट : दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाए



भाषा। चेन्नई

**युवा** सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रिकॉर्डतोड़ दोहरे शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकार्डों की झड़ी लगा दी जिसमें एक दिन का सर्वोच्च स्कोर शामिल है। शेफाली ने सिर्फ 194 गेंद में 205 रन बनाए और स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाए। शेफाली ने आस्ट्रेलिया की अन्नाबेल सदरलैंड का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फरवरी में 248 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। बीस बरस की शेफाली पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक जमाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गई। मिताली ने अगस्त 2002 में टांटन में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 407 गेंद में 214 रन बनाए थे। भारत ने एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का 89 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा। इंग्लैंड की महिला टीम ने 1935 में क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट पर 431 रन बनाए थे। शेफाली दोहरा शतक जमाने के तुरंत बाद आउट हो गई। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 96 रन था।

### शेफाली वर्मा टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाली महिला बनीं

चेन्नई। भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया की अन्नाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास मे सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बन गई। बीस साल की शेफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। शेफाली भारत की पूर्व कप्तान कप्तान मिताली राज के बाद लगभग 22 वर्षो के लंबे समय अंतराल पर टेस्ट क्रिकेट मे दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय भी बनी। मिताली ने अगस्त 2002 मे टॉटन में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान 407 गेंदो पर 214 रन बनाए थे। शेफाली ने अपनी आक्रामक पारी मे 23 चौके और आठ छक्के जड़े।

उन्होंने डेल्मी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह 197 गेंद मे 205 रन बनाकर रन आउट हुई। शेफाली से दिन के खेल के बाद जब यह पूछा गया कि क्या उन्हे पता था कि महिला टेस्ट मे भारत के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर क्या है तो उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, अगर मुझे पता होता, तो मै और रन बनाने की कोशिश करती। मै हर उस गेंद पर रन बनाना चाहती थी जो मेरी पहुंच मे था।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** शेफाली रन आउट 205, स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर 149, शुभा का जाफ्टा बो डि क्लेर्क 15, जेमिमा का डि क्लेर्क बो टकर 55, हरमनप्रीत नाबाद 42, घोष नाबाद 43, अतिरिक्त : 16 रन , कुल योग : 98 ओवर मे चार विकेट पर 525 रन, **विकेट पतन** :1-292, 2-325, 3-411, 4-450 **गेंदबाजी :** क्लास 14-2-63-0, डेर्कसन 11-0-60- 0, डि क्लेर्क 0-1 -62-1, सेखुखुने 10-0-55-0, एमलाबा 24-1-113-0, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

## एडिलेड टेस्ट की निराशा को भुलाने से वापसी करने में मदद मिली थीः रहाणे

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के 2020-21 के दौरे में भारत की चमत्कारिक वापसी के सूत्रधार रहे अजिंक्य रहाणे ने कहा कि एडिलेड टेस्ट की निराशा से उबरकर एकजुट होने से श्रृंखला में वापसी करने में मदद मिली थी।भारतीय टीम तब एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में 36 रन पर आउट हो गई थी जो उसका टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर भी है। भारत ने इसके बाद शानदार वापसी करके श्रृंखला 2-1 से जीती थी।नियमित कप्तान विराट कोहली के निजी कारणों से स्वदेश लौटने के बाद रहाणे ने टीम की कमान संभाली थी। भारत ने मेलबर्न और ब्रिस्बेन में खेले गए टेस्ट मैच जीते थे और सिडनी टेस्ट को ड्रॉ कराया था।

# भारत को बेखौफ खेलते रहना होगा : गांगुली

भाषा। कोलकाता



**पूर्व कप्तान** सौरव गांगुली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम को बेखौफ खेलकर 11 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की सलाह देते हुए शुक्रवार को कहा कि टीम को इस मुकाम तक लाने में रोहित शर्मा की कप्तानी का अहम योगदान रहा है। भारतीय टीम बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेले जाने वाले मैच में जीत की दावेदार है। टीम के लिए 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेगी।। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, मैं रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। यही जीवन का चक्र है कि जो छह महीने पहले वह मुंबई इंडियंस का कप्तान भी नहीं थे अब उसकी अगुवाई में भारत विश्व कप के फाइनल में खेलेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के इस पूर्व अध्यक्ष ने खुलासा किया कि विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद रोहित इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार नहीं थे। गांगुली ने कहा, रोहित दो विश्व कप फाइनल खेले हैं। यहां अब तक टीम का अभियान अजेय रहा है। यह उनकी नेतृत्व के गुणों को दर्शाता है।

### व्यक्ति विशेष की जगह टीम के लिए विश्व कप जीतना चाहते हैं द्रविड़

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम शनिवार को आईसीसी टी20 विश्व कप फाइनल मैच के लिए ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में शनिवार को जब मैदान पर उतरेगी तो कोच के तौर पर इस टीम के साथ राहुल द्रविड़ का यह आखिरी मैच होगा। द्रविड़ का करार बीते नवंबर में वनडे विश्व कप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी20 विश्व कप तक उन्हे इस जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया था।टी20 विश्व कप के भारतीय प्रसारक ने सोशल मीडिया पर डूइटफोरद्रविड़ (द्रविड़ के लिए करो) का अभियान चलाया है जिस क्रिकेट जगत और प्रशंसकों का समर्थन मिल रहा है लेकिन 51 वर्षीय द्रविड़ इस वैश्विक खिताब को किसी व्यक्ति के लिए नही बल्कि टीम के लिए जीतना चाहते है। द्रविड़ के लिए विश्व कप जीतना कोई व्यक्तिगत गौरव का क्षण नही होगा यह टीम की उपलब्धी होगी। उनके मुताबिक भारत अगर विश्व चैम्पियन बनता है तो यह टीम के प्रयास और रोहित शर्मा की प्रेरणादई कप्तानी का परिणाम होगा। द्रविड ने अपने विचारों को साफ करते हुए कहा स्टार-स्पोर्ट्स से कहा, मै बस अच्छा क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मै इस बात के खिलाफ हू कि टीम को इसे किसी व्यक्ति विशेष के लिए करना चाहिए। मै इसके बारे मे बात नही करना चाहता और न ही इस पर चर्चा करना चाहता हूं। उन्होंने इस मौके पर उस वाक्य का जिक्र किया जिससे उन्हे पिछले कई वर्षो से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा, मै किसी के लिए कुछ करो पर विश्वास नही करता हू। मुझे वह उद्धरण बहुत पसंद है जिसमे कोई व्यक्ति किसी और से पूछ रहा है, आप माउंट एवरेस्ट पर क्यो चढ़ना चाहते है? और वह कहता है मै माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना चाहता हू क्योंकि वह वही (माउंट एवरेस्ट) है।

## गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली



भाषा। बुखारेस्ट (रोमानिया)

**विश्व** चैम्पियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची से कड़े मुकाबले में ड्रा खेला, जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे।अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना अपनी एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया।हॉलैंड के अनीश गिरी इस 350000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में सबसे कम रैंकिंग के खिलाड़ी रोमानिया के डेक बोगदान डैनियल के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें अंक बांटने पड़े। डबल राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में अब जब के सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है।

# नागल को विम्बलडन में मुश्किल ड्रॉ

भाषा। लंदन



**पहली बार** विम्बलडन पुरूष एकल मुख्य ड्रॉ में खेल रहे भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को मुश्किल ड्रॉ मिला है जिसमें पहले दौर में उनका सामना सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच से होगा। दुनिया के 72वें नंबर के खिलाड़ी नागल की राह कठिन होगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर भी इसी ड्रॉ में हैं और तीसरे दौर में उनसे टक्कर हो सकती है। नागल के लिए पहले दौर की बाधा पार करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना रैंकिंग में अपने से 20 पायदान ऊंचे खिलाड़ी से है। वह नागल को चार साल पहले जर्मनी के कोलोन में हरा चुके हैं। नागल अगर पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा और नीदरलैंड के टालोन ग्रीक्सपूर के बीच होने वाले मैच के विजेता से टक्कर हो सकती है। ओलंपिक जा रहे नागल 2018 में पुरूष एकल पहले दौर के क्वालीफायर में पोलैंड के कामिल एम से हार गए थे। नागल ने इस साल आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करके पहले दौर में 31वीं वरीयता प्राप्त कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। उन्होंने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीतकर रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। पुरूष युगल में भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन का सामना फ्रांस के एड्रियन मानारिनो और जियोवान्नि एम पेरिकार्ड से होगा।

# अनन्या, निक्स व मोहक को पहले दिन स्वर्ण

## ● ताइक्वांडो चैंपियनशिप



**लखनऊ।** अनन्या यादव, निक्स राजवंशी, मोहक श्रीवास्तव ने ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 41वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप और 27वीं नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पहले दिन मेजबान उत्तर प्रदेश के लिए स्वर्णिम सफलता हासिल की। पहले दिन खेले गए बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने पहले दिन तीन स्वर्ण व एक रजत पदक जीते। दूसरी ओर पंजाब की खिलाड़ियों ने भी 2 स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा तमिलनाडु, पश्चिम बंगालए जम्मू-कश्मीर आसाम ने भी एक-एक स्वर्ण पदक जीते। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर ताइक्वांडो में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 40 खिलाड़ियों व विभूतियों को हॉल ऑफफेम इंडिया-2024 अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में खेलो का महत्व बहुत बढ़ गया है। खेलो के माध्यम से खिलाड़ी का सर्वांगीण विकास होता है। उद्घाटन समारोह के दौरान भारत में ताइक्वांडो के संस्थापक ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर जगतियानी महासचिव ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफइंडिया ने जानकारी दी कि 27वी नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं का चयन भारतीय ताइक्वांडो टीम में किया जाएगा। भारतीय टीम हांगकांग में आगामी 23 से 27 नवंबर 2024 तक वर्ल्ड ताइक्वांडो पूमसे चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी।

### जूडो यूपी पुलिस को सात पदक



**लखनऊ।** असम में आयोजित 09वीं अखिल भारतीय जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता (महिला/पुरूष) 2024 में कुशल खिलाडी कोटे के अन्तर्गत भर्ती उ.प्र. पुलिस के कुल 7 खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की। इस अवसर पर सुजीत पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी उ.प्र. एवं श्रीमती अपर्णा कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मध्यजोन एवं सचिव उ.प्र. पुलिस स्पोर्ट्स कण्ट्रोल बोर्ड द्वारा खिलाडियों को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। सुनील को जूडो, खुशबू यादव, मधू व ऋषि ने ताईक्वाण्डो व चिंटू ने वुशम में स्वर्ण पद हासिल किया। प्रीती व नितिन ने वुशू में रजत पदक प्राप्त किया। यूपी ने कुल 7 पद लिए। जिसमें 5 स्वर्ण, 2 रजत शामिल है।

## क्विक न्यूज

### ओलंपिक के दावेदार डीपी मनु डोपिंग मामले में निलंबित

पंचकूला (हरियाणा)। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दावेदार माने जा रहे भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिग रोधी एजेंसी (नाडा) ने प्रतिबंधित स्टेरॉयड के सेवन के आरोप में अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि मनु का पॉजीटिव टेस्ट इस साल अप्रैल में इंडियन ग्रां प्री के दौरान लिया गया था। इससे पहले उन्हें नाडा के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने प्रतिस्पर्धाओं से परे रहने के लिए कहा था। एशियाई चैम्पियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना लगभग तय है। वह यहां गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे। लेकिन बाद में जारी की गई सूची से उनका नाम हटा दिया गया।

### एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग में दिखेगा जलवा

**लखनऊ।** एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग पहली बार क्रि एटर आधारित कि केट लीग खेली जाएगी। इस अवसर पर अभिषेक मल्हान,सोनू शर्मा,एल्विश यादव, हर्ष बेनीवाल, मुनव्वर फारुकी, अनुराग द्विवेदी और लीग के संस्थापक, अनिल कुमार और हिमांशु चंदनानी मौजूद थे। इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग में छह टीमों का समावेश होगा और यह लीग अगस्त और सितंबर के महीने में खेली जाएगी। यह बहुत स्पष्ट है कि कंटेंट क्रिएटर्स आज सोशल मीडिया और लोकप्रिय संस्कृति में सबसे संबंधित और प्रिय मनोरंजन व्यक्तित्व हैं। उनके प्रशंसकों ने एक पंथ का दर्जा प्राप्त कर लिया है और सभी क्रिएटर्स को एक मंच पर लाकर एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग लॉन्च करना स्वाभाविक था। ईसीएल भारत की दो सबसे पसंदीदा चीजों, क्रिकेट और इसके कंटेंट क्रिएटर्स के बीच का परिपूर्ण मेल है और क्रिएटर्स के लिए एक ऑफ़लाइन समुदाय बनाने का एक अद्भुत अवसर है। इसमें भारत के विभिन्न उद्योगों जैसे तकनीक, वित्त, इंफोटेनमेंट, शिक्षा, प्रेरणा और आत्म.सहायता, मनोरंजन,व्लॉगर्स, गेमिंग, फैशन और लाइफस्टाइल के लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स शामिल होंगे। मनोरंजन क्रिकेट लीग पूरे देश के कंटेंट प्रेमियों के लिए एक अंतिम अनुभव साबित होगी।

### योग विद्या में उत्कृष्ट कार्य के लिए मालविका बाजपई अंतर्राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित

**लखनऊ।** योग विद्या के प्रसार में विशेष व उत्कृष्ट कार्य के लिए लखनऊ की योगिनी मालविका बाजपेयी को सुकरात सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा नेपाल टूरिज्म बोर्ड के साथ काठमांडू में आयोजित समारोह मे अंतरराष्ट्रीय गौरव सम्मान प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इसी के साथ योगासन बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड काउंसिल की संस्थापक मालविका बाजपेयी को सुकरात यूनिवर्सिटी की ओर से मानद डाक्टरेट की उपाधि भी प्रदान की गई। मालविका बाजपेयी को ये सम्मान देने की विशेष वजह योग विद्या के माध्यम से देश के विभिन्न कोनों में स्वास्थ्य लाभ के प्रति जागरूक करने के साथए युवाओं में विशेष रूप से बच्चों को योग से जोड़ने के लिए नए.नए आयाम लाना है। ालविका बाजपेयी की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाणआनन्देश्वर पाण्डेय व कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी सहित पवन सिंह चौहान एमएलसी ने बधाई दिया।

### बास्केटबाल निर्णायकों की कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउन्डेशन द्वारा 25 से 28 जून तक क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बास्केटबाल निर्णायकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमे कुल 25 निर्णायकों ने प्रतिभाग किया। अभिनव सिंह मुख्य तकनीकी अधिकारी द्वारा सभी निर्णायकों को बास्केटबॉल के नियमों में हुए बदलावों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर संस्थापक आलोक कुमार शुक्ला, सचिव महर्षि दूबेए कोषाध्यक्ष प्रकाश चौबे ने सभी निर्णायकों को टी.शर्ट देकर सम्मानित किया। आलोक दूबे, हर्षित, ऐश्वर्य, आशीष, दिव्यांशी, एकता, योगेश, दृष्टी, सैफ, सिद्धार्थ एसत्यम आदि सभी ने खेल प्रेमियों को यह विश्वास दिलाया कि 3 दिवसीय कार्यशाला में सीखे हुए सभी खेल नियम निर्णायकों के लिए बहुत ही लाभदायक रहे। स्पोर्टस वेल्फेयर फाउन्डेशन के द्वारा जिले एवं प्रदेश में खेलो के विकास हेतु हर संभव प्रयास करेंगें। इस अवसर पर वरिष्ठ राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी मुहम्मद अदनानए वरिष्ठ खिलाड़ी नरेश कुमारए वरिष्ठ कोच संजय भगत आदि मौजूद रहे।

### जिला एक्वेटिक चैंपियनशिप आज से

**लखनऊ।** एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन के सचिव पुनित अग्रवाल ने 29 और 30 जून 2024 को भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र सरोजनी नगरए कानपुर रोड लखनऊ में 34वीं लखनऊ जिला एक्वेटिक चैंपियनशिप.2024 आयोजित करने की घोषणा की। आयु प्रमाण पत्र जमा करना सुबह 7:30 बजे शुरू होगा और कार्यक्रम सुबह 8रू00 बजे से शुरू होंगे। चैंपियनशिप यूपीएसए नियमों के अनुसार लड़कों और लड़कियों के लिए तैराकी स्पर्धाओं में आयोजित की जाएगी। इच्छुक तैराक अपने स्कूलए कॉलेजए संस्थान या क्लब के माध्यम से भाग ले सकते हैं। यहां तक कि स्कूल बंद होने और सभी समूहों की तैराकी को बढ़ावा देने के कारण व्यक्तिगत प्रवेश भी स्वीकार किया जाएगा। तैराक अधिकतम 5 स्पर्धाओं में ही भाग ले सकता है। सभी कार्यक्रम टाइम ट्रायल के रूप में आयोजित किए जाएंगे। तीसरे स्थान तक के विजेताओं को योग्यता प्रमाण पत्र और पदक जारी किए जाएंगे और सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। तैराकों को अयोग्य घोषित करनेए अनुपस्थित रहने या पूरा नहीं करने पर कोई प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा। लखनऊ जिला तैराकी टीम का चयन इसी जिला चैंपियनशिप से किया जाएगा। चयनित तैराक 13 जुलाई से 16 जुलाईए 2024 तक क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में आयोजित होने वाली सब जूनियर और जूनियर राज्य तैराकी चैंपियनशिप में भाग ले सकते हैं।

### विराट,धोनी व केएल के बालों से प्रभावित हैं युवा

**मुंबई।** क्रिकेट और बॉलीवुड दो ऐसे शक्तिशाली स्तंभ हैं जिन्होंने भारतीयों को काफी प्रभावित किया है और लोगों के बीच कई ट्रेंड बनाए हैं। भारतीय दर्शक अपने चहेते क्रिकेट खिलाड़ियों के लेटेस्ट कपड़ों और हेयरस्टाइल्स से बड़ी जल्दी प्रेरित हो जाते हैं। मशहूर क्रिकेटर्स और एक्टर्स के सेलेब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हाकिम ने कुछस्टाइलिश हेयरस्टाइल्स के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने सेटवेट से बाल संवारने के टिप्स दिए। विराट कोहली का फेडेड फॉक्स हेयरस्टाइलः अपनी अलग तरह की हेयरस्टाइल के लिए मशहूर विराट कोहली भारतीय युवाओं के बीच सबसे बड़े ट्रेंडसेटर हैं। उनकी ही तरह परफेक्ट फॉक्स हॉक हेयरस्टाइल पाने के लिए आप क्ले वैक्स की मदद ले सकते हैं, जिससे आपको मिलेगा एक शानदार मैट लुक। थोड़ी सी वैक्स लें और दोनों हथेलियों के बीच रगड़ें जब तक यह कलरलेस न हो जाए। इसे अपने बालों में समान रूप से लगाएं और अपनी मनचाही स्टाइल बनाएं। केएल राहुल के साइड क्विफक्विफ हेयरस्टाइल किसी भी मौके पर फबता है। इस लुक के लिए थोड़ी मात्रा में हेयर जैल लें और उसे अपनी हथेलियों के बीच मलें। अब इस जैल को बालों के पिछले हिस्से से आगे तक लगाएंए फिर धीरे.धीरे अपनी उंगलियों से क्विफको ऊपर की दिशा में मोड़ते जाएं। ज्यादा मुलायम बेहतर फिनिश के लिए प्राकृतिक तत्वों से बने जैल का चुनाव करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।